ख़बरों के 69 साल, ख़बरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें : jabdesh1@yahoo.com



ईद मुबारक

# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 07 जून 2025 । वर्ष – 69 । अंक – 202 पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ धरती का ख्याल रखना .. ■ मौजूदा संकट पर .. 04
■ जिस पाक को आतंकी पनाहगाह कहते रहे... ■ चीन ने इलवाई मस्क-ट्रंप के बीच फूट ? ... 09
■ भारत एफटीए को गति देने के लिए प्रतिबद्ध ... ■ केन्द्र की एमएसपी पर गेहूं खरीद तीन वर्ष ... 11
■ नार्वे शतरंज में ... ■ बतौर कप्तान में .. 10

## सार संक्षेप

### कोरोना के मामलों की संख्या 5 हजार के पार

– पिछले 24 घंटे में 500 नए मामले आए
– 20 दिन में कोरोना केस 93 से 5364 हुए

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, पिछले 20 दिन में केसों की संख्या में 58 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 16 मई को देशभर में कोविड के 93 एक्टिव केस थे, जिनकी संख्या अब 5364 पहुंच गई है। कोरोना 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैल गया है। बीते 24 घंटे में 500 नए मामले सामने आए हैं।

**केरल में सबसे ज्यादा 1679 मामले–** केरल में सबसे ज्यादा 1679 मामले हैं। इसके बाद गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596, दिल्ली में 592 और महाराष्ट्र में 548 एक्टिव केस हैं। कोरोना के नए वैरिएंट्स से जनवरी से अब तक 55 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 53 की मौत 15 दिनों में हुई हैं। गुरुवार को दिल्ली में कोविड से दो और मौतें दर्ज की गईं। इनमें एक पांच महीने का बच्चा भी शामिल है। वहीं, केरल में 2, कर्नाटक और पंजाब में 1–1 मौत हुई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 17 मरीजों ने जान गंवाई है।

**ओडिशा के स्कूलों में मास्क अनिवार्य–** ओडिशा में गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल कोविड गाइडलाइन के तहत खोले गए हैं। जिन बच्चों को सर्दी, खांसी या बुखार जैसे हल्के लक्षण हैं, उन्हें स्कूल में मास्क पहनना अनिवार्य है। गंभीर लक्षण वाले बच्चों को घर पर ही रहकर आइसोलेट होने की सलाह दी गई है।

### 26/11 के मास्टरमाइंड तहव्वुर की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। राणा की अगली कोर्ट पेशी 9 जुलाई को होनी है। इसका अर्थ है कि तहव्वुर राणा को अब 9 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहना होगा। शुक्रवार को सुरक्षा कारणों से उसे वर्चुअल मोड के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। राणा के वकील ने उसके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई। दलीलों पर गौर करते हुए कोर्ट ने तिहाड़ के अधिकारियों को 9 जून तक मामले पर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिराट कबाट

**चूहा-सुनुती हो**-आरबीआई ने रेपो रेट घटाकर आम आदमी को कुछ राहत दी है।
**चुहिया- हां पिये**-महंगाई के थप्पड़ों के बीच इसे हल्की पीठ सहलाना कहेंगे।

## आम आदमी को राहत

# रेपो रेट 0.50 प्रतिशत घटाया

*नई दिल्ली, देशबन्धु। देश में महंगाई के स्थिर रुख को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने मोनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक के बाद रेपो रेट को 0.50 प्रतिशत घटा दिया है। मानसून सीजन की शुरुआत से ठीक पहले हुई एमपीसी की इस बैठक में रेपो रेट को लगातार तीसरी बार घटाने का फैसला किया गया। ये अब 5.5 प्रतिशत पर आ गई है। आम आदमी के लिए ये एक बड़ी राहत होने वाली है क्योंकि इससे उसके होम लोन से लेकर कार लोन तक की ईएमआई कम होने की उम्मीद बढ़ गई है।*



◆ ग्रोथ बढ़ेगी, महंगाई घटेगी
◆ देश में रिटेल महंगाई के अनुमान को घटाकर 3.7 कर दिया गया

आरबीआई ने 2025 की शुरुआत से ही रेपो रेट में लगातार कमी करना जारी रखा है। इससे पहले फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान भी रेपो रेट में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी और इसे 6.50 प्रतिशत से 6 प्रतिशत पर लाया गया था। इस बार की मौद्रिक नीति समीक्षा में केंद्रीय बैंक ने अपने रुख को भी 'एकोमॉडेटिव' से बदलकर 'न्यूट्रल' कर दिया है।

इसी के साथ आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बनी संघर्ष की स्थिति का देश की आर्थिक गतिविधियों पर नाम मात्र का प्रभाव पड़ा है। भारत अपने 2047 तक के विकसित भारत के लक्ष्य पर अडिगता से आगे बढ़ रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि देश में महंगाई का स्तर लगातार 4 प्रतिशत से नीचे बना हुआ है। वहीं देश की जीडीपी ग्रोथ भी बेहतर स्थिति में है। इसके अलावा भारत में राजनीतिक स्थिरता भी कायम है। इसलिए एमपीसी के पास मौद्रिक नीति को उदार बनाने का पर्याप्त स्कोप था और इसी को देखते हुए रेपो रेट को कम करने का फैसला किया गया है। केंद्रीय बैंक का >>शेष पृष्ठ 2 पर

### सस्ती होगी लोन की ईएमआई


भारतीय रिजर्व बैंक जिस ब्याज दर पर देश के बाकी बैंकों को नकदी उपलब्ध कराता है, उसे ही रेपो रेट कहा जाता है। अगर रेपो रेट में कमी होती है, तो बैंकों की पूंजी की लागत घटती है और इस वजह से बैंकों का लोन सस्ता होता है। बैंक इसका फायदा ग्राहकों को लोन की ईएमआई, ब्याज या टेन्योर में कमी करके पहुंचाते हैं। आरबीआई के नियमानुसार बैंकों को अपने सभी रिटेल लोन की ब्याज दरों को रेपो रेट से लिंक करना होता है। इसकी वजह से रेपो रेट में कमी आते ही बैंकों पर ब्याज दरों में कटौती की जिम्मेदारी आ जाती है।

# दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल पर प्रधानमंत्री ने फहराया तिरंगा

**जम्मू–कश्मीर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चिनाब रेलवे ब्रिज का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का मुआयना किया। यह ब्रिज जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में चिनाब नदी के ऊपर बनाया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चिनाब रेलवे ब्रिज का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का मुआयना किया। यह ब्रिज जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में चिनाब नदी के ऊपर बनाया गया है। इसके बाद पीएम मोदी ने अंजी ब्रिज का भी उद्घाटन किया। अंजी ब्रिज, भारत का पहला केबल रेल ब्रिज है। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई, जो घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली पहली ट्रेन है। प्रधानमंत्री ने कटरा रेलवे स्टेशन पर कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले ट्रेन के यात्रियों और चालक दल के सदस्यों से बातचीत की।

**व्यू प्वॉइंट पर पहुंचे** – इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी चिनाब नदी पर बने विश्व के सबसे >>शेष पृष्ठ 2 पर



### कश्मीर की 'वंदे भारत' को दिखाई हरी झंडी

#### भूकंप और विस्फोट झेल सकता है ब्रिज

*चिनाब ब्रिज ऊंचाई इतनी अधिक है कि यह एफिल टावर से भी ऊंचा है। इस ब्रिज को इंजीनियरिंग की एक मिसाल माना जा रहा है। इसे इस तरह से बनाया गया है कि यह 8 रिक्टर स्केल तक के भूकंप और 40 किलो विस्फोटक को झेल सकता है।*



### पाक गोलीबारी के शिकारों को मदद का ऐलान

*प्रधानमंत्री ने जम्मू के कटरा में आयोजित जनसभा में ऐलान किया कि पाकिस्तान की ओर से हाल ही में की गई गोलाबारी में जिन घरों को ज्यादा नुकसान हुआ है उन्हें 2 लाख और जिन घरों को आंशिक नुकसान हुआ है उन्हें 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।*





## गुरू ही जीवन की दिशा तय करते है : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार को लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि लोकमान्य तिलक विद्यालय परिसर में भविष्य के विकास का संकल्प निर्मित हुआ है। ये परिसर राष्ट्रवादी विचारों का जीवंत केंद्र है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों में कुलपति के स्थान पर कुलगुरु संबोधित किए जाने पर कहा कि गुरु शब्द अंधेरे से प्रकाश को जोड़ता है। माता-पिता के बाद गुरु ही जीवन की दिशा तय करते हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लोटी स्कूल से जुड़े अपने विद्यार्थी परिषद के समय के अनुभव भी साझा किए।

### मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किये

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में 10वीं में टॉपर 3 छात्र, छात्राओं एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता मल्लखम्ब खेल में मैडल हासिल करने वाले 4 खिलाड़ी छात्र, छात्राओं का सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ट्रंप के दबाव में हुए थे नरेंदर सरेंडर : राहुल

**पटना।** बिहार दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में आकर पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम (सीजफायर) पर सहमति जताई। राजगीर में आयोजित 'संविधान संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप ने 11 बार सार्वजनिक रूप से दावा किया है कि उन्होंने पीएम मोदी से संघर्षविराम करवाया। पीएम मोदी ने एक बार भी इस दावे का खंडन नहीं किया। अगर ट्रंप झूठ बोल रहे थे, तो पीएम मोदी ने उन्हें झूठा क्यों नहीं कहा? क्योंकि ट्रंप सच बोल



रहे हैं। मुझे पहले से पता था कि पीएम मोदी दबाव में झुक जाएंगे, यह उनकी आदत है।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक रणनीतिक कदम उठाते हुए, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को गया जिले के दशरथ नगर गांव का दौरा किया।

### मीठी नदी सफाई घोटाला : डिनो मोरिया के आवास पर ईडी की रेड

**मुंबई।** करोड़ों रुपयों के गबन से संबंधित मीठी नदी सफाई घोटाला मामले में फंसे अभिनेता डिनो मोरिया की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने मुंबई स्थित उनके आवास पर शुक्रवार को छापेमारी की। जानकारी के अनुसार, डिनो मोरिया के अलावा बीएमसी के सहायक अभियंता प्रशांत रामुगडे समेत अन्य के ठिकानों पर भी ईडी ने छापेमारी की है। मामले में अभिनेता 28 मई को ईओडब्ल्यू जांच अधिकारियों के सामने पेश हुए थे। ईओडब्ल्यू के जांच अधिकारियों ने उनके आवास से कई दस्तावेज और अन्य सामग्री जब्त की है।

### वायु सेना के हेलीकॉप्टर की सहारनपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में शुक्रवार को तकनीकी खराबी के कारण सेना के 'अपाचे' हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सहारनपुर के चिलकाना थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर को खेत में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। वायुसेना का एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर (एएच-64ई) की यमुना नदी के किनारे चिलकाना थाना क्षेत्र के जोधेबांस गांव के पास एक खेत में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी इजाजत

# 3 अगस्त को होगी नीट पीजी परीक्षा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** नीट पीजी परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बड़ा घटनाक्रम हुआ है। अदालत के अब आदेश के मुताबिक 3 अगस्त को सिंगल शिफ्ट में नीट पीजी 2025 की परीक्षा आयोजित होगी। सुप्रीम कोर्ट ने एनबीई के आवेदन को मंजूर कर लिया है। आज की सुनवाई के दौरान वकील ने कहा कि सिंगल शिफ्ट में परीक्षा कराने की वजह से तिथि को आगे बढ़ाना पड़ रहा है। यही मांग हमने आवेदन में की है।

### एक ही शिफ्ट में होगी परीक्षा

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपको इतना समय क्यों लग रहा है? इस पर एनबीई के वकील ने कुछ बातें कहीं। फिर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये बहुत ज्यादा समय है। पूरी प्रक्रिया में देरी हो रही है एनबीई ने कहा कि कुल 2 लाख 50 हजार के करीब उम्मीदवार हैं। लगभग 450 केंद्र थे। चूंकि हमें एक ही शिफ्ट में परीक्षा आयोजित करनी है, इसलिए हमें कम से कम 500 केंद्रों की आवश्यकता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने पूछे तल्ख सवाल–** केंद्रों की पहचान करने, सुरक्षा उपायों की व्यवस्था करने और छात्रों को परीक्षा केंद्र चुनने की अनुमति देने में समय लगेगा। इस पर जस्टिस पीके मिश्रा ने कहा लेकिन आपको 3 अगस्त तक का समय चाहिए? इतना समय क्यों? वहीं, जस्टिस मसीह ने कहा कि आपने प्रक्रिया शुरू भी नहीं की है। जबकि आदेश 30 मई को पारित हुआ था। उसके बाद आपने क्या किया? इससे देरी हो रही है। आपको दो महीने क्यों चाहिए? इस परएनबीई ने कहा कि- हमें केंद्रों की संख्या दोगुनी करनी होगी। फिर हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि केंद्र सुरक्षित हों, इसमें समय लगेगा।









## विवाद | बढ़ती जा रही ट्रंप और मस्क के बीच की खाई


# समय आ गया है बड़ा बम फोड़ने का : मस्क

**नई दिल्ली/वाशिंगटन, देशबन्धु।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति और टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर नया बम फोड़ा है, जिसके बाद दोनों के बीच की दुश्मनी अब और गहरी दिखने लगी है। बयानबाजी इस हद तक बढ़ गई है कि ट्रंप के गहरे दोस्त रहे मस्क ने ट्रंप के खिलाफ महा-अभियोग और नई पार्टी बनाए जाने की बात भी कही है।

अमेरिका के पूर्व सरकारी दक्षता प्रमुख एलन मस्क ने ट्रंप को लेकर सनसनीखेज दावा किया है और उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि ट्रंप का नाम एपस्टीन से जुड़ी गोपनीय फाइलों में मौजूद है और इस वजह से फाइलें सार्वजनिक नहीं की जा रही है।

**एलन मस्क का पोस्ट–** मस्क ने लिखा, अब समय आ गया है एक बड़ा





### महा-अभियोग और नई पार्टी तक पहुंची बयानबाजी

बम फोड़ने का, एक बड़ा खुलासा करने का...डोनाल्ड ट्रंप एपस्टीन फाइलों में शामिल हैं। यही वजह है कि ये फाइल अभी तक सामने नहीं आई है। इस बात को याद रखिए, भविष्य में सच्चाई खुद सामने आ जाएगी। दरअसल, एपस्टीन फाइल एक अमीर कारोबारी से जुड़ा है, जिस पर 2019 में यौन तस्करी और नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण के गंभीर आरोप लगे थे। एपस्टीन के मामले की परतें उस वक्त खुली जब वर्जीनिया गिफ्रे नाम की महिला ने सामने आकर कई खुलासे किए।

गिफ्रे ने खुलासा करते हुए बताया था कि एपस्टीन और उसकी सहयोगी घिसलीन मैक्सवेल ने उन्हें साल 1999 से लेकर 2002 के बीच कई लोगों के पास भेजा था। इन नामों में ब्रिटेन के प्रिंस और मॉडलिंग एजेंट जीन-ल्यूक ब्रुनेल शामिल थे। गिफ्रे का हाल ही में निधान हो गया।

**2019 में गिरफ्तार हुआ था एपस्टीन–** 2019 में एपस्टीन को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन जेल में ही उसकी मौत हो >>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में अपने सैटेलाइट इंटरनेट सेवा की शुरुआत करने को मंजूरी दे दी है। दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि स्टारलिंक तीसरी कंपनी है, जिसे यह अनुमति मिली। इससे पहले यूटेलसैट वनवेब और रिलायंस जियो को मंजूरी दी गई थी। स्टारलिंक को तीसरे सैटेलाइट इंटरनेट प्रोवाइडर के रूप में लाइसेंस दिया गया है। लाइसेंस के बाद स्पेक्ट्रम आवंटन होगा, जिससे सैटेलाइट टेलीकॉम सेवाएं तेजी से शुरू होंगी।

## भारत के शुभांशु शुक्ला की स्पेस यात्रा में बाधा बनेगा मस्क-ट्रंप का झगड़ा? स्पेसक्राफ्ट बंद करने की धमकी



**नई दिल्ली।** एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई तीखी बयानबाजी ने वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष अभियानों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। मस्क ने घोषणा की है कि उनकी कंपनी स्पेसएक्स अब ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को तत्काल प्रभाव से बंद करने जा रही है। यह बयान उस समय आया जब ट्रंप ने मस्क के सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स को रद्द करने की धमकी दी थी। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या मस्क के फैसला का असर एक्सिओम स्पेस का मिशन पर भी पड़ेगा? यही वह मिशन है जिसके जरिए भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाया जाएगा।

पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब मस्क ने ट्रंप प्रशासन द्वारा पेश किए गए एक प्रमुख खर्च विधेयक की सार्वजनिक रूप से आलोचना करते हुए उसे एक यानी 'घृणित' कदम बताया। इसके जवाब में ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि एलन मस्क की सरकारी डील्स को खत्म कर देने से अमेरिका अरबों डॉलर बचा सकता है और पूछा कि यह कदम अब तक क्यों नहीं उठाया गया।

मस्क ने इस पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति द्वारा मेरे सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स को रद्द करने की बात के बाद, स्पेसएक्स अब ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को डिकमीशन करना शुरू करेगा। यह स्पष्ट नहीं है कि मस्क की धमकी कितनी असरदार साबित होगी, लेकिन सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स की मदद से विकसित कैप्सूल, अंतरिक्ष स्टेशन के कामकाज को सुचारू रखने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट खासकर 'क्रू ड्रैगन' नासा के लिए बेहद अहम है, क्योंकि इसी से अंतरिक्ष यात्रियों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक भेजा जाता है। खास बात ये है कि इसी यान के जरिए भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 10 जून को आईएसएस की यात्रा पर जाने वाले हैं, जो एक्सिओम स्पेस के-4 मिशन का हिस्सा हैं। यह मिशन पहले 29 मई को निर्धारित था लेकिन दो बार टल कर अब 10 जून की संभावित तारीख पर पहुंचा है।

अगर ड्रैगन यान को वाकई में बंद कर दिया जाता, तो इसका असर न सिर्फ,×-4 जैसे वैज्ञानिक अभियानों पर पड़ता बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्पेस प्रोग्राम्स की रणनीतिक और वैज्ञानिक स्थिरता पर भी खतरा मंडराने लगता। इससे रूस का सोयुज यान ही एकमात्र विकल्प बचता, जिससे क्रू रोटेशन और अंतरराष्ट्रीय पहुंच में भारी कमी आती।

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला भारत के दूसरे और ङ्कस्स्* पर जाने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री होंगे, इस मिशन के जरिए भारत-अमेरिका के अंतरिक्ष सहयोग में एक नया अध्याय जोड़ेंगे। मौजूदा समय में सभी क्रू मेंबर प्रोटोकॉल के तहत क्वारंटीन में हैं, और ड्रैगन यान भी केनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड पर पहुंच चुका है। इस पूरे विवाद के बीच नासा के एक अधिकारी ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि ट्रंप प्रशासन द्वारा प्रस्तावित बजट कटौती से वे जूझ रहे हैं और इससे निजी मिशनों के आकार में कटौती संभव है।

## भारत में बनेगी राफाल की मेन बॉडी

**नई दिल्ली।** फ्रांस की दासो एविएशन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के बीच एक करार हुआ है जिसके तहत राफाल की मेन बॉडी भारत में बनेगी।फ्रांस की दासो एविएशन और भारत की टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने राफाल लड़ाकू विमान के मेन बॉडी (फ्यूजलाज) का निर्माण भारत में करने पर सहमति जताई है।दोनों कंपनियों ने गुरुवार को कहा कि यह पहली बार होगा जब इसका उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा।भारत-पाक ड्रोन युद्ध के बाद एशिया में हथियारों की नई होड़हैदराबाद में प्रोडक्शन यूनिटदोनों कंपनियों ने राफाल के ढांचे के निर्माण के लिए भारत में चार प्रोडक्शन ट्रांसफर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं(



यह साझेदारी भारत को ग्लोबल एयरोस्पेस सप्लाई चेन में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश भारत घरेलू उत्पादन बढ़ाने और रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने पर विचार कर रहा है, जो मार्च के अंत तक वित्त वर्ष में 12 प्रतिशत से बढ़कर 2।76 अरब डॉलर हो गया।कंपनियों ने एक बयान में कहा कि समझौते के तहत टाटा दक्षिणी शहर हैदराबाद में राफाल के प्रमुख संरचनात्मक भागों के निर्माण के लिए एक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी।कंपनियों ने कहा कि हैदराबाद असेंबली लाइन से वित्त वर्ष 2028 में फ्यूजलाज के पहले सेक्शन निकलने की उम्मीद है और इस इकाई से प्रति माह दो पूरे फ्यूजलाज तैयार होने की उम्मीद है।इस समझौते के तहत पहली बार राफाल फ्यूजलाज का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा बयान में यह नहीं बताया गया कि सौदा कितना महंगा है और न ही यह बताया गया कि तैयार उत्पाद घरेलू उपयोग के लिए होंगे या निर्यात के लिए, लेकिन टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने एक्स पर कहा कि मेन बॉडी भारत और अन्य वैश्विक बाजारों के लिए होगा।अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट- भारत के लिए पाकिस्तान से ज्यादा बड़ा खतरा चीनभारत के पास अभी 36 राफालभारतीय वायुसेना वर्तमान में 36 राफाल लड़ाकू विमानों का संचालन करती है।अप्रैल में भारत ने भारतीय नौसेना की मारक क्षमता को बढ़ाने के लिए 26 राफेल-मरीन लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए फ्रांस के साथ लगभग 64,000 करोड़ रुपये के अंतर-सरकारी समझौते (आईजीए) पर हस्ताक्षर किया था।जिनकी डिलीवरी 2030 तक होने की उम्मीद है।सेना का आधुनिकीकरण दक्षिण एशियाई देश अपनी सेना का आधुनिकीकरण करना चाहता है और घरेलू हथियारों के उत्पादन को बढ़ावा देना चाहता है, खासकर पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन के खिलाफ अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए।मई महीने में पाकिस्तान के साथ चार दिनों तक चली भीषण झड़पों में भारत ने लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया था।मई में हुई लड़ाई, जो इस सदी में दोनों पड़ोसियों के बीच सबसे भीषण थी, 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद हुई थी, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, हमले में मारे गए ज्यादातर लोग पर्यटक थे।दिल्ली ने इस हमले के लिए इस्लामाबाद द्वारा समर्थित आतंकवादियों को दोषी ठहराया, जिसने आरोप से इनकार किया।भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बदला लेने की कसम खाई और दिल्ली ने 7 मई को पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया।


फौती

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं./294/अ-6/2025-26

### आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अकीला बेगम स्व. मो. कौसर कुरैशी नि. 614 लोकमान्य तिलक वार्ड मुमताज बिल्डिंग के पास ने नजूल ब्लॉक नं. 87 प्लाट नं. 290/2 निर्मित रकवा/रकवा 2650 व.फु./अवि. हिस्सा... व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/दानपत्र/वारसान हक/ दिनांक... मृत्यु दिनांक 12/9/2023 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डासवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लॉक नं. 87 प्लाट नं. 290/2 निर्मित रकवा/रकवा 2650 व.फु./अवि. हिस्सा... व.फु. हे./ग्राम भरतीपुर प.ह.नं. 29 खसरा नं.... रकवा 2650 व.फु/हे. मोहम्मद कौसर अब्दुल कादिर पिता स्व. अब्दुल हई अब्दुल हमीद पिता अब्दुल रमजान उर्फ कल्लू मिया वगैरा के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 19/06/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 03/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 03/06/2025
पेशी दिनांक 19/06/2025

तहसीलदार
र.नं. 707 रांझी, जबलपुर

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारगण रितु चौरसिया पति राकेश चौरसिया एवं कल्पना चौरसिया पति विजय चौरसिया दोनों पता 560/2, काकरिया तलैया, गुप्तेश्वर जबलपुर के द्वारा मौजा जिलहरी नं.बं. 256, प.ह.नं. 8/45, नया गोरखपुर र.नि.मं. ग्वारीघाट, कृषि/डायवर्सन भूमि ख.नं. 35/2 रकवा 0.304 हे. भूमि में से प्लाट नं. ए-8 एवं ए-9 विक्रय रकवा 1640 विक्रेतागण मे. राम राजासरकार द्वारा पार्टनर अजय कुमार मिश्रा एवं अभिषेक तिवारी दोनों पता- दुकान नं. 1 पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास, झण्डा चौक ग्वारीघाट, जबलपुर से क्रय करने का सौदा किया है जिसका बैनामा पंजीयन शीघ्र अतिशीघ्र होना है, यदि उक्त सौदा में किसी व्यक्ति संस्थान को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर मय दस्तावेज साकिन मुझसे या मेरे पक्षकार से संपर्क करें, बाद अवधि उक्त आपत्ति अमान्य होगी।

अखिलेश तिवारी, एडवोकेट
मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय
जबलपुर (म.प्र.)
निवासञ म.नं. 177 उत्तर मिलौनीगंज
जिला- जबलपुर (म.प्र.)


## पहले कोविड, अब एचएमपी वायरस, चीन से दुनिया में कितने वायरस फैले, कितनी मौते हुईं?

चीन से फैल रहे वायरस एचएमपीवी के बारे में बताया जाता है कि इसके लक्षण किसी हद तक सामान्य सर्दी जुकाम जैसे होते हैं।

पांच साल पहले चीन के वुहान से दुनिया भर में फैले कोविड-19 वायरस की तबाही लोग अभी भूले नहीं हैं। पूरी दुनिया को घर में रहने के लिए मजबूर करने वाले इस वायरस के कारण आधिकारिक रूप से 71 लाख से डेढ़ करोड़ लोगों की मौत हुई थी और महीनों दुनिया भर में जनजीवन ठप पड़ा था। अब एक और वायरस फैल रहा है, जिसका नाम है ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस इसने भारत समेत पांच देशों में दस्तक दे दी है।

आइए जान लेते हैं कि चीन से दुनिया में अब तक कितने वायरस फैले और ये कितने खतरनाक थे? इनके कारण कितने लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी?

## पाकिस्तान- बलूचिस्तान में आईईडी ब्लास्ट कर सेना की गाड़ी उड़ाई

# 10 सैनिकों की मौत

### कई गंभीर रूप से घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिसमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान झेलना पड़ा। एक शक्तिशाली आईडीविस्फोट में सेना की गश्ती गाड़ी को निशाना बनाया गया, जिसमें मौके पर ही 10 सैनिकों की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब सेना का एक दल नियमित गश्त पर था। जैसे ही उनका वाहन एक सुनसान इलाके से गुजर रहा था, वहां पहले से बिछाए गए आईईडी में विस्फोट हो गया। धमाका इतना जबरदस्त था कि सेना की गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और जवानों को संभलने तक का मौका नहीं मिला।

हमले के बाद इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। सेना और अर्द्धसैनिक बलों ने आसपास के क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। हालांकि, अभी तक किसी भी आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बलूचिस्तान में लंबे समय से अलगाववाद और आतंकवाद की समस्या बनी हुई है। यहां पाकिस्तान सेना और पुलिस पर लगातार हमले होते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में आईईडी हमलों की संख्या में भी तेजी आई है।

यह हमला पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े कर रहा है। बार-बार होने वाले आतंकी हमलों के बावजूद सरकार और सेना हालात पर नियंत्रण पाने में विफल दिखाई दे रही है।

## पूर्वोत्तर में मृतकों की संख्या 48 हुई

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति में गुरुवार को मामूली सुधार हुआ, जबकि अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में स्थिति में ज्यादा सुधार देखा गया। असम में दो और मौतों के साथ, सिक्किम को छोड़कर क्षेत्र के सात राज्यों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गई। विभिन्न पूर्वोत्तर राज्यों के आपदा प्रबंधन अधिकारियों के अनुसार, 29 मई से जारी बारिश और बाढ़ के दौरान हुई 48 मौतों में से कम से कम 21 लोगों की मौत असम में हुई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**रेपो रेट.....** कहना है कि रेपो रेट के नीचे आने से सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ेगी। ये बाजार में खपत बढ़ाने और डोमेस्टिक ग्रोथ को बढ़ाने में मदद करेगा। जब वैश्विक हालात लगातार अस्थिर बने हुए हैं, तब डोमेस्टिक ग्रोथ पर फोकस करना सबसे अनिवार्य है। इसी के साथ आरबीआई ने 2025-26 के लिए जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। वहीं देश में रिटेल महंगाई के अनुमान को घटाकर 3.7 कर दिया गया है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि एमपीसी का मौजूदा निर्णय देश में प्राइस स्टेबिलिटी को ध्यान में रखते हुए डोमेस्टिक ग्रोथ को बढ़ाने की दृष्टि से लिया गया है। वैश्विक हालात अस्थिर होने के बावजूद भारत में लगातार निवेश हो रहा है। एफडीआई के मामले में भारत अभी भी सबसे पसंदीदा जगहों में से एक है।

**दुनिया के सबसे .....** ऊंचे रेलवे पुल के निकट स्थित 'व्यू प्वाइंट' पर पहुंचे और उन्हें इस परियोजना के बारे में जानकारी दी गई जो कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से रेल द्वारा जोड़ने के लिए अहम है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्रियों अश्विनी वैष्णव, जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ प्रतिष्ठित पुल के पास स्थापित रेलवे संग्रहालय का दौरा किया। प्रधानमंत्री 'व्यू प्वाइंट' तक गए और उन्हें नदी से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इंजीनियरिंग के उत्कृष्ट नमूने के तौर पर चिनाब पुल के बारे में जानकारी दी गई। यह पुल पेरिस स्थित एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। **इंजीनियरों-श्रमिकों से की बातचीत-** प्रधानमंत्री को संग्रहालय में इंजीनियरों और श्रमिकों के साथ बातचीत करते भी देखा गया। यह संग्रहालय रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे मेहराब वाले रेलवे पुल का हिस्सा है। बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने चिनाब रेलवे पुल और अंजी नदी पर भारत के पहले 'केबल-स्टेड' रेलवे पुल का उद्घाटन किया। **ऐतिहासिक है यह वंदे भारत-** प्रधानमंत्री के उद्घाटन के साथ शनिवार सात जून से इन दोनों वंदे भारत ट्रेनों की वाणिज्य की यात्राएं शुरू हो जाएंगी। श्रीनगर और श्री वैष्णो देवी कटरा के बीच का सभी शुल्कों सहित किराया चेयर कार श्रेणी में 715 रुपए और एग्जीक्यूटिव क्लास में 1320 रुपए निर्धारित किया गया है। इन दोनों ट्रेनों के चलने से देश के विभिन्न हिस्सों से कटरा पहुंचने वाले पर्यटकों और रेलयात्रियों को कश्मीर पहुंचने में आसानी होगी। उनकी सात घंटे की सड़क मार्ग की यात्रा अब तीन घंटे में पूरी होगी।

**समय आ गया....** गई थी। एपस्टीन की मौत को आधिकारिक तौर पर आत्महत्या बताया गया था। उस पर यह भी आरोप था कि उसने 2002 से लेकर 2005 के बीच न्यूयॉर्क और फ्लोरिडा स्थित अपने घरों में कई नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण किया था।

**कुछ फाइलें की गई सार्वजनिक**

इसी साल एपस्टीन विवाद से जुड़ी कुछ फाइलों को सार्वजनिक किया गया है, जिनमें कई अहम जानकारी और उसके हाई-प्रोफाइल संपर्कों के बारे में पता चला। जेफरी एपस्टीन को ट्रंप का करीबी दोस्त भी माना जाता है। हालांकि, सार्वजनिक की गई फाइलों में ट्रंप का नाम नहीं था। हालांकि, ट्रंप और एपस्टीन के कथित संबंधों को लेकर लंबे समय से जांच होती रही है। एलन मस्क ने हाल ही में राष्ट्रपति ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार पद से इस्तीफा दिया है। इसके साथ ही डोजे में उनकी विशेष सरकारी कर्मचारी की भूमिका भी समाप्त हो गई है। बताया जा रहा है कि टैक्स बिल को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ा है। इसी विवाद की वजह से मस्क ने पद छोड़ने का फैसला लिया है। जब से मस्क ने पद छोड़ा है, तभी से दोनों के बीच बयानबाजी का दौर जारी है और अब मामला खुलकर सामने आ गया है।


## निविदा/ नियुक्ति/जाहिरात

presiding Officer:
सुश्री विजया भारती यादव
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000037/2025)
श्री राम जानकी मंदिर द्वारा हरि प्रसाद पटैल व अन्य ..........वादी
Vs
गिरेन्द्र सिंह पटैल व अन्य .....प्रतिवादी
Process Id- /2025
पेशी दिनांक:-30/06/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- आम जनता समाचार एवं प्रकाशन हेतु।
यह कि प्रार्थी श्री राम जानकी मंदिर द्वारा हरि प्रसाद पटैल व अन्य ने आपके विरूद्ध सिविल सूट के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 02 जून 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- उपस्थिति हेतु समंस के साथ वद पत्र की छायाप्रति संलग्न है। एवं समाचार के माध्यम से
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(सुश्री विजया भारती यादव)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड) पाटन, जिला जबलपुर (म.प्र.)

presiding Officer:
सुश्री विजया भारती यादव
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000038/2025)
श्री ठाकुरजी मंदिर द्वारा हरि प्रसाद पटैल व अन्य ..........वादी
Vs
आकाश पटैल व अन्य .....प्रतिवादी
Process Id- /2025
पेशी दिनांक:-30/06/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- आम जनता समाचार एवं प्रकाशन हेतु।
यह कि प्रार्थी श्री ठाकुर जी मंदिर द्वारा हरि प्रसाद पटैल व अन्य ने आपके विरूद्ध सिविल सूट के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 02 जून 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- उपस्थिति हेतु समंस के साथ वद पत्र की छायाप्रति संलग्न है। एवं समाचार के माध्यम से
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(सुश्री विजया भारती यादव)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड) पाटन, जिला जबलपुर (म.प्र.)

### न्यायालय पंकज मिश्रा, पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, अधारताल जिला जबलपुट

राजस्व प्रकरण क्रमांक / /
बी-113/2025-2026
प्रारूप-4
(सूचना पत्र नियम-5(1) देखिए)
म.प्र.लोकन्यास अधिनियम 1951 की धारा 25 के अंतर्गत

चूँकि आवेदक दी लक्ष्मी मेमोरियल चेरीटेबल न्यास द्वारा पुरुषोत्तम तिवारी एवं प्रबंध न्यासी अनामिका तिवारी पता 401 शुभ सांई अपार्टमेंट नेपियर टाउन के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत म.प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 25 के तहत नवीन न्यासी के रूप में अमित त्रिवेदी पिता श्री मधुसुदन त्रिवेदी निवासी पता 1977 राईट टाउन म.प्र. का नाम न्यास पंजी मे जोडने हेतु आवेदन पेश प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संधारित प्रकरण मेरे न्यायालय में दिनांक 20/06/2025 को विचार के लिए नियत है। कोई भी व्यक्ति / संस्था उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस सूचना के प्रकाशन उपरांत नियत पेशी तिथी के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन/दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों / दावों / सुझावों पर कोई विचार के लिए ग्राहय नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 05/06/2025
पेशी दिनाक 20/06/2025

(पंकज मिश्रा)
पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग आधारताल जबलपुर
र.नं. 711

### न्यायालय तहसीलदार ग्रामीण-2 सारना

ईश्तहार
रा.प्र.क्र./अ-6/2025-26
मौजा सारना

चूकि आवेदक सोपचंद पिता स्व. मंगल जाति मरार निवासी सारना तहसील व जिला छिन्दवाड़ा द्वारा मौजा सारना पटवारी हल्का नंबर 26 राजस्व निरीक्षक मंडल सारना स्थित खसरा नंबर 120 रकबा 0.012 हे. भूमि के खातेदार मंगल पिता चैतराम दिनांक 19-11-1964 को फौत है। पत्नि सुखमनी पति मंगल दिनांक 15-10-2011 को फौत है। फौत खातेदार का नाम विलोपित कर फौत खातेदार की वारसान पुत्री नहीं सोपचंद पिता स्व. मंगल का वारसान हक के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदनपत्र लोक सेवा केन्द्र छिन्दवाड़ा का पंजीयन क्रमांक आर एस /455/0760/2458/2025 दिनांक 16-4-2025 के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा सारना पटवारी हल्का नंबर 26 राजस्व निरीक्षक मंडल सारना स्थित खसरा नंबर 120 रकबा 0.012 हे. भूमि के खातेदार मंगल पिता चैतराम का नाम विलोपित कर फौत खातेदार के वारसान सोपचंद पिता स्व. मंगल जाति मरार निवासी सारना तहसील व जिला छिन्दवाड़ा का नाम दर्ज किये जाने में यदि कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18-6-2025 को स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि गत हो जाने के उपरांत प्राप्त दावे आपत्तियो पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30-5-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
छिन्दवाड़ा

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भवन/भूखण्ड हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर स्थित भूखण्ड क्रमांक 60 श्रीमती तारा सोनी पति स्व. श्री पुरुषोत्तम सोनी को आंवटित है। आवंटी श्रीमती तारा सोनी पति स्व. श्री पुरुषोत्तम सोनी से प्राप्त आवेदन / संयुक्त शपथ पत्र एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भूखण्ड श्री राजेश रैकवार पिता श्री मदन लाल रैकवार के नाम हस्तांतरण कि कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूखण्ड हस्तांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर स्थित भूखण्ड क्रमांक 60 श्री राजेश रैकवार पिता श्री मदन लाल रैकवार के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती चंदा बाई महोबिया उम्र 72 वर्ष पत्नि स्व. भगवान दास निवासी म.नं. 1270, बिलपुरा नई बस्ती सुभाष नगर, झंडा चौक थाना रांझी जिला जबलपुर (म.प्र.) की निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम चंदा बाई महोबिया पति भगवान दास महोबिया दर्ज हो गया है जबकि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड एवं मेरे परिचय पत्र में मेरा नाम चंदो बाई (CHANDOO BAI) पति भगवान दास (BHAGWAN DASS) दर्ज है! मैं अपने आधार कार्ड में अपना नाम चंदा बाई महोबिया पति भगवान दास महोबिया के स्थान पर सही नाम चंदो बाई (CHANDOO BAI) पति भगवान दास (BHAGWAN DASS) संशोधित कर दर्ज कराना चाहती हूँ।, अतः मुझे चंदो बाई (CHANDOO BAI) पति भगवान दास (BHAGWAN DASS) के नाम से जाना. पहचाना एवं लिखा पढा जावें !

पुराना नाम - चंदा बाई महोबिया
नया नाम - चंदो बाई (CHANDOO BAI)
पति का नाम - भगवान दास महोबिया
पति का नाम - भगवान दास

### विज्ञापन पत्र क्रमांक/1822/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2025 सिवनी, दिनांक -02.06.2025

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- सिवनी (म.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई- प्रोक्युरमेंट ई-टेंडरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

| निविदा सूचना क्र./दिनांक | ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनु. लागत (रु. लाख में) | कुल अमानती राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 08/नि.प्र./2025-26 दिनांक 02.06.2025 | 2025_PHED_428069_1 | सिवनी के विकासखण्ड सिवनी, कुरई, केवलारी, एवं बरघाट के विभिन्न ग्रामों में खनित 1192 नग नलकूपों की जल आवक क्षमता का परीक्षण कार्य। समूह क्र. 01 | 9.32 | 12,640.00 | 2,000.00 | 17.06.2025 | 17.06.2025 | 270 दिवस (वर्षाकाल सहित) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत स सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |
| 08/नि.प्र./2025-26 दिनांक 02.06.2025 | 2025_PHED_428070_1 | सिवनी के विकासखण्ड, छपारा एवं लखनादौन के विभिन्न ग्रामों में खनित 1192 नग नलकूपों की जल आवक क्षमता का परीक्षण कार्य। समूह क्र. 02 | 8.88 | 17,760.00 | 2,000.00 | 17.06.2025 | 17.06.2025 | 270 दिवस (वर्षाकाल सहित) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत स सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |

G-13923/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म.प्र.)

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

कार्यालय प्राचार्य, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर (म.प्र.)
(अग्रणी महाविद्यालय) Phone - 07792-230335,
NAAC GRADE-B (CGPA-2.99),E_Mail-hegpgenar@mp.gov.in
क्र. 1906 / स्था./2025/, नरसिंहपुर दि. 6.6.2025

// स्टेशनरी, छात्र परिचय-पत्र, फ्लेक्स निर्माण व अन्य सामग्री क्रय आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण //

वर्ष 2025-26 के लिए कार्यालयीन उपयोग की सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदायें दि. 27.6.2025 शाम 5:30 बजे तक डाक/व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है। सामग्री की विस्तृत सूची एवं निविदा की आवश्यक शर्तें महाविद्यालय कार्यालय के आवक-जावक शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त/अवलोकन की जा सकती है साथ ही महाविद्यालय की बेवसाइट https://highereducation.mp.gov.in/?orgid=295 पर भी सामग्रियों की सूची एवं शर्तें उपलब्ध है। इच्छुक फर्म को निम्न सूची अनुसार सीलबंद निविदाएं पृथक-पृथक प्रस्तुत करना होगा। दि. 1.7.2025 को समय 2 बजे निविदायें खोली जावेंगी। अतः इस अवसर पर निविदाकर्ता उपस्थित होना चाहें।

1. स्टेशनरी सामग्री की सूची, 2. छात्र परिचय-पत्र, 3. फ्लेक्स निर्माण, 4. प्रिंटिंग एवं छपाई कार्य ।
- निविदा निरस्त करने का अंतिम व सर्वमान्य निर्णय प्राचार्य का होगा।

प्राचार्य - स्वामी विवेकानंद शास. स्नात. महावि., नरसिंहपुर

उवाच

## चिनाब रेलवे ब्रिज और केबल-स्टेड रेलवे पुल का शुभारंभ देशवासियों के लिए गौरव का क्षण : मुख्यमंत्री

**भोपाल,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज और देश के पहले केबल-स्टेड रेलवे पुल का शुभारंभ देशवासियों के लिए गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्स संदेश में कहा है कि जम्मू-कश्मीर में स्थापित चिनाब रेलवे अत्याधुनिक तकनीक, बेमिसाल इंजीनियरिंग और दृ? संकल्प को साकार करने का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चिनाब रेलवे ब्रिज और केबल-स्टेड रेलवे पुल अंजी ब्रिज का शुभारंभ सभी भारतीयों के लिए महत्वपूर्ण सौगात है ।



### किरेन रिजिजू ने लॉन्च किया 'उम्मीद' पोर्टल

# वक्फ संपत्तियों की अब एक क्लिक में मिलेगी जानकारी

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को 'उम्मीद' (एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास) पोर्टल लॉन्च किया। यह पोर्टल देश भर की वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया को पारदर्शी और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। डिजिटल इंडिया पहल के तहत शुरू किए गए इस पोर्टल के माध्यम से अब सभी वक्फ बोर्डों की संपत्तियों का निर्धारित समयसीमा के भीतर पंजीकरण किया जाएगा। यह कदम वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और प्रशासन को सशक्त, प्रभावी और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। पोर्टल के शुभारंभ के अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, आज 'उम्मीद' पोर्टल का शुभारंभ एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री मोदी पहले भी कह चुके हैं कि स्वतंत्रता के बाद देश में जो महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं, उनमें वक्फ संशोधन अधिनियम भी एक बड़ा कदम है। यह कोई सामान्य निर्णय नहीं है, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाली एक ऐतिहासिक पहल है।'



**देश में 9 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां**

रिजिजू ने बताया कि देश में 9 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं। आने वाले समय में इन सभी का पंजीकरण इस पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमने अधिनियम के अनुसार एक निश्चित समयसीमा तय की है, जिसमें संपत्तियों का पंजीकरण होना है। प्रक्रिया पूरी तरह स्पष्ट और सुविधाजनक है। इसमें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी और सब कुछ पारदर्शी रहेगा। मैं सभी राज्य सरकारों और वक्फ बोर्डों से अपील करता हूं कि वे तय समयसीमा का कड़ाई से पालन करें।

**तीन स्तरों पर सत्यापन किया जाएगा**-वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण 'ओटीपी' आधारित होगा। तीन स्तरों पर सत्यापन किया जाएगा। प्रत्येक संपत्ति को 17 अंकों की एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जाएगी। इसके साथ ही, एक केंद्रीकृत हेल्पलाइन भी जारी की जाएगी, ताकि वक्फ बोर्डों को किसी भी तरह की तकनीकी सहायता आसानी से मिल सके। हालांकि, इस पहल को लेकर कुछ मुस्लिम संगठनों की ओर से आपत्ति भी दर्ज की गई है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इस संशोधित वक्फ कानून को 'असंवैधानिक' बताते हुए विरोध किया है। वहीं, सरकार का कहना है कि इस पोर्टल से न केवल वक्फ संपत्तियों का डिजिटलीकरण और संरक्षण सुनिश्चित होगा, बल्कि उनके पारदर्शी और जवाबदेह उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। यह पोर्टल उन लोगों के लिए 'उम्मीद' की एक नई किरण साबित हो सकता है, जिनका जीवन वक्फ संपत्तियों से जुड़े संस्थानों और सुविधाओं पर आधारित है।



# सांदीपनी स्कूल एवं नवोदय विद्यालय के स्थापित होने से शिक्षा के नए कीर्तिमान बनेंगे : मुख्यमंत्री

**भोपाल,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन रतलाम जिले के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जिले को दो सौगातें मिली हैं। आलोट में नवोदय विद्यालय के साथ ही सांदीपनी विद्यालय भवन का लोकापर्ण किया गया है, जो शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। मध्यप्रदेश में शासकीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहें है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र मे उत्तरोतर प्रगति कर रहा है। रतलाम के आलोट में 38.4 करोड़ लागत से बने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय-2, छात्रावास और स्टॉफ क्वार्टरो तथा 35 करो? 11 लाख की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025 में 10वी एवं 12वी बोर्ड परीक्षा के परिणामों में निजी स्कूलों के बजाए शासकीय स्कूल के बच्चों ने ज्यादा अच्छा प्रर्दशन किया है। नीट, जेईई जैसी परीक्षाओं में भी सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री ने जवाहर नवोदय विद्यालय से मुख्य मार्ग से जोडने वाली सड़क का निर्माण किये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अन्य क्षेत्रों में भी विकास के कार्य कर रही हैं।

### 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में बोले राहुल गांधी

# बिहार में कानून-व्यवस्था बदहाल

**राजगीर,देशबन्धु।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को नालंदा स्थित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में केंद्र और बिहार सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों सरकारों ने कानून व्यवस्था को बिगाड़कर संविधान को कमजोर करने का काम किया है।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गढ़ नालंदा से राहुल गांधी ने कहा, 'बिहार, जो कभी सत्य, न्याय और अहिंसा की धरती था, आज 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया' बनता जा रहा है।' उन्होंने कहा कि बिहार में अब आम लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों जिम्मेदार हैं।

राहुल गांधी ने कानून-व्यवस्था की बदहाली पर चिंता जताते हुए कहा, 'यहां की स्थिति भयावह है। शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं आम जनता से दूर होती जा रही हैं।' साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा, 'देश में नफरत और डर फैलाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कांग्रेस इसे सफल नहीं होने देगी। इसी मकसद से हमने 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू की थी और हम पीछे हटने वाले नहीं हैं।'

**असली मुद्दों को दरकिनार किया जा रहा**

राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बार-बार पक्ष बदलने की राजनीति पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, 'कभी इधर, कभी उधर... मुख्यमंत्री का कोई स्थायित्व नहीं है। बिहार की जनता अब समझ गई है कि असली मुद्दों को दरकिनार किया जा रहा है।'

उन्होंने खुद को संविधान और सामाजिक न्याय का रक्षक बताते हुए कहा, 'हम संविधान को टूटने नहीं देंगे। यह देश बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान से चलेगा, न कि दो-तीन पूंजीपतियों के इशारे पर।' राहुल गांधी ने बिहार के युवाओं से लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि यह लड़ाई नफरत और हिंसा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर देश को न्याय और भाईचारे के रास्ते पर आगे बढ़ाएंगे। यह राहुल गांधी का नालंदा में पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था, जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गढ़ में कांग्रेस की रणनीतिक मौजूदगी के रूप में देखा जा रहा है। सम्मेलन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की भारी भागीदारी देखने को मिली।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी ईदुज्जुहा की बधाई

**भोपाल,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ईदुज्जुहा पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि ईदुज्जुहा का त्योहार त्याग, बलिदान और आपसी विश्वास का संदेश देता है। यह त्योहार दीन-दुखियों, गरीबों की सेवा तथा मानवता और भाईचारे को सुदढ़ बनाने की प्रेरणा देता है।

## पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक्सपोज हो चुका है

**टोंक, एजेंसी।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान पर विश्वास नहीं किया जा सकता है क्योंकि संघर्ष विराम की घोषणा के कुछ घंटे बाद ही उसने सीमा पर गोलीबारी की। पाकिस्तान अपनी विश्वसनीयता खो चुका है। अपने विधानसभा क्षेत्र राजस्थान के टोंक में कई कार्यक्रमों और जनसंवाद में भाग लेने वाले सचिन पायलट ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान एक्सपोज हो चुका है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में रायबरेली को मिली प्रदेश में 5वीं रैंक

### रोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक

**लखनऊ,देशबन्धु।** मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में उद्योग विभाग द्वारा संचालित रोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। मण्डलायुक्त द्वारा उद्योग विभाग द्वारा संचालित रोजगारपरक योजनाओं यथा-मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, एक जनपद एक उत्पाद मार्जिन मनी ऋण योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान., विश्वकर्मा (वीएसएसवाई) टूलकिट योजना, ओ0डी0ओ0पी0 टूलकिट योजना की समीक्षा की गयी।

-नई परियोजनाओं और प्रशिक्षण संस्थाओं से समन्वय पर जोर।
-बैंकों को अधिक आवेदन प्रेषण एवं स्वीकृति-वितरण गैप को कम करने के निर्देश।
-टूलकिट योजनाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल।

बैठक में मुख्यमंत्री की महत्वाकाँक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा के दौरान योजनान्तर्गत प्रदेश स्तर पर जनपद रायबरेली की 05वीं रैंक तथा जनपद लखनऊ की 11वीं रैंक होने पर सन्तुष्टि व्यक्त की गयी तथा मण्डल के अधीनस्थ समस्त उपायुक्त उद्योग को जनपद में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए योजनान्तर्गत नवीन सेक्टरों यथा:-फूड ऑन व्हील, प्लेस्कूल, फिजियोथिरैपी, ग्रूमिंग क्लासेस, कम्प्यूटर डिजायनिंग आदि के प्रोजेक्ट्स को चिन्हित कर विभिन्न प्रशिक्षणदायी संस्थाओं से सम्पर्क कर प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को योजनान्तर्गत लाभान्वित कराये जाने हेतु प्रेरित किये जाने के साथ-साथ निरन्तर मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैंक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कराते हुए आवंटित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति हेतु निर्देशित किया गया।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार एवं एक जनपद एक उत्पाद मार्जिन मनी योजना की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त द्वारा आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष बैंकों को कम आवेदन पत्र प्रेषण पर समस्त उपायुक्त उद्योग को मानक के अनुरूप अधिक से अधिक पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन-पत्र बैंकों को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि रोजगारपरक योजनाओं में स्वीकृति आवेदन-पत्रों के सापेक्ष वितरित आवेदन-पत्रों की संख्या कम है, जिस पर समस्त अधीनस्थ उपायुक्त उद्योग को स्वीकृति एवं वितरण के गैप को कम किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं ओ0डी0ओ0पी0 टूलकिट योजना की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त द्वारा मानक के अनुरूप तथा गुणवत्तापूर्ण टूलकिट वितरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में एमएसएमई नीति-2017 एवं 2022 के साथ एम0ओ0यू0 की भी समीक्षा की गयी।

बैठक में के0के0 सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त, कंचन सुबोध संयुक्त आयुक्त उद्योग लखनऊ मण्डल, मनोज कुमार चौरसिया उपायुक्त उद्योग, संजय सिंह, प्र0 उपायुक्त उद्योग सीतापुर, करूणा राय प्र0 उपायुक्त उद्योग उन्नाव,ज्ञानेन्द्र कुमार अपर सांख्यिकीय अधिकारी रायबरेली,आलोक कुमार, अपर सांख्यिकीय अधिकारी, लखीमपुर खीरी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### महिला एवं बाल विकास योजनाओं की प्रगति समीक्षा हेतु मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में बैठक

# डीपीओ लखनऊ एवं डीपीओ उन्नाव के खिलाफ नोटिस जारी

**लखनऊ,देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति एवं प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से आज मंडलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयुक्त कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में पोषण अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना,वन स्टॉप सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, कुपोषण उन्मूलन एवं महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा में मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि कुपोषित बच्चों की पहचान एवं उनका निरंतर फॉलोअप प्राथमिकता पर किया जाए। प्रत्येक चिन्हित बच्चे की पोषण स्थिति सुधारने हेतु नियमित निगरानी एवं काउंसलिंग की व्यवस्था की जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु तत्काल कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना लखनऊ में प्राप्त आवेदन की संख्या 5998 के सापेक्ष 5001 लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों का समयबद्ध सत्यापन कर लाभ वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के प्रभावी प्रचार-प्रसार हेतु स्थानीय निकायों, स्कूलों और स्वयंसेवी संगठनों को साथ लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

मण्डलायुक्त ने वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा करते हुए कहा कि पीड़ति महिलाओं को त्वरित सहायता, कानूनी परामर्श, चिकित्सा एवं परामर्श सेवाएं सहजता से उपलब्ध कराई जाएं। पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से डेटा एंट्री की नियमितता एवं गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई। मण्डलायुक्त ने कहा कि डेटा आधारित कार्यवाही से योजनाओं की प्रभावशीलता में वृद्धि होती है, इसलिए सभी पोषण सखी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डिजिटल रिकॉर्ड संधारित करें। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की समीक्षा के दौरान प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष अच्छी न मिलने पर उन्होंने डीपीओ लखनऊ और डीपीओ उन्नाव के खिलाफ कारण बतावो नोटिस

### राजधानी में फिर गर्मी का सितम शुरू

# दिल्ली एनसीआर में 42 डिग्री पार जाएगा पारा

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत आस-पास के इलाकों में अगले कुछ दिनों तक भीषण गर्मी पड़ेगी, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, 6 जून से लेकर 12 जून तक अधिकतम तापमान लगातार बढ़ने की संभावना है, जो 42 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर जाएगा। वहीं, न्यूनतम तापमान 26 से 27 डिग्री के आसपास बना रहेगा। 7 जून को आसमान आंशिक रूप से बादलों से ढका रहेगा और तापमान अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। हालांकि, इसके बाद मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगा और गर्मी और तेज हो जाएगी। 8 जून से लेकर 12 जून तक अधिकतम तापमान क्रमश: 40 से 42 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। इन दिनों में नमी का स्तर भी तेजी से बढ़ेगा। 11 जून को आर्द्रता बढ़कर 50 प्रतिशत और 40 प्रतिशत तक पहुंच सकती है, जिससे गर्मी के साथ-साथ उमस भी परेशान करेगी।

-12 जून तक लगातार बढ़ेगा तापमान
-गर्मी के साथ उमस भी परेशान करेगी

**लू की स्थिति बन सकती है**-मौसम विभाग ने फिलहाल कोई चेतावनी तो जारी नहीं की है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार बढ़ते तापमान और बढ़ती नमी के कारण हीट वेव (लू) की स्थिति बन सकती है। ऐसे में बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि लोग दोपहर 12 से 4 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें, हल्के कपड़े पहनें और अधिक से अधिक पानी पिएं। गर्मी से बचाव के लिए छाते, टोपी और सनस्क्रीन का उपयोग भी जरूरी है। एनसीआर में आने वाले सप्ताह में भीषण गर्मी और उमस से लोगों को सावधान रहना होगा। तापमान 42 डिग्री पार करना इस बात का संकेत है कि क्षेत्र हीटवेव के मुहाने पर खड़ा है।


**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 37
2025-2026 दिनांक 05/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती मंजूलता जाट पति श्री पदम सिंह जाट खसरा क्रमांक 121/1 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 2000109034 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - चेतराम काछी पिता रामविशाल काछी के भाग पर वार्ड शहीद अब्दुल हमीद के कुल निर्मित क्षेत्रफल ... में से विक्रय प्लाट रकवा 700 वर्गफुट पर विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7, अधारताल नगर निगम जबलपुर
र.नं.- 714

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 36
2025-2026 दिनांक 05/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री विनय शर्मा पिता स्व. श्री श्याम सुंदर शर्मा भवन/खसरा क्रमांक 90/2 का भाग पी-103 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 1000430987 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - सारिका दुबे पति राजेश दुबे ( 2 ) राजेश दुबे पिता श्री शिव प्रसाद दुबे के भाग पर वार्ड निर्मल चंद जैन के कुल निर्मित क्षेत्रफल 1600 में से विक्रय प्लाट रकवा 800 वर्गफुट पर विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7, अधारताल नगर निगम जबलपुर
र.नं.- 714

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, ARMY NO JC-453099W, RANK- SUB, NAME-VIJENDRA KUMAR MEENA, UNIT- 12 GRENADIERS निवासी VILLAGE- KHATEH PURA, POST- KHATEH PURA, TEH- JHUNJHUNU, DISTT-JHUNJHUNU, STATE- (RAJ) PIN-333001 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम JATIN KUMAR दर्ज है जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम JATIN है जो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरे पुत्र के इस नाम JATIN को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- JATIN KUMAR
सही नाम- JATIN

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, ARMY NO 2704392P HAV NAME- KATARA KARAMAN, UNIT-12 GRENADIERS R/O VILLAGE- KANERI, POST- KESHOD, TEH- KESHOD, DISTT-JUNAGADH, STATE- GUJARAT PIN-362225 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम BAVAN एवं मेरी माताजी का नाम HIRI BEN दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिताजी का सही नाम KATARA BAVANBHAI KALABHAI एवं मेरी माताजी का सही नाम KATARA HIRIBEN BAVANBHAI है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिताजी एवं माताजी के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

**CHANGE OF NAME/DOB**

I, Army No. 15718632M, Rank- L/NK, Name - SIMHACHALAM SAINI, Unit 72 arty Bde. Sig coy, C/o 56 APO, presently residing at Village AMADALAPADU, Post- VATSAVALASA Teh- GARA, Distt.-SRIKAKULAM, State- ANDHRA PRADESH, PIN-532404 do hereby solemnly affirm and declare that my Father named and Date of Birth is SIMMANNA SAINI/01-07-1957 has been mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect. The correct name and Date of Birth Father is SAIN SIMMANNA/01-01-1938 as per Aadhar Card and other documents and same shall be considered in future in all Records. Vide Affidavit No. AP96821936085963X Dated 05/06/25 before Notary. SRIKAKULAM ANDHRA PRADESH..

INCORRECT NAME/DOB
SIMMANNA SAINI/01-07-1957
CORRECT NAME/DOB
SAIN SIMMANNA/01-01-1938
र.नं. 713

**CHANGE OF NAME/DOB**

I, Army No. 15718632M, Rank- L/NK, Name - SIMHACHALAM SAINI, Unit 72 arty Bde. Sig coy, C/o 56 APO, presently residing at Village AMADALAPADU, Post- VATSAVALASA, Teh GARA, Distt.-SRIKAKULAM, State- ANDHRA PRADESH, PIN-532404 do hereby solemnly affirm and declare that my Mother named and Date of Birth is RAMALAXMI SAINI/01-07-1969 has been mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect. The correct name and Date of Birth Mother is SAIN RAMALAXMI/01-01-1956 as per Aadhar Card and other documents and same shall be considered in future in all Records. Vide Affidavit No. AP96783646607576X DATE 05/06/25 before Notary, SRIKAKULAM ANDHRA PRADESH..

INCORRECT NAME/DOB
RAMALAXMI SAINI/01-07-1969
CORRECT NAME/DOB
SAIN RAMALAXMI /01-01-1956
र.नं. 713

**नाम परिवर्तन**

मैं निर्मल कुमार पाण्डेय (NIRMAL KUMAR PANDEY) पिता श्री रामरूप पाण्डेय (RAMROOP PANDEY) निवासी मकान नं. 1508, डी.डी. कॉलोनी, मानेगांव, रांझी, जिला जबलपुर, मेरी सेवा पुस्तिका में मेरा नाम निर्मल कुमार पाण्डे (NIRMAL KUMAR PANDEY) दर्ज है। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड व वोटर आईडी में मेरा नाम निर्मल कुमार पाण्डेय (NIRMAL KUMAR PANDEY) दर्ज है जो कि, सही एवं सत्य है। निर्मल कुमार पाण्डे (NIRMAL KUMAR PANDEY) एवं निर्मल कुमार पाण्डेय (NIRMAL KUMAR PANDEY) यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे है। किसी अन्य व्यक्ति के नहीं है। मेरे शासकीय अभिलेखों में सही नाम निर्मल कुमार पाण्डेय (NIRMAL KUMAR PANDEY) पिता रामरूप पाण्डेय (RAMROOP PANDEY) के नाम से जाना, पहचाना एवं पढ़ा-लिखा व दर्ज किया जावे।

पुराना नाम - निर्मल कुमार पाण्डे (NIRMAL KUMAR PANDEY)
नया नाम - निर्मल कुमार पाण्डेय (NIRMAL KUMAR PANDEY)
र.नं.- 710

**नाम परिवर्तन**

मैं प्रेम नारायण तिवारी (PREM NARAYAN TIWARI) पिता स्व. श्री शीतल प्रसाद (LATE SHITAL PRASAD) निवासी मकान नं. 1930, डिफेंस कॉलोनी, झण्डा चौक, रांझी, जिला जबलपुर, मेरी सेवा पुस्तिका में मेरा नाम प्रेम नारायण (PREM NARAYAN) दर्ज है। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड व वोटर आईडी में मेरा नाम प्रेम नारायण तिवारी (PREM NARAYAN TIWARI) दर्ज है जो कि, सही एवं सत्य है। प्रेम नारायण (PREM NARAYAN) एवं प्रेम नारायण तिवारी (PREM NARAYAN TIWARI) यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे है। किसी अन्य व्यक्ति के नहीं है। मेरे शासकीय अभिलेखों में सही नाम प्रेम नारायण तिवारी (PREM NARAYAN TIWARI) पिता स्व. श्री शीतल प्रसाद (LATE SHITAL PRASAD) के नाम से जाना, पहचाना एवं पढ़ा-लिखा व दर्ज किया जावे।

पुराना नाम - प्रेम नारायण (PREM NARAYAN)
नया नाम - प्रेम नारायण तिवारी (PREM NARAYAN TIWARI)
र.नं.- 710

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं MANISHA PATEL W\O MANOJ KUMAR PATEL (KACHHI) यह सूचित करता हूं कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी नंबर 355651086 में मेरा नाम KARUNA KACHHI D\o NANDLAL दर्ज है जबकि विवाह पश्चात मैंने अपना नाम परिवर्तित कर MANISHA PATEL W\o MANOJ KUMAR PATEL (KACHHI) रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक पासबुक आदि में भी लिखा हुआ है। अतः मेरे नाम को MANISHA PATEL W\o MANOJ KUMAR PATEL (KACHHI) ही पढ़ा-लिखा एवं समझा जावे।

पूर्व नाम :- KARUNA KACHHI D\o NANDLAL
वर्तमान नाम :- MANISHA PATEL W\O MANOJ KUMAR PATEL (KACHHI)
पता- मकान नंबर 1143, गुलौआ चौक, गढ़ा, जबलपुर ( म.प्र. )
र.नं.- 708

**न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला-जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/3066/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज पिता बैनीप्रसाद निवासी महगंवा ने ग्राम महगंवा प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. पनागर स्थित भूमि खसरा नं. 407, 369 रकवा 0.630 में से 0.100 हेक्टेयर भूमि का विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण बटवारा/अभिलेख दुरुस्त/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि के नामांतरण बटवारा/ अभिलेख दुरुस्ती/रकवा सुधार/ नक्शा बटांक में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 19/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक- 05/06/2025
नायब तहसीलदार पनागर
र.नं.716

**कार्यालय नगर परिषद बरेला जिला-जबलपुर म.प्र.**

क्र./1303/न.प./नामा./2025-26
बरेला, दिनांक 04/06/2025

**इश्तहार सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री महेश चंद्र सोनी पिता श्री रमेश चन्द्र सोनी द्वारा श्रीमती पार्वती झारिया पति श्री चोखे लाल झारिया से वार्ड क्रमांक 11 में स्थित भूमि/भवन नोटरी विक्रय के माध्यम से क्रय कर संपत्ति कर पंजी के सरल क्रमांक 260 में एवं ई नगर पालिका पोर्टल पर संपत्ति आई.डी. क्रमांक 1004184803 में विक्रेता के नाम दर्ज संपत्ति को अपने नाम दर्ज करने हेतु इस निकाय को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संपत्ति को आवेदक के नाम दर्ज किये जाने के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो वे सुसंगत दस्तावेज सहित 15 दिवस की समय सीमा में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सूचित हो
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बरेला
र.नं.- 712

**कार्यालय नगर परिषद बरेला जिला-जबलपुर म.प्र.**

क्र./1305/न.प./नामा./2025-26
बरेला, दिनांक 04/06/2025

**इश्तहार सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती उत्तरा सोनी पति श्री चक्रधारी सोनी द्वारा श्रीमती पार्वती झारिया पति श्री चोखे लाल झारिया से वार्ड क्रमांक 11 में स्थित भूमि/भवन नोटरी विक्रय के माध्यम से क्रय कर संपत्ति कर पंजी के सरल क्रमांक 260 में एवं ई नगर पालिका पोर्टल पर संपत्ति आई.डी. क्रमांक 1004184803 में विक्रेता के नाम दर्ज संपत्ति को अपने नाम दर्ज करने हेतु इस निकाय को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संपत्ति को आवेदक के नाम दर्ज किये जाने के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो वे सुसंगत दस्तावेज सहित 15 दिवस की समय सीमा में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सूचित हो
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बरेला
र.नं.- 712

# अभिमत

**हमने कचरा संस्कृति को अपना लिया है। चाहे जितना ही कचरा साफ करो, कचरा पैदा होता ही रहेगा। यूथ एंड थ्रो (इस्तेमाल करो और फेंको) की संस्कृति ही कचरा संस्कृति है। हम कोई भी दुकान देखें, वहां छोटी छोटी थैलियां, पॉलीथीन पैक इत्यादि टंगे रहते हैं। इन सबके कारण हमारी नदियां, झीलें, तालाब सभी प्रदूषित हो रहे हैं। मिट्टी-पानी भी प्रदूषित हो रहा है। हम लोग बचपन में देखते थे। कोई ज्यादा कचरा नहीं होता था। जो भी कचरा पैदा होता था, उससे जैव खाद बनाई जाती थी, जिससे खेतों की मिट्टी उर्वरक बनती थी।**

## धरती का ख्याल रखना जरूरी है

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

मौजूदा समय में पर्यावरण का संकट सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। पर्यावरण, का जो नुकसान हमने पिछले कुछ दशकों में किया है, वह इसके पहले सैकड़ों सालों में नहीं हुआ। जो नदियां सदियों से बहती रहीं, कुछ ही सालों में सूख गईं, जो धरती सबका पालन-पोषण करती रही, उसकी जीवनदायिनी क्षमता खतरे में है। मिट्टी-पानी का प्रदूषण हो रहा है।

दो दिन पहले 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस था, यह हमें यह सोचने के लिए विवश करता है कि कैसे हम पर्यावरण को बचाए, कैसे उसका संरक्षण करें, आज के इस कॉलम में इस पर ही चर्चा करना उचित रहेगा, जिससे इस दिशा में हम कुछ मिलकर कर सकें।

मैं यहां पर्यावरण किस तरह संकट में इसको बताने की कोशिश नहीं करूंगा, क्योंकि यह तो सर्वविदित है। हमारी सदानीरा नदियां प्रदूषित हो रही हैं, जंगल कम हो रहे हैं, खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो रही है, हवा प्रदूषित हो रही है, भूजल नीचे खिसक रहा है इत्यादि। बहुत ही ऐसे संकट आ रहे हैं, जो कुछ दशक पहले तक नहीं थे।

लेकिन कई लोग कह सकते हैं, यह तो वैश्विक समस्या है, इसमें हम क्या कर सकते हैं। यह वैश्विक समस्या है पर इसका असर स्थानीय स्तर पर होता है। इसे कुछ हद तक स्थानीय स्तर पर कम किया जा सकता है। जैसे इस पर्यावरण दिवस की थीम है, प्लास्टिक प्रदूषण। हम देखते हैं कि हमारे शहर की नालियां, सड़कें प्लास्टिक कचरे से पटे पड़े हैं। यह दिन हमें इससे निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई करने के लिए संदेश देता है, प्रेरित करता है।

मैं जब कभी ट्रेन की यात्रा करता हूं, एक चीज बहुत खटकती है, वह है रेल पटरियों के दोनों ओर पॉलीथीन, पानी की बोतलें बिखरी पड़ी दिखती हैं। जहां तक नजरें जाती हैं, यही दिखता है। इसी तरह, सड़कों के दोनों ओर कचरा पड़ा रहता है। सब्जी, दूध या किराना सामान लेने के लिए पॉलीथीन का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे कचरा होता रहता है। शहरों व कस्बों में रोजाना कचरे की गाड़ी कचरा उठाकर ले जाती है। कर्मचारी इसके लिए मेहनत करते हैं। लेकिन दूसरे दिन उतना ही कचरा फिर हो जाता है। यह क्रम बना रहता है।

यानी हमने कचरा संस्कृति को अपना लिया है। चाहे जितना ही कचरा साफ करो, कचरा पैदा होता ही रहेगा। यूथ एंड थ्रो (इस्तेमाल करो और फेंको) की संस्कृति ही कचरा संस्कृति है। हम कोई भी दुकान देखें, वहां छोटी छोटी थैलियां, पॉलीथीन पैक इत्यादि टंगे रहते हैं। इन सबके कारण हमारी नदियां, झीलें, तालाब सभी प्रदूषित हो रहे हैं। मिट्टी-पानी भी प्रदूषित हो रहा है।

हम लोग बचपन में देखते थे। कोई ज्यादा कचरा नहीं होता था। जो भी कचरा पैदा होता था, उससे जैव खाद बनाई जाती थी, जिससे खेतों की मिट्टी उर्वर बनती थी। गांवों में पशु होते हैं, गोबर—गोमूत्र होता है, उससे गोबर खाद बनती थी। खेतों में अच्छी फसलें होती थीं।

मुझे कई आदिवासी गांवों में जाने का मौका मिला है। उनके घर व गांव बहुत ही साफ सुथरे होते हैं। कुछ जगहों पर अब भी सरई पत्तों की पत्तल व दोने में खाना खाया जाता है। गाय उन पत्तों को खा लेती है। प्लेट का इस्तेमाल नहीं किया जाता, जिससे पानी की बचत होती है। यानी वहां कचरा पैदा नहीं होता। वे प्रकृति से उतना ही लेते हैं, जितनी उनको जरूरत है। इससे ज्यादा नहीं।

इसी प्रकार, हमें मिट्टी-पानी, देसी बीजों के संरक्षण की अच्छी परंपराओं से सीखना चाहिए। संकर बीजों के आने से अधिकांश देसी बीज लुप्त हुए हैं। लेकिन अब भी कई जगहों पर किसान, समूह और स्वयंसेवी संस्थाएं देसी बीजों की खेती के संरक्षण व संवर्धन में लगे हैं।

उत्तराखंड के बीज बचाओ आंदोलन ने इस दिशा में उल्लेखनीय काम किया है। इसके प्रणेता विजय जड़धारी हैं। उन्होंने मुझे बताया कि बारहनाजा का शाब्दिक अर्थ बारह अनाज है, पर इसके अंतर्गत बारह अनाज ही नहीं बल्कि दलहन, तिलहन, शाक-भाजी, मसाले व रेशा शामिल हैं। इसमें 20-22 प्रकार के अनाज होते हैं।

इन अनाजों में कोदा ( मंडुवा), मारसा (रामदाना), ओगल (कुट्टू), जोन्याला ( ज्वार), मक्का, राजमा, गहथ ( कुलथ), भट्ट (पारंपरिक सोयाबीन), रैयास (नौरंगी), उड़द, सुंटा, रगड़वांस, तोर, मूंग, भगंजीर, तिल, जख्या, सण ( सन), काखड़ी इत्यादि।

विजय जड़धारी बताते हैं कि मंडुआ बारहनाजा परिवार का मुखिया कहलाता है। असिंचित व कम पानी में यह अच्छा होता है। पहले मडुंवा की रोटी ही लोग खाते थे, जब गेहूं नहीं था। पोषण की दृष्टि से यह भी बहुत पौष्टिक है।

इसी प्रकार, उन्होंने उनके जड़धार गांव के उजड़ चुके जंगल को भी हरा-भरा कर दिया। इसके लिए जंगल को आराम दिया, यानी उसकी रखवाली की। इसमें उन्हें पूरा गांव का सहयोग मिला। अब यह जंगल इतना घना हो गया कि सूर्य की किरणें दिखाई नहीं देतीं। कई तरह के पक्षियों का आवास भी बन गया।

बीज बचाने का काम देश के कई इलाकों में किया जा रहा है। इस दिशा में छत्तीसगढ़ में जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था का काम सराहनीय है। आज यहां धान की 450 किस्में संग्रहीत हैं जिनमें 65 सुगंधित, 30 लाल चावल वाली, 40 जल्द पकने वाली, 2 किस्में काले चावल की। और बाकी 110-115 दिन की मध्यम अवधि में पकने वाली किस्में हैं। इसके अलावा मडिया की 6, कांग 2, ज्वार 1, मक्का 2 और अरहर की 9 किस्में हैं। चना, अलसी, कुसुम, मटर, भिंडी, उड़द आदि देशी किस्में भी हैं।

रंग-बिरंगे देशी बीज न केवल सौंदर्य से भरपूर हैं बल्कि स्वाद में भी बेजोड़ हैं। औषधि गुणों से सम्पन्न हैं और स्थानीय मिट्टी पानी और हवा के अनुकूल हैं।

आखिर मनुष्य ने ही जंगलों से तरह-तरह की फसलों के गुणधर्मों की पहचान कर खेतों में उन्हें उगाया है और इसी के परिणामस्वरूप आज हम बीजों के मामले में समृद्ध हैं। लेकिन आज हमने देशी बीजों की संपदा खो दी है, इसी को संजोने व संवारने का प्रयास जन स्वास्थ्य सहयोग में किया जा रहा है।

संस्था के कार्यकर्ता होमप्रकाश साहू बताते हैं कि रासायनिक खेती के कारण ज़मीन की उर्वरा शक्ति कमजोर होती जा रही है और उर्वर बनाने वाले सूक्ष्म जीवाणु खत्म होते जा रहे हैं। बेजा रासायनिक खाद के इस्तेमाल से ज़मीन सख्त होती जा रही है। भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए मिश्रित फ़सलों को खेतों में बोया जाता है। यह परंपरागत तरीका है। देश के कई इलाकों में अलग-अलग तरह की मिश्रित फसलें होती हैं।

इसके अलावा, हरी खाद ढनढनी, सन, सोल, चरौरा को भी बोकर फिर मिट्टी में सड़ा दिया जाता है, जिससे ज़मीन उत्तरोत्तर उर्वर बनती जाती है। उन्होंने बताया कि इस भाटा कमजोर ज़मीन को हरी खाद से ही उर्वर बनाया है। यानी देसी बीजों की जैविक खेती से मिट्टी पानी का संरक्षण भी होता है। अनाज भी पौष्टिक व स्वादिष्ट मिलता है।

कुल मिलाकर, हमें अब मिट्टी-पानी का संरक्षण करना जरूरी है। कचरा कम से कम पैदा हो, या न हो, यह ख्याल भी रखना जरूरी है। हमें चीजों को बापरने का सलीका भी सीखना होगा। यूज एंड थ्रो संस्कृति की बजाय पुरानी चीजों को भी इस्तेमाल करने पर जोर देना होगा। इस संदर्भ में मुझे बुद्ध की कहानी याद आ रही है, जिससे हम कुछ सीख सकते है:-

एक दिन बुद्ध अपने मठ में मठवासियों के साथ बैठे बात कर रहे थे। तभी एक भिक्षु ने नए अंगरखे के लिए इच्छा जताई। बुद्ध ने पूछा- तुम्हारे पुराने अंगरखे का क्या हुआ?

-'वह बहुत फटा पुराना हो गया है। इसलिए मैं उसे अब चादर के रूप में इस्तेमाल कर रहा हूं।'

-बुद्ध ने फिर पूछा- पर तुम्हारी पुरानी चादर का क्या हुआ?

-गुरूजी, वह चादर पुरानी हो गई थी, वह इधर-उधर से फट गई थी, इसलिए मैंने उसे फाड़कर तकिया का खोल बना लिया।' भिक्षु ने कहा।

बेशक तुमने तकिया का नया खोल बना लिया, लेकिन तुम ने तकिया के पुराने खोल का क्या किया? बुद्ध ने पूछा

-गुरूजी, तकिये का गिलाफ सर घिस-घिस कर फट गया था और उसमें एक बड़ा छेद हो गया था. इसलिए मैंने पायदान बना लिया।'

बुद्ध हर चीज़ की गहराई से तहकीकात करते थे. उस जवाब से भी वे संतुष्ट नहीं हुए।

-गुरूजी, पायेदान भी पैर रगड़ते-रगड़ते फट गया. - एकदम तार-तार हो गया. तब मैंने उसके रेशे इकट्ठे करके उनकी एक बाती बनाई. फिर उस बाती को तेल के दीये में डाल कर जलाया।'

भिक्षु की बात सुन कर बुद्ध मुस्कराए। फिर उस सुपात्र को बुद्ध ने एक नया गरम अंगरखा दिया। यह कहानी आज भी प्रासंगिक है क्योंकि उपभोक्तावादी संस्कृति इस्तेमाल करो और फेंको (यूज-एंड-थ्रो) की संस्कृति को बढ़ावा देती है। जो कचरा पैदा करती है। हमें पर्यावरण को बचाने के लिए ऐसी सादगीपूर्ण जीवनशैली की ओर मुड़ना होगा, जिसमें कचरा ही पैदा न हो। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

**देशी बीज न के वल सौंदर्य से भरपूर हैं बल्कि स्वाद में भी बेजोड़ हैं। औषधि गुणों से सम्पन्न हैं और स्थानीय मिट्टी पानी और हवा के अनुकूल हैं। आखिर मनुष्य ने ही जंगलों से तरह-तरह की फसलों के गुणधर्मों की पहचान कर खेतों में उन्हें उगाया है और इसी के परिणामस्वरूप आज हम बीजों के मामले में समृद्ध हैं। लेकिन आज हमने देशी बीजों की संपदा खो दी है, इसी को संजोने व संवारने का प्रयास जन स्वास्थ्य सहयोग में किया जा रहा है।**

### बीता सप्ताह

**31 मई**

- फिलीपींस के राष्ट्रपति रोमुअलडेज मार्कोस ने मा. थेरेसा लाजारो को नया विदेश मंत्री चुना है।
- दो भारतीय शांति सैनिक ब्रिगेडियर अमिताभ झा और हवलदार संजय सिंह मरणोपरांत डेग हैयरशॉल्ड मेडल से सम्मानित हुए।
- इजरायल ने अस्थायी युद्धविराम प्रस्ताव स्वीकार किया।
- चीन के थ्येनवन-2 ग्रह डिटेक्टर का सफल परीक्षण किया।

**1 जून**

- सीडसएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) अनिल चौहान ने मानी लड़ाकू विमान गिरने की बात।
- हेर स्पीच मामले में यूपी कोर्ट अब्बास अंसारी को 2 साल की सजा सुनाई। वे मऊ सीट से विधायक थे।
- ऑपरेशन शिल्ड के तहत जम्मू कश्मीर समेत 6 राज्यों में सेना द्वारा की गई मॉकड्रिल।
- उप्र क्रिकेट संघ के निदेशक रह चुके युद्धवीर सिंह को भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे में मेनेजर बनाया गया।

**2 जून**

- पूर्वात्तर राज्यों में बारिश के कहर से 32 लोगों की मौत हो गई।
- उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी की विधायकी भड़काऊ भाषण मामले में खत्म कर दी गई।
- पांच नए देश चीन ब्राजील, अर्जेंटीना, चिली, पेस और उरूग्वे के लोग चीन में बीजा मुक्त यात्रा कर सकेंगे।
- अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और कोच प्रतिमा बरवा का निधन हो गया।

**3 जून**

- लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि छग में लोक जनशक्ति पार्टी का विस्तार किया जाएगा।
- केन्द्र सरकार के कर्मचारी भविष्य निधि संगठन बदलाव करते हुए कहा कि अब एटीएम-यूपीआई से निकाल सकेंगे पीएफ का पैसा।
- राज्यसभा के आठ सीटों के लिए चुनाव के लिए अधिसूचनाएं जारी की गई।
- पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार करोल नवरोकी चुनाव जीत गए।

**4 जून**

- विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने की बैठक मोदी को लिखा पत्र और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संसद सत्र बुलाने की मांग।
- कन्नड़ भाषा पर दिए फिल्म अभिनेता कमल हासन को कर्नाटक हाइकोर्ट ने लगाई फटकार कहा आप होंगे कमल हासन पर अभिव्यक्ति की आजादी का इस्तेमाल लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए नहीं कर सकते।
- दक्षिण कोरिया में राष्ट्रपति चुनाव के लिए हो रहा कल से मतदान।
- 17 साल बाद आरसीबी ने जीता पहली बार आईपीएल खिताब।

**5 जून**

- बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी की जीत की जश्न में हुइ भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई।
- केन्द्र सरकार ने कहा कि जाति जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहला चरण सितम्बर में और दूसरा चरण फरवरी 26 में।
- छत्तीसगढ़ की शुखबू नाग ने एनपीसी वर्ल्ड वाइड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में जीता कास्य पदक।
- आस्ट्रेलिया के उपप्रधानमंत्री एवं रक्षामंत्री, रिचई मार्लेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

**6 जून**

- बेंगलुरू भगदड़ मामले में आरसीबी सहित 3 के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ।

## मौजूदा संकट पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना बहुत ज़रूरी

■ पी सुधीर

'खून नहीं, बल्कि सिंदूर मेरी रगों में बह रहा है' – प्रधानमंत्री मोदी के ये शब्द ऑपरेशन सिंदूर के बाद के अभियान की शुरुआत करने की उनकी खास शैली को दर्शाते हैं। देश के सामने मौजूद गंभीर चुनौतियों के जवाब में वह या उनकी सरकार और कर भी क्या कर सकती थी। पारदर्शिता और आत्मनिरीक्षण इस सरकार की कभी खासियत नहीं रही। मोदी सरकार की विदेश नीति की रणनीति प्रधानमंत्री को केंद्रीय व्यक्ति के रूप में पेश करने पर बहुत ज़्यादा निर्भर रही है, जो सुसंगत कूटनीति को आगे बढ़ाने के बजाय एक व्यक्तित्व पंथ को विकसित करने का एक स्पष्ट प्रयास है। प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व को विदेश नीति के अगुआ के रूप में स्थापित करने से पारंपरिक कूटनीतिक ज्ञान को उलट दिया गया है, और स्थापित कूटनीतिक परंपराओं से स्पष्ट रूप से यह अलग होने का संकेत है।

ऐतिहासिक रूप से, भारत की विदेश नीति इसकी घरेलू नींव में निहित रही है- जिनमें शामिल हैं इसके जीवंत संसदीय लोकतंत्र का लचीलापन, धर्मनिरपेक्षता, संघवाद से प्रेरित विविधता में एकता, और सामाजिक और आर्थिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता। इन सिद्धांतों ने वह आधार बनाया जिसने राष्ट्रों के समुदाय में भारत की स्थिति को ऊंचा किया। समान नागरिकता पर आधारित विविधता में एकता भारतीय गणराज्य की एक परिभाषित पहचान रही है।

दुख की बात है कि अब इस विरासत को कमज़ोर किया जा रहा है। छवि-केंद्रित, व्यक्ति-संचालित कूटनीति को व्यवस्थित और सिद्धांतबद्ध विदेश नीति के विकल्प के रूप में पेश किया जा रहा है। लेकिन यह दृष्टिकोण अस्थिर है – खासकर भारत जैसे देश के लिए, जिसका वैश्विक कद दशकों में बना है, जो उपनिवेशवाद-विरोधी राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन और एक धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में इसके विकास पर आधारित है। हिंदुत्ववादी ताकतों और आरएसएस के वैचारिक डीएनए का हिस्सा है कि वे खुद को इस विरासत से दूर रखें। पहलगाम हत्याकांड के बाद, सरकार को आखिरकार एक सर्वदलीय बैठक के दौरान यह स्वीकार करना पड़ा कि 'सुरक्षा चूक' हुई थी। लेकिन यह स्वीकारोक्ति बहुत कम और बहुत देर से हुई। अब भी, सरकार उस चूक की प्रकृति और दायरे के बारे में स्पष्ट रूप से बताने में विफल रही है।

सिंगापुर में सुरक्षा वार्ता के दौरान बोलते हुए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने चार दिवसीय टकराव के दौरान विमान के नुकसान की बात स्वीकार की। हालांकि, उन्होंने कोई और विवरण नहीं दिया। इस तरह के अपर्याप्त स्पष्टीकरण विफलता की पूरी सीमा को बताने में विफल रहते हैं। मोदी सरकार के 11 साल के रिकॉर्ड – खासकर अनुच्छेद 370 को निरस्त करने – को मौजूदा संकट को देखते हुए नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अनुच्छेद 370 को खत्म करने और विलय के साधन को आधार देने वाले ऐतिहासिक तथ्यों को खारिज करने से जम्मू और कश्मीर के भारतीय संघ में एकीकरण की विरासत कमजोर हुई है। इससे भी गंभीर बात यह है कि इसने जम्मू और कश्मीर के लोगों – खासकर घाटी में – द्वारा सीमा पार आतंकवाद का विरोध करने में निभायी गयी महत्वपूर्ण भूमिका को मिटा दिया है। पहलगाम की घटना के बाद यह बात एकदम स्पष्ट हो गयी है। घाटी भर में लोग हत्याओं के विरोध में सड़कों पर उतर आये, लेकिन जन एकता का यह शक्तिशाली प्रदर्शन, जो एक बहुत ही सकारात्मक घटनाक्रम है, सरकार द्वारा न तो स्वीकार किया गया और न ही इसकी सराहना की गयी। इसके बजाय, हमले में कश्मीरी लोगों को ही शामिल करने का प्रयास किया गया – जिससे सरकार की असली मंशा और सही वैचारिक रुझान का पता चलता है। संविधान में निहित लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों को कायम रखने वाली सरकारों के द्विदलीय दृष्टिकोण की जगह अब गहरे ध्रुवीकरण ने ले ली है।

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को केवल सैन्य टकराव तक सीमित नहीं रखा जा सकता। शांति की सच्ची इच्छा उद्देश्य की स्पष्टता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाले कार्यों में परिलक्षित होनी चाहिए। विदेश नीति और कूटनीति अलग-थलग प्रयास नहीं हैं; वे घरेलू नीतियों का विस्तार हैं। पिछले 11 वर्षों में हुए घटनाक्रम – जिसमें सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और लोकतांत्रिक और अल्पसंख्यक अधिकारों का क्षरण शामिल है – को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, खासकर आज के परस्पर जुड़े, सूचना-संचालित वैश्विक परिदृश्य में।

एक नागरिक अधिकार समूह की एक तथ्य-खोजी रिपोर्ट ने पहलगाम हमलों के बाद 184 मुस्लिम विरोधी घृणा अपराधों का दस्तावेजीकरण किया, जिसमें व्यापक रूप से मुसलमानों और विशेष रूप से कश्मीरियों को निशाना बनाया गया। ये घटनाएं लगातार जारी रहीं।

पहलगाम हत्याओं और सीमा पार से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी समूहों की व्यापक परिचालन योजनाओं के बारे में विस्तृत दस्तावेज़ीकरण की कमी से अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का मामला और कमज़ोर हो गया है। जबकि घरेलू आबादी पाकिस्तान के इरादों के बारे में आश्वस्त हो सकती है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय राय को आश्वस्त करने के लिए कहीं अधिक कठोर साक्ष्य और पारदर्शिता की आवश्यकता होती है।

स्पष्टता का एक दुर्लभ क्षण पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवाने से आया, जिन्होंने टिप्पणी की, 'युद्ध रोमांटिक नहीं है। यह आपकी बॉलीवुड फिल्म नहीं है। यह बहुत गंभीर मामला है... हालाँकि युद्ध हम पर नासमझ लोगों द्वारा थोपा जा सकता है, लेकिन हमें इसका स्वागत नहीं करना चाहिए।' उन्होंने तैयारियों की आवश्यकता पर बल दिया, साथ ही इस बात पर जोर दिया कि शांतिपूर्ण वार्ता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

राजनयिक संपर्क प्रयास के तहत, विभिन्न दलों के 59 सांसदों को पहलगाम घटना पर भारत सरकार की स्थिति को बताने के लिए विदेशी सांसदों, शिक्षाविदों, थिंक टैंक और मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करने के लिए 32 देशों में भेजा गया था। फिर भी, उल्लेखनीय रूप से, इनमें से कोई भी देश भारत के निकटतम पड़ोसी देश से नहीं था। यह कूटनीतिक प्रयास प्रधानमंत्री की घरेलू बयानबाजी के बिल्कुल विपरीत था, जिसमें उनका दावा था कि 'उनकी रगों में खून नहीं, बल्कि सिंदूर बहता है' और यह घोषणा कि आतंकवाद विरोधी अभियान सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक हैं।

लेकिन इस तरह की विलंबित कूटनीतिक पहुंच कितनी सफल रही है, यह इस बात से स्पष्ट हो जाता है कि पाकिस्तान ने बिना किसी विरोध के आईएमएफ से 1अरब डॉलर का ऋण और विश्व बैंक से 400 लाख डॉलर की सहायता प्राप्त की है। इज़राइल और अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के अलावा, किसी अन्य देश ने भारत के रुख का समर्थन नहीं किया है। इस वास्तविकता को नकारने से किसी को कोई मदद नहीं मिलेगी।

दशकों पुरानी सिंधु जल संधि को अचानक समाप्त करने की घोषणा ने स्थिति को और जटिल बना दिया। सीमा पार नदी बंटवारे का विश्व स्तर पर स्वीकृत सिद्धांत ऊपरी और निचले दोनों तटवर्ती राज्यों के अधिकारों को स्वीकार करता है। पारस्परिक रूप से सहमत संधि से एकतरफा वापसी से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से समर्थन मिलने की संभावना नहीं है। व्यावहारिक रूप से, भारत में नदी के प्रवाह को रोकने के लिए जलाशय क्षमता का अभाव है, और सरकार ने जल विज्ञान संबंधी आंकड़ों का प्रकाशन फिर से शुरू नहीं किया है। इसका मतलब है कि बाढ़ या सूखे की स्थिति में, पाकिस्तानी किसान और आम लोग सबसे अधिक पीड़ित होंगे।

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई आतंकवादियों के खिलाफ है – लोगों के खिलाफ नहीं, चाहे वे भारत में हों या पाकिस्तान में। आतंकवादियों को अलग-थलग किया जाना चाहिए। पूरे समुदाय के खिलाफ लड़ाई से कभी भी सकारात्मक परिणाम नहीं मिलेंगे। इसलिए, सामरिक प्रतिक्रियाएं एक व्यापक और सैद्धांतिक रणनीति का विकल्प नहीं हो सकती हैं। यही कारण है कि विपक्षी दलों ने मौजूदा संकट के सभी पहलुओं पर चर्चा करने के लिए संसद के विशेष सत्र की मांग की है। सोलह दलों ने पहले ही सरकार को संयुक्त रूप से पत्र लिखकर ऐसे सत्र की मांग की है – जो स्थिति को स्पष्ट करने के लिए एक आदर्श मंच है। पैचवर्क समाधान वर्तमान में हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकते।

अभी भी, प्रधानमंत्री मोदी को युद्धकालीन नेता के रूप में चित्रित करने वाले हजारों कटआउट और बैनर पूरे देश में दिखायी दे रहे हैं। हमने भारत के चुनाव आयोग के साथ अपने संवाद में संघर्ष के इस राजनीतिकरण के बारे में चिंता जतायी थी। चुनावी विचारों से प्रेरित एक घरेलू अभियान अंतरराष्ट्रीय मंच पर उल्टा पड़ सकता है, जहां इसे भारत सरकार द्वारा युद्धोन्माद के रूप में देखा जा सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्तक्षेप के इर्द-गिर्द रहस्य, जो तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के बराबर है, को भी सरकार द्वारा संबोधित किया जाना चाहिए। यह द्विपक्षीय मामलों में बाहरी मध्यस्थता का विरोध करने पर भारत की लंबे समय से चली आ रही आम सहमति के बिल्कुल विपरीत है।

अब एक गंभीर प्रयास ईमानदारी से शुरू होना चाहिए – संसद का एक विशेष सत्र बुलाकर, जम्मू और कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करके, और रोजमर्रा के शासन में लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों को पुनर्जीवित करके। वर्तमान चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने का यही एकमात्र सार्थक रास्ता है।

## अब गुजरात में न्याय की धज्जियां उड़ाता बुलडोजर राज

■ डॉ.इंदिरा हिरवे व डॉ.नेहा शाह

दुनिया भर में निर्माण कार्यों के लिए बुलडोजरों का उपयोग किया जाता है लेकिन 'नए भारत' में बड़े पैमाने पर अपराधियों, दंगाइयों या माफिया से जुड़े कहे जाने वाले लोगों के घरों और संपत्तियों को नष्ट करने के लिए विनाश के एक उपकरण के रूप में उनका उपयोग किया जा रहा है। ज्यादातर मामलों में लक्षित गरीब लोग होते हैं उनमें से कई अल्पसंख्यक समूहों से होते हैं और इस तरह बुलडोजर एक नए राजनीतिक उपकरण में बदल जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री थे जिन्होंने तत्काल न्याय के लिए एक असाधारण उपकरण के रूप में बुलडोजरों का उपयोग किया। इस प्रथा को अब प्रचलित किया जा रहा है। अन्य राज्य भी इसका अनुसरण कर रहे हैं।

ताजा मामला गुजरात सरकार का है जिसने पहले से ही झुग्गी उन्मूलन के लिए कार्यक्रम शुरू कर दिए हैं। ये स्लमों के पुनर्वास और पुनर्विकास हेतु विनियमन-2010 अधिनियम के रूप में ('गुजरात स्लम पुनर्वास नीति- पीपीपी- 2013ज [झुग्गीवासियों के पक्के घरों में पुनर्वास के लिए] और 'गुजरात किफायती आवास नीति- 2014' ('शहरी गुजरात को झुग्गी मुक्त बनाने') आए थे जिसमें गुजरात राज्य में स्लम क्षेत्रों के सुधार तथा उनके विकास का प्रावधान है। ये सभी गुजरात सरकार और अहमदाबाद नगर निगम द्वारा घोषित आधिकारिक नीतियां हैं।

अतिक्रमण के खिलाफ़ उठाए गए कदमों की एक श्रृंखला में हाल के दिनों में दो प्रमुख अभियानों में बुलडोजरों का उपयोग किया गया है। अप्रैल और मई 2025 में अहमदाबाद में, विशेष रूप से चंदोला झील क्षेत्र में घर तोड़े गए। अहमदाबाद शहर के दक्षिणी भाग में स्थित चंदोला झील एक अर्ध-सूखे झील का क्षेत्र है जो लगभग 109 हेक्टेयर भूमि को कवर करता है। यह आधिकारिक तौर पर अहमदाबाद नगर निगम के अंतर्गत आता है। झील पर अतिक्रमण कुछ किसानों द्वारा छोटे पैमाने पर फसल की खेती के साथ शुरू हुआ। गरीब परिवारों ने रहने के लिए धीरे-धीरे झील के किनारों पर कब्जा करना शुरू कर दिया और समय के साथ व्यापक क्षेत्र पर कब्जा किया गया। यहां के अधिकांश परिवार छोटे-मोटे व्यापार और विनिर्माण कार्यों में लगे हुए थे जो निर्माण कार्य, घरेलू काम, सब्जियां बेचने और अन्य दिहाड़ी काम करने वाले मजदूर थे। झील के एक छोटे से हिस्से पर, जिसे बंगला-वास के नाम से जाना जाता है, बांग्लादेशी प्रवासियों का कब्जा था। समय के साथ इस क्षेत्र ने छोटे स्थानीय क्षेत्र की व्यावसायिक गतिविधियों के एक पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित किया। कुछ लोगों ने कानून की सीमाओं को तोड़ा और स्थानीय गिरोहों को जन्म दिया। अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) द्वारा शुरू किए गए इस तोड़फोड़ से 7,000 से अधिक संपत्तियां प्रभावित हुई हैं जो ज्यादातर अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के स्वामित्व वाली हैं। कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के चार दिन बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई हुई। स्थानीय रिपोर्टों में कहा गया है कि अधिकारियों ने चंदोला के निवासियों को बिना दस्तावेजों वाले बांग्लादेशी अप्रवासियों के संदेह में हिरासत में लेना शुरू किया। बुलडोजरों की मदद से तोड़फोड़ 2023 में शुरू हुई थी पर वर्ष 2024 में गुजरात में बहुत अधिक कार्रवाइयां देखी गईं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को 'दादा' के नाम से जाना जाता है पर उनके शासन काल में बुलडोजर राज को 'दादा का बुलडोजर' कहा जाने लगा है। गुजरात में बुलडोजरों का मुख्य फोकस सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने पर रहा है। राज्य सरकार ने 2024 के अंत तक पूरे गुजरात में कई बार बुलडोजरों का प्रयोग किया। प्रमुख घटनाएं अहमदाबाद शहर, मेहसाणा, कच्छ, जूनागढ़, द्वारका, वडोदरा, सूरत, नवसारी और अन्य शहरों में हुई हैं। जिन क्षेत्रों में ये कार्रवाइयां की गईं वे ज्यादातर गरीब, वंचित समूहों की बस्तियां हैं जिनमें अल्पसंख्यक भी शामिल हैं। इन लोगों पर अवैध गतिविधियों और स्थानीय अपराधों में शामिल होने का आरोप है। जैसा कि कार्रवाई स्थलों से दिखाई पड़ता है कि बुलडोजर का कहर गरीब क्षेत्रों में हुआ और उसके दायरे में कभी भी पड़ोस के संपन्न इलाके नहीं थे।

2022 में एक स्थानीय पार्षद ने एक मानवाधिकार वकील के साथ मिलकर एएमसी से झुग्गी पुनर्वास योजना के तहत यहां रहने वाले परिवारों के पुनर्वास पर विचार करने का अनुरोध किया पर एएमसी ने इस विषय को इस आधार पर आगे नहीं बढ़ाया कि उस समय उसके पास कोई योजना नहीं थी। यह बात पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज़ (पीयूसीएल), अहमदाबाद के मानवाधिकार वकील आनंदवर्धन याग्निक ने बताई। याग्निक अहमदाबाद तोड़-फोड़ सहित मानवाधिकारों के उल्लंघन से संबंधित कानूनी मामलों में शामिल रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से हाशिए के समुदायों को लक्षित करने वाले विध्वंस के खिलाफ यह तर्क देते हुए कहा है कि ऐसी तोड़-फोड़ अक्सर उचित कानूनी प्रक्रियाओं के बिना किए जाते हैं जिससे विस्थापन और कठिन होता है। पहलगाम की घटना के बाद गुजरात नेतृत्व ने कथित तौर पर चंदोला क्षेत्र पर अपना ध्यान केंद्रित किया और एएमसी की मदद से कार्रवाई शुरू कर दी। 26 अप्रैल को तड़के 3 बजे एक टीम तलाशी अभियान के लिए आई। उसने 890 व्यक्तियों की पहचान की और उन्हें पुलिस सुरक्षा में अंधेरी रात में 4 किमी से अधिक दूर स्थित कांकरिया फुटबॉल मैदान ले गई। उन्हें वहां तीन दिनों तक रखा गया। अधिकारियों ने अंतत: पाया कि इनमें से केवल 150 व्यक्ति (16-17 प्रतिशत) अवैध रूप से बांग्लादेशी प्रवासी थे। 29 अप्रैल को 2,000 नगरपालिका कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों की टीम, एक दर्जन से अधिक बुलडोजर, लगभग 200 ट्रकों के साथ चंदोला झील पहुंची और उसने निवासियों के घरों, दुकानों और अन्य संपत्तियों को ढहाना शुरू कर दिया। लगभग 3,000 महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों को 44 डिग्री सेल्सियस के तापमान में भीषण गर्मी में, खुले में रहने को मजबूर कर दिया। पीयूसीएल इस मुद्दे पर एएमसी के खिलाफ मुकदमा लड़ रहा है और उसकी रिपोर्टों में ये विवरण दिया गया है। कार्रवाई करने वालों को इस बात की कोई चिंता नहीं थी कि विस्थापित कहां जाएंगे और कहां रहेंगे। अगले दिन राष्ट्रीय समाचार पत्रों में यह खबर छपी कि सरकार ने चंदोला झील से अवैध रूप से बसे बांग्लादेशियों को सफलतापूर्वक बाहर निकाल दिया है लेकिन उसमें यह उल्लेख नहीं था कि उनमें से अधिकांश अप्रवासी नहीं बल्कि भारतीय नागरिक थे। चंदोला झील स्थल पर पूरी कवायद कई सवाल उठाती है, जिनमें सबसे उल्लेखनीय यह है कि झुग्गी कॉलोनी पिछले कुछ वर्षों में अधिकारियों की जानकारी में ही बढ़ी है। इसके अलावा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित बेदख़ली के नियमों का पालन नहीं किया- जैसे कि बेदख़ली से पहले न्यूनतम अवधि की उचित नोटिस देना। लंबे समय से रह रहे लोगों को तत्काल हटाने की क्या जरूरत थी? इसके अतिरिक्त यदि अहमदाबाद के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र का इतने वर्षों में पुनर्विकास नहीं किया जा सका तो मलिन बस्ती पुनर्वास नीति का क्या कार्य है? पहलगाम घटना के मद्देनजर हुई यह कार्रवाई इसे झुग्गी-झोपड़ी हटाने की गतिविधि से अधिक कुछ संकेत देने के लिए एक खतरनाक विध्वंस का रंग देती है। ऐसा लगता है कि यह उन क्षेत्रों को अपना निशाना बना रहा है जिसमें भारतीयों और आप्रवासियों को एक साथ रखा जाता है और सभी गरीबों के- चाहे वह भारतीय हो या नहीं, अधिकारों का सम्मान नहीं किया जाता है। निश्चित रूप से बिना वैध दस्तावेज़ों के आव्रजन का मुद्दा एक वैध चिंता का विषय है पर इससे निपटना संवैधानिक मूल्यों और मानवीय गरिमा के साथ संरेखित होना चाहिए। इसमें गुजरात सरकार साफ तौर पर फेल हो गई है।

**( डॉ. इंदिरा हिरवे अर्थशास्त्र की प्रोफेसर व डॉ.नेहा शाह एसोसिएट प्रोफेसर हैं )**

**बुलडोजरों की मदद से तोड़फोड़ 2023 में शुरू हुई थी पर वर्ष 2024 में गुजरात में बहुत अधिक कार्रवाइयां देखी गई। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को 'दादा' के नाम से जाना जाता है पर उनके शासन काल में बुलडोजर राज को 'दादा का बुलडोजर' कहा जाने लगा है। गुजरात में बुलडोजरों का मुख्य फोकस सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने पर रहा है।**

### सीवर या सड़क निर्माण के दौरान लाइन क्षतिग्रस्त होने का मुद्दे देशबन्धु के उठाने पर महापौर ने कहा

# पानी की लाइन को क्षतिग्रस्त करने वालों पर होगी कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में आये दिन सीवर लाइन बिछाने या सड़क निर्माण इत्यादि के कार्यो के दौरान पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से शहरवासियों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। पिछले दिनों पांच से छ दिनो तक शहर की आधी आबादी प्यासी रही। ननिज प्रशासन बड़ी मुश्किलों के बीच पानी के टैंकरों से जलापूर्ति कर पाया था।

उक्त विषय को **देशबन्धु** ने शनिवार स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उठाया। इसके परिपेक्ष्य में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि यह बात सही है कि इस तरह की लापरवाही से जनता को जल संकट के रूप में सामना करना पड़ा। इसी को ध्यान में रखते हुये महापौर ने भरोसा दिलाया कि जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दे पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसके लिये जवाबदार लोगों पर भविष्य में कड़ी कार्रवाई के संके त दिये गये। ताकि विकास कार्यो के क्रियान्वयन के चलते आम जनों को पानी जैसी जरूरी सेवा से वंचित न होने पड़े। गौरतलब है कि शास्त्री नगर के पास पूर्व में मेन और वेकल्पिक लाइन सड़क-पुलिया निर्माण के दौरान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसे सुधारने के लिये बाहर से जानकार बुलाने पड़े थे, इसके




बाद भी पांच से छ दिन का समय लग गया था।

**सीवर लाइन बिछाने में तेजी-** वर्तमान स्थिति में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के ढाई वर्षों के कार्यकाल में सीवर लाइन बिछाने के कार्यों में तेजी आई है और सीवर लाइन की परेशानियों से नागरिकों को काफी राहत मिली है। प्रेसवार्ता के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि उनके कार्यकाल के ढाई वर्षों में अमृत 1.0 अंतर्गत जोन क्रमांक 2,3,4 एवं 5 के छूटे क्षेत्रों में सीवर पाइप लाइन बिछाने का कार्य 71.4 कि.मी., 60 हजार से अधिक हाउस कनेक्शन एवं 95 एम.एल.डी.के 3 बड़े एस.टी.पी. प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण कराये गए हैं। उन्होंने बताया कि सीवर का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है मात्र 1 कि.मी. का री-स्टोरेशन के कार्य शेष बचे हैं। उन्होंने बताया कि जून तक 1 लाख कनेक्शन और किये जायेगें एवं दिसम्बर 2025 तक पुराने कार्य को पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि 881 करोड़ रूपये की लागत से सितम्बर माह से सीवर के नए कार्य शुरू किये जायेगें, इसके लिए कार्य योजना तैयार कर ली गयी है।

**3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बने**-महापौर ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2007 से वर्तमान तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रोजेक्ट उदय (ए.डी.बी. लोन) के अंतर्गत कुल 74.5 कि.मी. सीवर लाइन बिछाने अमृत 1.0 के अंतर्गत कुल 246 कि.मी. सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है एवं क्षमता 95 एम.एल.डी. के तीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एस.डी.पी. का निर्माण कार्य कराया गया। अब नई तकनीक का उपयोग किया जायेगा इससे सड़क क्षतिग्रस्त नहीं होंगी।

**ढ़ाई लाख से अधिक घरों तक जलापूर्ति**- इस मौके पर महापौर ने बताया कि जल्द ही नगर में ढ़ाई लाख से ज्यादा घरों में पेयजल पहुंचने लगेगा, अभी 1.71 लाख नल कनेक्शन के माध्यम से जलापूर्ति जारी है, साल 2026 दिसंबर तक हर घर नर्मदा जल पहुंचाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम डा. मोहन यादव के मार्गदर्शन में नगर सरकार करने वाली है। इसकी तैयारी कर ली गई है। 1 लाख नवीन जल नल कनेक्शन देने का कार्य शुरू किया जा रहा है। उन्होंने नर्मदा का स्वच्छ बनाने की तरफ विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**ये रहे उपस्थित**- पत्रकार वार्ता के दौरान ननिज अध्यक्ष रिंकुज विज, एमआईसी सदस्य दामोदार सोनी, विवेक रामसोनकर, सुभाष तिवारी, अंशुल राघवेंद्र यादव, रजनी कैलाश साहू, आदि शामिल थे।




## विश्व पर्यावरण दिवस पर स्काउट्स एंड गाइड्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ग्वारीघाट, जबलपुर में एक प्रेरणादायक आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें पर्यावरण संरक्षण की भावना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित प्रोजेक्ट सीएलएपी के अंतर्गत आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5 बजे एक जागरूकता रैली से हुई। स्काउट्स एवं गाइड्स के बच्चों ने हाथों में स्लोगन तख्तियाँ लेकर नो सिंगल यूज़ प्लास्टिक और स्वच्छ भारत जैसे संदेशों के साथ लोगों को जागरूक किया। रैली का उद्देश्य आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना रहा। रैली के बाद नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। साथ ही कार्यक्रम के अंत में दर्शकों को कपड़े से बने थैले भेंट किए गए, ताकि वे अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाएँ।

पूरे कार्यक्रम का संचालन और निर्देशन घनश्याम सोनी (जिला शिक्षा अधिकारी), ललित कुमार मिश्रा (भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, जबलपुर), अजय तिवारी (संरक्षक), एवं डॉ. विजयकांत तिवारी (जिला मुख्य आयुक्त) के मार्गदर्शन में हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में वी.के. झारिया (सचिव), श्रीमती अमिता (संयुक्त सचिव), श्रीमती प्रतिभा दुबे, श्रीमती मंत्रों इक्का, सुश्री दीप्ति ठाकुर, राहुल राजपूत (जिला समन्वयक), श्रीमती शुभांगी तिवारी, किरण येवले, शुभम ठाकुर, दीपक नामदेव, एवं लुकास जुम्मन का सराहनीय योगदान रहा। विशेष सहयोग रोवर जुनैद खान एवं रेंजर आयुषी राठौर द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में जबलपुर जिला संघ के अंतर्गत यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, अधारताल, यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, गोहलपुर, डब्ल्यूएसईसी स्कूल (रेलवे), आर्मी पब्लिक स्कूल, सेंट आलॉयसियस स्कूल, रिमझा विद्यालयों से सहभागिता रही।

## कुर्बानी का पर्व ईदुज्जुहा आज

**रानीताल ईदगाह में प्रात: 10.30 बजे अदा की जाएगी ईदुज्जुहा की नमाज़**

**जबलपुर, देशबन्धु।** कुर्बानी का पर्व ईदुज्जुहा आज शनिवार को परम्परागत आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस्लामी धर्मग्रंथों के अनुसार लगभग 5 हजार वर्ष पूर्व पैगम्बर हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने प्रिय फरजंद हज़रत इस्माईल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी के वास्ते पेश किया था। दरअस्ल यह इम्तेहान था जिसमें हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम कामयाब हुए और खलीलुल्लाह कहलाए। हजरत इस्माईल अलै. के बदले में एक दुम्बा की कुर्बानी कबूल हुई। कुर्बानी की इस महान यादगार के उपलक्ष्य में हर साल दुनिया भर के मुसलमान ईदुज्जुहा पर बकरे की कुर्बानी पेशकर अल्लाह के हुजूर में अपनी बंदगी का सबूत पेश करते हैं।

### अपील -

मुफ्ती ए आजम म. प्र. हज़रत, मौलाना, डाक्टर मुहम्मद मुशाहिद रज़ा कादरी ने ईद की मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि पर्व को शालीनता और भाईचारे के साथ मनाएं और किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे इस बात का ख्याल रखें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दे! ईद की नमाज़ के संबंध में मौलाना साहब ने

कहा है कि जैसे पहले ईद की नमाज़ अदा की जा रही थी, यथावत जगह (उसी जगह) इस साल भी अदा की जाए। किसी भी नई जगह पर नमाज़ अदा नहीं की जाएगी।

**ईदगाह कला रानीताल** - प्रात: 10.30 बजे रानीताल ईदगाह में नायबे मुफ्ती-ए-आज़म सूफी ज़ियाउल हक कादरी बुरहानी ईदुज्जुहा की नमाज अदा करायेंगे। नमाजियों से वक्त की पाबंदी का खास ख्याल रखने की गुजारिश की गई है।

**गोहलपुर, सदर, गढ़ा**- मोमिन ईदगाह गोहलपुर में प्रात: 8 बजे ईदुज्जुहा की नमाज हाफिज मुहम्मद ताहिर साहब अदा करायेंगे। वक्फ मोमिन ईदगाह गोहलपुर के पदाधिकारियों ने वक्त पर पहुंचने की अपील की है।

**ईदगाह सदर बाजार** में प्रात: सुबह 9 बजे हजरत मौलाना जियाउर रजा चांद कादरी ईदुज्जुहा की नमाज अदा करायेंगे। गढ़ा ईदगाह में प्रात: 10 बजे हाफिज काजी अमीर अशरफ हुसैनी मियां ईदुज्जुहा की नमाज अदा करायेंगे।

**शिया जामा मस्जिद** - शिया जामा मस्जिद जाकिर अली फूटाताल में प्रात: 10 बजे मौलाना हैदर मेहदी ईदुज्जुहा की नमाज अदा करायेंगे।

## एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग की थीम पर होगा ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संपूर्ण प्रदेश में जिला स्तर से लेकर विकासखण्ड स्तर और ग्राम पंचायत स्तर तक सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूरा हो रहा है इसे देखते हुये अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंटडाउन एवं अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायें।

ज्ञात हो कि योग को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के फलस्वरूप सयुंक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2015 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया था। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योग ( योगा फॉर वन अर्थ, वन नेशन) निर्धारित की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी विभागाध्यक्षों, सभी संभाग कमिश्नर एवं सभी जिलों के कलेक्टर को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के सबन्ध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदेश में जिला स्तर और विकासखण्ड स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजित किये जाने वाले सामूहिक योग के कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक, आई टी आई एवं समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के छात्रों के अलावा अन्य समस्त शैक्षणिक सस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। साथ ही योग सस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन तथा आम नागरिकों की सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।

## विधायक रोहाणी ने किया महाकोशल कॉलेज के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का विधायक अशोक रोहाणी ने शुक्रवार को निरीक्षण किया।

इस दौरान श्री रोहाणी ने निर्माताओं को महाविद्यालय भवन के चारों ओर फर्शीकरण करने और भवन निर्माण में किसी भी प्रकार की कमी न रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने महाविद्यालय के इस भवन का भूमि पूजन किया था और उद्घाटन भी मुख्यमंत्री डॉ यादव के कर कमलों द्वारा ही होगा।

निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय की जनभागीदारी समीति के अध्यक्ष आशीष राव, प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, प्रो. अरुण शुक्ल, डॉ. रवीश तमन्ना ताजिर, संजय कपूर, झूमा वर्मा, तृष्णा चटर्जी, श्याम कनौजिया, नीलेंद्र चटर्जी, वेद महावर, सुधीर शर्मा, अभिषेक पाल, नंदलाल चौधरी, राजेश श्रीवास, जागेश समुन्द्रे, अभिषेक कुमार, नीलू गोटिया, विपिन महलोरिया, सोना वर्मा, ऊमिला शर्मा, पुनीत यादव, लता रजक, राजेश शर्मा एवं बलराम बागरी उपस्थित रहे।




## भाजपा जबलपुर ग्रामीण की कार्यशाला सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व कर आह्वान पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा मोदी सरकार के 11 साल - संकल्प से सिद्धी को लेकर संगठनात्मक कार्यक्रमों की रचना हेतु भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण जिले की कार्यशाला जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई।

कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से पूर्व जिला अध्यक्ष रानू तिवारी ने कार्ययोजना को विस्तार से बताया।

कार्यशाला को वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई ने संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन महामंत्री राजेश दाहिया एवं आभार डॉ सुभाष तिवारी ने व्यक्त किया।

कार्यशाला में नंदनी मरावी, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोटिया, देवेन्द्र नायक, कृष्णशेखर सिंह, पुष्पराज सिंह, रूपेश पटेल, भरत मिश्रा, आचार्य जगेंद्र सिंह, विद्या चौरसिया, अर्चना सिसोदिया, नीता परवार शामिल रही।

## ब्लूम आर्ट कला उत्सव एवं द्वि दिवसीय चित्रकला कार्यशाला आज और कल

**जबलपुर, देशबन्धु।** नृत्यांजलि कला अकादमी एवं कला वृक्ष गुरुकुल के संयुक्त तत्वावधान में युवा कलाकारों की प्रतिभा को निखारने ब्लूम आर्ट कला उत्सव का द्वि दिवसीय आयोजन 7 एवं 8 जून को कला वीथिका में किया गया है।संयोजक शलभ नायक एवं कामना नायक ने बताया कि चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ दोपहर 4ः00 बजे इंदिरा कला संगीत विद्यालय खैरागढ़ के सहायक प्राध्यापक संदीप किंडो, एकलव्य विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.सरिता पांडे एवं वरिष्ठ कलाकार समता दुबे करेंगी।द्वितीय दिवस चारकोल पर आधारित चित्रों की कार्यशाला एवं उत्तराखंड की लोक कलाओं पर व्याख्यान होगा।

## तत्पर पोर्टल के अपग्रेड वर्जन 2.0 के माध्यम से किया जायेगा भविष्य निधि देयकों का भुगतान

**जबलपुर, देशबन्धु।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, (ईपीएफओ) के आंचलिक कार्यालय (मप्र-छग), भोपाल ने अपने तत्पर पोर्टल को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए तत्पर 2.0 वर्जन लॉन्च किया है। दुर्घटना या अन्य किसी आकस्मिक कारण अथवा बिमारी के कारण यदि किसी निजी कंपनी, कारखाने, सार्वजनिक उपक्रम, परिषद इत्यादि में कार्यरत किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो संबंधित नियोक्ता या मृतक सदस्य के संबंधि इस पोर्टल पर सूचना दे सकते हैं।

राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त- । ने बताया कि कर्मचारी के आश्रितो के हित को ध्यान में रखते हुये यह पहल की गयी है। तत्पर 2.0 वर्जन को इस परिकल्नर के साथ लॉन्च किया गया है कि ''साथ छूटने पर भी, सहायता नहीं छूटनी चाहिए'' यह आपके अपनो के लिए संगठन का वचन है। इस पोर्टल के माध्यम से एक क्लिक में आप अपने प्रियजनों के परिवार को नई उम्मीद दे सकते है।

राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त- । ने यह भी बताया कि https://tatpar.org.in/ पर तत्पर 2.0 पोर्टल को एक्सेस कर आवश्यक सूचना प्रेषित की जा सकेगी। कर्मचाी की मृत्यु होने पर कोई भी संबंधित सामान्य जानकारी भरकर पोर्टल पर दे सकता है। सूचना मिलते ही ईपीएफ्ओ के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रभावित परिवार से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के उपरांत आश्रितों का पीएफ् पेंशन और बीमा का लाभ का भुगता तत्काल किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशंस में आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के अग्रणी तकनीकी महाविद्यालय तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशंस जबलपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर में प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाया गया इस वर्ष की थीम बीट प्लास्टिक पॉलूशन (प्लास्टिक प्रदूषण को हटाओ) पर आधारित यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत पौधा रोपण से हुई जिसमें प्रबंधन, फैकल्टी मेम्बर्स एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसके पश्चात छात्रों द्वारा नेचुरल फोटोग्राफी एवं रील मेकिंग के माध्यम प्लास्टिक से पर्यावरण जल स्त्रोंतों, जलीय जीवन, मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालने वाले कारणों पर फोटोग्राफी एवं रील मेकिंग के माध्यम से राजीव चित्रण किया गया। कार्यक्रम में रील मेकिंग में एमबीए के छात्र शिवम यादव तथा फोटोग्राफी में कम्प्यूटर साइंस की छात्रा तनिष झारिया ने प्रथम स्थान किया। संस्था द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मीमेन्टो दे कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के चेयरमेन आर.एच पहारिया ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों एवं छात्रों का हृदय से धन्यवाद दिया तथा पर्यावरण दिवस के प्रत्येक स्तर पर पर्यावरण संरचना ओर हमारी प्रकृति के रख रखाव पर युवा वर्ग को संकल्पित रहने को कहा। तथा उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के स्थान पर एक कपड़े के थैले का उपयोग करें। इस अवसर पर डॉ. आई के खन्ना ने अपने वक्तव्य में पर्यावरण सुरक्षा में युवा वर्ग की भूमिका विषय पर विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किये व पर्यावरण को बचाने हेतु नई तकनीक से रूबरू कराया। कार्यक्रम पर संस्था के चेयरमेन आर एन पहारिया, सचिव शरद कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष रतन कुमार खर्द, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आई के खन्ना, संस्था के डायरेक्ट एडमिन डॉ बी के साहू, डायरेक्टर काउंसिल डॉ अर्पित शुक्ला आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमबीए विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नितिन गौर, डॉ पर्व परमार, प्रो. गुरबानी कौर, प्रो.मेघा अग्रवाल, प्रो.कीर्ति पटेल, निधि सराफ आदि का सहयोग रहा कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो. गुरबानी कौर ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ पर्व परमार द्वारा किया गया।

## आर्म्स रेसलिंग में जारिश खान ने जीता ऑल चैम्पियन का खिताब



**जबलपुर,देशबन्धु।** फिनिक्स ग्रुप के चेयरमेन सुमित कालिया के मार्गदर्शन में संचालक बॉडी गिराज जिम मदन महल के द्वारा गोल बाजार में आयोजित म.प्र. आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता को आयोजन किया गया। जिसमें 40 से 50 वर्ग में तोशिफ रजा को गोल्ड, आदर्श डे को सिल्वर, निखिल को ब्राउंस, 60 किलो वर्ग में ताबिश खान, 70 किलो वर्ग में प्रिंस चक्रवर्ती गोल्ड, नैतिक विश्वकर्मा सिल्वर, बाबा खान ब्राउंस, 80 किलो वर्ग में डेंजिल गोल्ड, समर लाल सिल्वर, राजिक खान ब्राउंस, 90 किलो वर्ग में जारिश खान गोल्ड, कृष्णा पटेल सिल्वर, वाजिद खान ब्राउंस इस प्रतियोगिता में स्टेट के जनरल सेकेट्री अनवर पाशा इंडियन आर्म्स रेसलिंग के कल्चर सेकेट्री, भरत सोनू कांडा ने नेशनल में खेले जाने वाले खिलाड़ियों का चयन किया।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि फिनिक्स ग्रुप के चेयरमेन सुमित कालिया एवं अध्यक्षता म.प्र. कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कांडा, एवं विशेष अतिथि समाज सेवी दीपक सिंह राजपूत रहे। इस प्रतियोगिता में लक्की आरोरा प्रदीप पटेल, सहज सिंह तलूजा, राजिक खान, ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पावर मैनेजमेंट कंपनी चिकित्सालय में 9 जून को


**जबलपुर, देशबन्धु।** पावर मैनेजमेंट कंपनी के रामपुर स्थित चिकित्सालय में 9 जून को प्रातः 9 से शाम 4 बजे तक एक निजी पैथॉलाजी लेब के सहयोग से निःशुल्क पैथॉलाजी जांच शि?विर का आयोजन किया गया है।

निःशुल्क पैथॉलाजी जांच शिविर में कम्पलीट ब्लड काउंट, थायरॉयड प्रोफ़ाइल, एचबीए 1 सी, कम्पलीट लिपिड प्रोफ़ाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट किए जाएंगे। पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्मिक व उनके आश्रित उक्त सुविधा का लाभ बिना किसी भुगतान के ले सकेंगे। जांच के वक्त कार्मिक व उनके आश्रित को पावर मैनेजमेंट कंपनी की चिकित्सा पुस्त?का साथ लाना अनिवार्य होगा। ब्लड शुगर व लिपिड प्रोफाइल की जांच के लिए संबंधित व्यक्ति को खाली पेट आना आवश्यक होगा।

## विद्युत उपभोक्ता जागरूकता शिविर

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन के सामुदायिक भवन में आज शनिवार को दोपहर बारह बजे से विद्युत उपभोक्ता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित है। इसमें सोलर रूफटॉप संयत्र को लेकर किसानों को जानकारी दी जायेगी। मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना के क्रियान्वयन के लिये जागरूकता बढ़ाई जायेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य जागेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में उदयभान सिंह ठाकुर, समाज सेवी राकेश सिह, कार्यापालन यंत्री नवनीत राठौर मुख्य रूप से शामिल होंगे। सभी से कार्यक्रम का लाभ उठाने का आग्रह किया गया है।

## मुनिश्री प्रशस्तसागरजी ने दिया आत्मकल्याण का संदेश



**जबलपुर, देशबन्धु।** आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज सभा मवन में विराजमान आचार्यश्री समयसागरजी महामुनिराज के आज केशलोंच संस्कार विधिपूर्वक सम्पन्न हुए। दिगंबर जैन साधु परंपरा के अनुसार प्रत्येक दो से चार माह में वे अपने हाथों से ही केशों का लुंचन (उखाड़ना) करते हैं। यह कठिन तपस्या उनकी साधना का महत्वपूर्ण अंग है।

दिगंबर साधु कभी भी किसी से बाल नहीं कटवाते ना ही किसी कैंची उस्तरा का उपयोग करते हैं, किसी से बाल काटने का आग्रह करने से उसे पारिश्रमिक (पैसे) देना पड़ता है और साधु न तो धन रखते हैं और न ही किसी से मांगते हैं। केशलोंच वाले दिन वे पूर्ण निर्जल उपवास का पालन करते हैं। इस अवसर पर आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रशस्तसागरजी ने अपने प्रवचन में कहा कि यह मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है। हमें जैन कुल में जन्म और भगवान के प्रति श्रद्धा प्राप्त हुई है, यह पूर्व जन्मों के पुण्य का परिणाम है। इस जीवन के प्रत्येक क्षण का सदुपयोग कर ही आत्मकल्याण संभव है। धर्मसभा की शुरुआत में पिसनहारी मढ़िया तीर्थ के पदाधिकारियों एवं ट्रस्टियों ने आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज के दिव्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मंगलप्रार्थना की।

## श्री पंचमठा मंदिर में एकादशी 7 जून को



**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा स्थित पंचमठा मंदिर में लघु काशी, वृंदावन के दर्शन होते हैं। श्री मुरलीधर महाराज जी का नौका विहार दर्शन एवं पद गायन 7 जून को शाम 6 बजे से होगा। पं. अभिषेक शर्मा के अनुसार निर्जला एकादशी, हिंदू धर्म की सबसे कठिन और पुण्यदायी एकादशियों में से एक, इस वर्ष 7 जून 2025 को मनाई जाएगी। ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को पड़ने वाला यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है।

मान्यता है कि निर्जला एकादशी का व्रत रखने से साल की सभी 24 एकादशियों का फल प्राप्त होता है, जिससे भक्तों को सुख, समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह व्रत बिना जल और अन्न के किया जाता है, यही वजह है कि इसे साल की सबसे बड़ी एकादशी कहा जाता है। इस खास दिन पर पूजा-पाठ और दान के अलावा कुछ विशेष नियमों का पालन करना चाहिए और कुछ कार्यों से बचना चाहिए। निर्जला एकादशी पर तुलसी को जल देना वर्जित है। मान्यता है कि इस दिन माता लक्ष्मी, जो तुलसी में निवास करती हैं, निर्जल उपवास रखती हैं। इसलिए तुलसी को जल अर्पित करने से व्रत का पुण्य कम हो सकता है। यदि पूजा में तुलसी पत्र की आवश्यकता हो, तो एक दिन पहले ही इकट्ठा कर लें।

## ऑल इंडिया ट्रैक कैम्प में संस्कृति का आदान-प्रदान

### वनएमपी आर्टिलरी रेजिमेंट, ऑल इंडिया ट्रैक, 2 एमपी नेवल यूनिट कैम्प




**जबलपुर, देशबन्धु।** ऑल इण्डिया अमरकंटक ट्रैक कैम्प में डिप्टी ग्रुप कमाण्डर ने निरीक्षण कर कैडेट्स ने संवाद किया। डिप्टी ग्रुप कमांडर कर्नल एके गुप्ता, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय को कैडेट्स को गॉड ऑफ ऑनर दिया। इसके साथ ही उन्हें प्रकृति प्रेमी बनने के लिए प्रेरित किया। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल दिनेश चौहान ने पौधरोपण के फायदे बताए। शिविर में पांच राज्य मप्र, राजस्थान, उतराखण्ड, पंजाब, उत्तरप्रदेश से 510 कैडेट्स शामिल हुए हैं। कैडेट्स ने विभिन्न प्रांतों की संस्कृति, लोकगीत, नाटक एवं अन्य रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

#### यातायात नियमों की जानकारी

संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प की कड़ी में 2एमपी नेवल यूनिट का शिविर भी लगाया जा रहा है। शिविर में कैडेट्स को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। शिविर में 498 कैडेट्स ने सहभागिता की। शिविर से 38 सिलेक्टेड कैडेटस आगामी एनएससीआइजीसी का हिस्सा बनेंगे। कैम्प कमांडेंट ले. कमाण्डर श्रीकांत गर्ग के निर्देशन में दिन की शुरुआत पीटी, परेड, वेपन ट्रेनिंग एवं नेवल विषयों का गहन प्रशिक्षण के बाद हुई। यातायात थाने से आए डीएसपी संतोष कुमार शुक्ला ने यातायात के नियम बताए। सब लेफ्टिनेंट शुभम खरे ने पर्सनैलिटी डवलपमेंट पर व्याख्यान दिया। शिविर में थर्ड ऑफिसर नेहा सिंह, सीटीओ आकांक्षा पांडेय, सीटीओ रोहिला पिल्ले, पेटी ऑफिसर मनीष कुमार, पेटी ऑफिसर दीपक कुमार, पेटी ऑफिसर आरएस यादव, पेटी ऑफिसर शिवा गनेश, अंकुश त्रिपाठी, एलएस अविनाश का सहयोग रहा।

#### वनएमपी आर्टिलरी रेजिमेंट आउटरीच प्रोग्राम से जुड़े कैडेट्स

वनएमपी आर्टिलरी रेजिमेंट के तत्वावधान में वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प लगाया जा रहा है। कैम्प कमाण्डेंट सेना मेडल कर्नल विक्रांत त्यागी के निर्देशन में आउटरीच प्रोग्राम के अंतर्गत कैडेट्स को पौधरोपण से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। प्रोग्राम ऑफिसर एसके चौकसे, डिप्टी यूथ ऑफिसर हर्षद तलशकर, माय भारत प्रोग्राम ऑफिसर अतुल पांडे ने कैडेट्स को पौधरोपण करने की शपथ दिलवाई।

इस दौरान पर्यावरण पर आधारित लघु नाटिका का मंचन किया गया। समारोह में कैप्टन राजेश मास्तकर, ले. डॉ. अशोक नायक, ले. डॉ. राहुल कुमार झारिया, सूबेदार मेजर राकेश कुमार, सूबेदार नीरज सिंह, नायब सूबेदार सुनील कमल, आरएचएम के. संजय, हवलदार प्रदीप कुमार, हवलदार एम सेंथिल, हवलदार पुनीत कुमार, हवलदार सुशील कुमार मौजूद थे।

## शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में समागम रंगमंडल का नाट्य मंचन



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में समागम रंगमंडल के तत्वावधान में जूलियस सीजर नाटक का मंचन किया गया। नाटक मार्गदर्शक आशीष पाठक एवं निर्देशक स्वाति दुबे रहीं। 'जूलियस सीज़र' नाटक विलियम शेक्सपियर का एक शक्तिशाली नाटक है, जो प्राचीन रोम में महत्वाकांक्षा, दोस्ती और विश्वासघात की कहानी कहता है। जूलियस सीजर एक लोकप्रिय और सफल नेता है, लेकिन कुछ रोमन सीनेटरों को चिंता है कि वह बहुत शक्तिशाली बनता है और खुद को राजा बनाने के लिए तानाशाही करता है।

**प्रेम और कर्तव्य के बीच फंसा सीजर-** कहानी में बताया कि सीजर के सबसे करीबी दोस्तों में से एक है ब्रूटस। कैसियस और अन्य षड्यंत्रकारियों के आवेश में आकर ब्रूट्स सीजर को मारने की योजना में शामिल हो जाता है। हत्या के बाद सीज़र का दोस्त मार्क एंटनी मार्मिक भाषण देकर लोगों को षड्यंत्रकारियों के खिलाफ कर देता है।

**वफादारी और सम्मान की कहानी-** कहानी में आगे दिखाता है कि अराजकता के कारण गृहयुद्ध होता है, इसके दुखद परिणाम होते हैं। नाटक वफादारी, सम्मान, शक्ति और महत्वाकांक्षा विषयों से जुड़ा है।

यह कालातीत की कहानी यह भी संदेश देता है कि जहां ताज होता है, वहां चाकू होता है। मंच पर सहाना राजपूत, अन्वेषा पाठक, अभिजीत चौरसिया, समर्थ तिवारी, आरना जैन, परित्रा तिवारी, अवनिका कश्यप, अंशिका दुबे, पार्थ तिवारी, ओजस्वी पोगड़े, शिवानी चौरसिया, अजीत चौरसिया, नित्यांत चौरसिया, उन्नति गर्ग, अवनि गर्ग, आरुष मौर्य, अयान्या सिंह विश्वकर्मा आदि ने अभिनय किया।

## हंसते-हंसते कट जाएं रास्ते, जिन्दगी यूं ही...



**जबलपुर, देशबन्धु।** पैशन म्यूजिक संस्था के तत्वावधान में सदाबहार गीत संगीत कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम में गायक कलाकारों ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। संस्थापक मनोहर सोनी, डायरेक्टर सत्यमी ने संचालन किया। गायक कलाकारों ने यूं ही तुम मुझसे बात करते हो..., मैंने तेरे लिए ही सात रंग के सपने चुने..., दिल का नजराना ले लीजिए..., ए गुलबदन..., सागर किनारे दिल ये पुकारे..., दो लफ्जों में... परदेसिया... दिल तो है दिल...जैसे गीतों की प्रस्तुति दी गई। गायन तृप्ति मिश्रा, प्रीति पटेल, वंदना सिंह, आदर्श जाट, योगेंद्र प्रधान, मनोज पाटकर, पराग, सारिका विश्वकर्मा, अनुज श्रीवास्तव, सरोज विनोदिया, प्रशांत सोनी, डॉ. सी के तिवारी, विजय जाटव, साक्षी सराफ, रचना श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव ने किया।

## जैविक तरीके से संभव है प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग

### द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स जबलपुर लोकल सेंटर में कार्यक्रम




**जबलपुर, देशबन्धु।** द इंस्टीटयूशन ऑफ इंजीनियर्स जबलपुर लोकल सेंटर में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी एवं व्याख्यानमाला आयोजित हुई। कार्यक्रम का विषय कंट्रीब्यूशन ऑफ डिफेन्स- पीएसयूज़एक्स- जबलपुर डयूरिंग ऑपरेशन सिन्दूर- रोल ऑफ़ डीजीक्यूए था। आयोजन में अध्यक्ष इंजी. संजय मेहता, मानसेवी सचिव डॉ. राजीव जैन एवं नेशनल काउंसिल मेंबर इंजी. राकेश राठौर ने कार्यक्रम रूपरेखा प्रस्तुत की। पर्यावरण दिवस की थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन विषय पर प्रो. इंजी. राकेश कुमार जैन ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण बड़ी समस्या है, जिसका वन्यजीवों और पारिस्थितिकी तंत्र पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। प्लास्टिक को भौतिक, रासायनिक और जैविक तरीकों से विघटित किया जाता है। उन्होंने प्लास्टिक की री साइक्लिंग और री यूज पर जोर दिया।

#### ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा

कंट्रीब्यूशन ऑफ़ डिफेन्स पीएस यूज एक्स जबलपुर डयूरिंग ऑपरेशन सिन्दूर- रोल ऑफ डीजीक्यूए विषय पर कर्नल जीएस साईं कुमार, एसक्यूएओ, एसक्यूएइ ने व्याख्यान दिया।

उन्होंने बताया कि शहर की रक्षा सेवा उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहर की रक्षा इकाइयों में निर्मित उपकरणों का ऑपरेशन सिन्दूर में किस तरह से इस्तेमाल किया। इस मौके पर संयोजक इंजी. जयप्रकाश पराशर, सचिव इंजी. आशीष चक्रवर्ती, इंजी. मनीष वाजपेयी, इंजी. केके जैन, इंजी. सुरेंद्र सिंह पंवार, डॉ. आइके खन्ना, डॉ. संजय वर्मा, इंजी. राजेश सिंह ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष इंजी तरुण आनंद, पूर्व अध्यक्ष इंजी. पीसी दुबे, इं. लक्ष्मण दास, इं. हितेश तिवारी, इं. अनिंदय खरे, इं. मनीष कटारे का सहयोग रहा।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 07 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ शुक्ल पक्ष की द्वादशी नक्षत्र-चित्रा।**

मेष - आज भाग्य आपके साथ है, इसलिए आज आप समाज और लोगों से सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। आपका वैवाहिक और पारिवारिक जीवन संतुष्ट और सुखी रहेगा। आप मित्रों के साथ मौज-मस्ती और रोमांस का आनंद ले सकेंगे।

वृषभ - आज आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना पड़ेगा। किसी की हंसी उड़ाने से आप परेशान होंगे। गलतफहमी पैदा हो सकती है। मनोरंजन और मौज-शौक के पीछे खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा।

मिथुन - आज का दिन शुभ फलदायी और लाभकारी है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। पत्नी के पीछे खर्च होगा। अविवाहित लोगों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार एवं नौकरी में आय बढ़ेगी।

कर्क - शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दु:ख होगा।

सिंह - आज आपका शरीर और मन प्रसन्न रहेगा। भाई-बंधुओं के साथ का समय अधिक आत्मीयतापूर्ण रहेगा। मित्रों और संबंधियों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। प्रिय व्यक्ति के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत कर सकेंगे।

कन्या - आज आपके परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी और परिजनों के साथ आनंद मना सकेंगे। आज आपकी वाणी से लोग प्रभावित होंगे। प्रवास की संभावना है। मिष्ठान्न का आनंद पा सकेंगे। आयात- निर्यात के व्यवसाय में लाभ होगा।

तुला - अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

वृश्चिक - आज मौज-शौक और मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च करेंगे। आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रहा करेगा। आपके साथ दुर्घटना होने की संभावना है, इसलिए संभलकर चलने की सलाह दी जाती है।

धनु - आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे।

मकर - आपको बिजनेस में लाभ होने की संभावना है। आर्थिक और प्रवास की योजना बनाने की दृष्टि से भी अच्छा है। सरकारी कामकाज सरलता से पूरे होंगे। अधिकारी आपके काम से बेहद खुश होंगे।

कुंभ - आज आपका शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा न होने पर भी आप मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आज काम करने का आपका मन नहीं होगा। नौकरी में उच्च पदाधिकारियों से सावधान रहना आवश्यक है।

मीन - स्वास्थ्य के विषय में आपको सजग रहना पड़ेगा। बीमारी के कारण खर्च में वृद्धि होगी। काम में थोड़ी कठिनाई आ सकती है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद और मनमुटाव हो सकता है।

## नुक्कड़ नाटक : पर्यावरण का संदेश



**जबलपुर, देशबन्धु।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया। इस दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। महात्मा गांधी ग्रामीण विकास संस्थान अधारताल और राज्य आनंद संस्थान के पर्यावरण संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम हुआ। समारोह का हिस्सा संयुक्त कमिश्नर, अरविंद यादव, एके अम्बर, राजेश पटेल, लोक शिक्षण संभाग के मनोज काशिव, जिला समन्वयक दीप्ति ठाकुर, विप्रा मोदी, वंदना शर्मा ने पौधरोपण किया। इस दौरान गौरीघाट में कारसेवा भी की गई। आयोजन में स्काउट गाइड के चीफ कमिश्नर डॉ. विजयकांत तिवारी, विजय झारिया, अमिता चौधरी, प्रतिभा दुबे, एम इक्का, सीमा कश्यप का सहयोग रहा।

## पंजाबी थीम पर सेलिब्रेशन कर किया गिद्दा



**जबलपुर, देशबन्धु।** युवा सोनी महिला मंडल का पंजाबी थीम पर सेलिब्रेशन हुआ। आयोजन में महिलाएं गोटेदार सूट, काले चश्मे, रंगीन परांदा पहनकर पंजाबी कुड़ी बनकर आईं। सिद्धेश्वरी सराफ शीलू, मनीषा, रुबी, अनीता, संजना, शोभिता, कशिश, रागिनी, सुषमा, प्रेमलता, साक्षी, सरिता, रीता, शिवाली मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान हाउजी, गेम, कैटवॉक राउंड और पंजाबी गीतों पर गीत और नृत्य की प्रस्तुति बेमिसाल रही। थीम के अकॉर्डिंग लजीज व्यंजनों के चटकारे भी लिए गए। इसमें छोले भटूरे और दही संग जलेबी का स्वाद लिया गया।

## संभागीय पेंशन कार्यालय को न किया जाये भोपाल स्थानांतरित

**कर्मचारी जगत**

**जबलपुर, देशबन्धु।** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष पंडित अतुल मिश्रा एवं जिलाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी संभागीय पेंशन कार्यालय को राजधानी भोपाल स्थानांतरित करने की योजना लगभग बनाई जा चुकी है। पेंशन कार्यालय के कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त हुई है कि सितम्बर 2025 से पेंशन संबंधी प्रकरण भोपाल से निराकृत होंगे यदि शासन का यह फरमान लागू होता है तो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा संभाग स्तर पर पेंशन कार्यालय होने के बाद भी पेंशनरों को तकलीफ होती है, ऐसे में यदि पेंशन कार्यालय भोपाल जाते हैं तो प्रकरण का निराकरण समय पर नहीं हो पायेगा एवं कर्मचारी बेवजह परेशान होंगे। अत: संघ के अतुल मिश्रा, नितिन अग्रवाल, एस.के. प्रधान, के.के. डेहरिया, शोभाराम चड़ार, रत्नेश मिश्रा, अजय रजक, माधव पाण्डेय, प्रमोद वर्मा, संतोष पटेल, रीतेश वर्मा, किशोर दुबे, धन्यकुमार लोधी, सुरेन्द्र झारिया आदि ने संभागीय पेंशन कार्यालय को यथावत संभाग में रखने की मांग प्रदेश सरकार से की है।

### आयुध निर्माणी खमरिया से सेवानिवृत कर्मचारियों हेतु शिविर का आयोजन

लेबर यूनियन खमरिया द्वारा खमरिया से सेवानिवृत कर्मचारियों हेतु पुन: रविवार 08 जून को प्रात: 9 बजे से सीनियर स्टाफ क्लब के बाजू में नरेश कैफे वेस्ट लैंड में ओ टी एच आर ए के भुगतान हेतु शपथ पत्र भरने एवं स्पर्श संबंधी जानकारी प्रदान करने हेतु आयोजित किया जा रहा है क्योंकि गत रविवार को आयोजित शिविर के बाद भी कई सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं उनके परिजन शपथ पत्र भरने से वंचित रह गए थे। यूनियन के अर्नब दासगुप्ता पुष्पेंद्र सिंह शरद अलबाल सुकेश दुबे अनिल अग्रवाल हरीश चौबे दिनेश नामदेव गौतम शर्मा सिमेंद्र रजक एलील थंगराज ने लोगो से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में विगत दिवस आयोजित की गई बैठक में पेंशनर्स की लंबित समस्याओं पर चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दो बिन्दुओं को लेकर यदि सरकार ने हमारी मांगों के पूर्व 10 जुलाई 2025 तक नहीं की तो विवश होकर हमें प्रत्येक जिले में प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी के नेतृत्व में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करके सरकार को जगाते हुए अपना मांग पत्र कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव तथा छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य सचिव को प्रेषित करेगें। जिसमें विशेष रूप से 1-पेंशनर्स हित में वर्ष 2000 में पुर्नगठन अधिनियम की धारा 49(6) को वर्षाकालीन सत्र में विलोपित किये जाने का शासकीय संकल्प विधानसभा में लाया जाकर पारित किया जाये।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती कमला देवी आहूजा-** राइट टाउन निवासी श्री गिरधारी लाल आहूजा की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी आहूजा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री चंद्रशेखर गुप्ता-** नेशनल कॉलोनी रामपुर निवासी श्री चंद्रशेखर गुप्ता (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भरत प्रजापति-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री बलची प्रजापति के पुत्र श्री भरत प्रजापति (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश चंद-** चंद्रलोक परिसर रांझी मानेगांव निवासी श्री रमेश चंद (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमृत लाल पृथ्यानी-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री अमृत लाल पृथ्यानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**डॉ. राजेश शर्मा-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी डॉ. राजेश शर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज सिंह ठाकुर-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास घमापुर निवासी श्री मुरारी लाल ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज सिंह (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भीमा शंकर गावंडे-** समीक्षा टाउन कांचघर निवासी श्री भीमा शंकर गावंडे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सौरभ कोल-** पोलीपाथर लाइन पार निवासी श्री अनिल कोल के पुत्र श्री सौरभ कोल (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रीतेश ठाकुर-** गली नं. 6 त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री अशोक ठाकुर के पुत्र श्री रीतेश ठाकुर (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती तुलसा बाई पटेल-** रांझी पुरानी बस्ती स्थित कटनी दफाई निवासी श्री मंगल सिंह पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा बाई पटेल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि पिल्ले-** गली नं. 24 सदर पासी मोहल्ला निवासी श्री रवि पिल्ले (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

# तड़ीपार को देशी कट्टे के साथ पुलिस ने दबोचा

## लार्डगंज पुलिस की कार्यवाही

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला बदर के आदेश का उल्लंघन कर जीरो डिग्री क्षेत्र में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे तड़ीपार को पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा। जिसके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि रानीताल देशी शराब दुकान के पीछे रहने वाला 24 वर्षीय साहिल बेन एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध कई अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए 8 मई 2025 को उसके खिलाफ जिला बदर की कार्यवाहा कर उसे जबलपुर व समीपी जिलों से छह माह के लिये जिला बदर किया गया था। बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी साहिल बेन जीरो डिग्री क्षेत्र में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट व मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की।



(फाइल फोटो)

# वाहन चोर गिरोह पुलिस गिरफ्त में



## पांच दुपहिया वाहन बरामद

**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राईम ब्रांच ने पांच सदस्यीय वाहन चोर गिरोह को गिरफ्तार किया है। गिरोह के दो सदस्य नाबालिग है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के पांच वाहन बरामद किये है। गिरोह के सदस्यों ने विभिन्न थानान्तर्गत वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था।

क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक ल?का आजाद नगर सूपताल पनागर में एक्सिस लेकर घूम रहा है ,जो संभवता चोरी की है। क्राईम ब्रांच एवं थाना पनागर की संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर उम्र 17 वर्ष नाबालिग को रोककर एक्सिस को कागजात के सम्बंध में पूछताछ की। कागजात नहीं होना थाने लाकर पूछताछ की गयी तो किशोर ने एक्सिस चोरी की होना स्वीकार करते किया। उसने अपने एक 17 वर्षीय साथी के साथ मार्च 2025 में बिग बाजार ग्वारीघाट के सामने से उक्त एक्सिस एवं फरवरी में तिलहरी थाना बरेला में सिल्वर रंग की एक्सिस , तथा साथी आदित्य कोरी निवासी शाहीनाका के साथ अप्रैल 2025 में पनागर से काले रंग की एक्सिस , उमंग चौरसिया व मोहम्मद शादाब के साथ पनागर से दिसम्बर 2024 में सफेद रंग की एक्सिस एवं उमंग चौरसिया के साथ चौरई बरगी में काले रंग की होंडा शाइन मोटरसाइकिल चोरी करना बताया।

ग्वारीघाट के पास से चोरी की हुई नीले रंग की एक्सिस स्वयं रखना एवं चौरई बरगी के पास चुराई हुई मोटर साइकिल एवं एक एक्सिस उमंग चौरसिया के पास तथा पनागर से चुराई हुई 1 एक्सिस 17 वर्षिय साथी एवं 1 एक्सिस आदित्य कोरी तथा 1 एक्सिस शादाब के पास हेना बताया। पुलिस ने गिरोह के सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 35(1-3) बी.एन.एस.एस एवं 303 बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुये वाहन मालिक के सम्बंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।



## मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में पुलिस की गश्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** सीएसपी गोहलपुर सुनील नेमा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में गश्त की। ईद के मद्देनजर पुलिस मुस्लिम बहुल क्षेत्र गोहलपुर, रद्दी चौकी, अधारताल, चार खंबा आदि में सक्रिय है।

# छत से गिरी महिला ने दम तोड़ा, परिजनों ने हत्या के लगाए आरोप



**जबलपुर,देशबन्धु।** बेटी एमकाम पड़ी थी, वह कभी छत से गिरकर जान नहीं दे सकती है, पति और उसका पूरा परिवार आए दिन पैसों की डिमांड करते थे और इसकी जानकारी फोन पर बेटी देती थी, कल तो हद हो गई जब बेटी को दो मंजिला छत से नीचे फेंक दिया गया और अस्पताल में भर्ती कराकर पति और उसके परिवार के लोग गायब हो गए। बेटी ने आत्महत्या नहीं की है उसकी जान ली गई, पुलिस को इस प्रकरण में निष्पक्षता के साथ जांच करना चाहिए। यह आरोप रायपुर भाटापारा में रहने वाले मुरली झा ने लगाए। दरअसल मुरली की बेटी की शादी जबलपुर निवासी विपुल आहूजा से तीन साल पहले हुई थी, बेटी कल छत से नीचे गिर गई जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पिता मुरली का आरोप है कि जब से बेटी की शादी हुई तभी से दामाद और उसका पूरा परिवार दहेज की मांग कर रहे हैं, अपनी औकात से ज्यादा दहेज दिया था और समय-समय पर कुछ पैसे भी दिए थे। पैसों को लेकर कल दामाद और बेटी के बीच विवाद हुआ था कुछ घंटे बाद सूचना मिली कि बेटी अस्पताल में भर्ती यहां आए तो पता चला कि बेटी छत से गिर गई लेकिन बेटी के शरीर में चोट के निशान जिससे जाहिर होता है कि उसके साथ पहले मारपीट की गई फिर उसे छत से फेंका गया है।

**खाना-खजाना का ठेला लगाता है शराबी दामाद**

मृतिका के परिवार के लोगों का कहना था कि दामाद श्याम टॉकीज जबलपुर में खाना-खजाना का ठेला लगाता है और जो कमाई होती थी उससे शराब पीकर रोज घर पहुंचता था और बेटी के साथ मारपीट करता था। परिवार का आरोप है कि इतनी ब?ी घटना हो गई परंतु दामाद और उसके परिवार ने बेटी की कोई मदद नहीं की और न पुलिस मौके पर पहुंची।

**22 साल बेटी का पाला, ये तीन साल नहीं रख पाए**

बेटी के पिता, भाई और मां ने रोते हुए कहा कि 22 साल बेटी को बड़े नाजों से पाला उसकी हर इच्छा पूरी की परंतु तीन साल शादी के उसके लिए नरक बन गए। ससुराल पक्ष बेटी को तीन साल ठीक ढंग से नहीं रख पाया। बेटी को प्रताड़ित किया जाता रहा है लेकिन उसकी कही सुनवाई नहीं हुई आखिर में उसकी हत्या कर दी गई।

# वेयरहाउस के बाहर रखी हजारों क्विंटल धान में लगाई आग

**जबलपुर,देशबन्धु।** कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दोनी मार्ग में गुरुजी वेयरहाउस के सामने बीते लंबे समय से बाहर रखी किसानों की धान में बीती रात अज्ञात लोगों ने धान के ऊपर पेट्रोल डालकर उसे आज के हवाले कर दिया। इस घटना की जानकारी एसडीएम तहसीलदार एवं पुलिस को लगते ही दलबल सहित टीम में मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी एकत्रित करने में लगी हुई है।

इस घटना के संबंध में किसानों से मिली जानकारी के मुताबिक 27 किसानों की धान जो समिति ने खरीद ली थी वह अंदर नहीं की गई बाहर रखी हुई थी जिसमें बीती रात अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। किसानों ने बताया कि 50 लाख का भुगतान 27 किसानों को होना था। इस संबंध में किसानों द्वारा पूर्व में कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया गया था बावजूद इसके इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई। बीती रात किसानों को जैसे ही इस घटना की जानकारी लगी तो आज सुबह से ही गुरुजी वेयरहाउस में सैकड़ो की तादाद में किसान एकत्रित हो गए। और अपने भुगतान की मांग करने लगे। वही इस घटना के संबंध में पाटन एसडीएम मानवेंद्र सिंह ने बताया कि आग लगने वाले अज्ञात तत्वों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि गुरु जी वेयरहाउस में किसी भी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा नहीं लगे हैं जिससे इस वारदात को अंजाम देने वाले आरोपीयों तक पहुंचने में पुलिस को कठिनाई जा रही है। पुलिस द्वारा घटनास्थल का मुआयना कर रही है और तमाम बिंदुओं को ध्यान में रखकर आरोपियों की तलाश करने में लगी हुई है।




**किसानों ने लगाया अधिकारियों पर आरोप**

वहीं घटना के बाद आज सुबह से ही गुरुजी वेयरहाउस में पहुंचे सैकड़ो की तादाद में किसानों ने संबंधित अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण किसानों का भुगतान नहीं हुआ। जिससे किसान काफी परेशान है। उन्होंने यह भी बताया कि जिस धान में आग लगाई गई है उसकी तुलाई हो चुकी थी और किसानों के पास उसकी पर्ची भी है बावजूद इसके उनका भुगतान अधर में क्यों लटका हुआ है।

# आंख से देखने में असमर्थ युवक से रुपयों की मांग कर मारपीट

## अधारताल के निर्भय नगर में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** अधारताल थाना क्षेत्रातंर्गत निर्भय नगर में रहने वाले आंखों से दिव्यांग एक युवक से एक बदमाश ने शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करते हुए मारपीट कर दी। इसी दौरान युवक की भांजी मौके पर पहुंच गई, जिसने आरोपी को पहचान लिया। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करायी गई।



पुलिस ने बताया कि निर्भय नगर मामा किराना के आगे देसी आश्रम के पास रहने वाला 30 वर्षीय दीपक कुमार पटेल शेयर मार्केट का बिजनेस करता है और देखने में पूरी तरह असमर्थ है। बीती दरम्यानी रात जब वह अपनी भांजी प्राची के साथ घर पर था, उसी समय एक लड़का बाउण्ड्री कूदकर उनके घर के अंदर पहुंच गया और दीपक को अंधा देखते हुए उससे शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करने लगा। दीपक ने रुपये देने से मना किया तो आरोपी ने मारपीट शुरु कर दी, दीपक की आवाज सुन उसकी भांजी पहुंच गई, जिससे आरोपी को पहचान लिया। जिसने बताया कि आरोपी मोहल्ले में रहने वाला गौरव है।

## लार्डगंज पुलिस ने दबोचे पांच जुआड़ी, बीस हजार की नकदी जब्त

# मकान की तीसरी मंजिल पर लग रहा था ताश पत्तों पर दांव

**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज पुलिस ने रानीताल गेट नंबर-1 के पास स्थित देवेन्द्र पचौरी के मकान में दबिश दी। जहां मकान के तीसरे माले पर इक्का-बली पर दांव लगा रहे पांच जुआडियों को पुलिस ने दबोचा। जिनके पास से पुलिस ने ताश के 52 पत्तें व बीस हजार रुपये की नगदी जप्त करते हुए, सभी के खिलाफ जुआं एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रानीताल गेट नंबर-एक के समीप स्थित देवेन्द्र पचौरी के मकान में दबिश दी गई। जहां मकान के तीसरे मंजिल पर कुछ लोग ताश पत्तों पर हार जीत का दांव खेलते हुए मिले। पुलिस ने मौके से जानू सोनकर निवासी रानीताल देशी शराब ठेका के पीछे, राहुल घनघोरिया निवासी काली मंदिर क्वाटर खेरमाई वार्ड हनुमानताल, राजेश यादव निवासी दीक्षितपुरा नटबाबा की गली कोतवाली, मोहम्मद अजमेरी निवासी गलगला टोरिया बेलबाग, सलीम अहमद निवासी मोबिनपुरा थाना कोतवाली को हिरासत में लिया। जिनके पास से पुलिस ने ताश के 52 पत्तें व बीस हजार रुपये की नगदी जप्त करते हुए सभी के खिलाफ जुआं एक्ट के तहत कार्यवाही की।



# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर थाना अंतर्गत कुशनेर ओवर ब्रिज के पास सड़क हादसे में विगत 5 जून को घायल हुए गोरखपुर रामपुर निवासी 17 वर्षीय अंश खटीक की उपचार दौरान मेडिकल अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सड़क हादसे में घायल अंश को उसकी मॉं अंजू खटीक ने उपचार के लिये भर्ती कराया था, जिसकी बीती रात उपचार दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# हाईकोर्ट ने आवश्यक विवरण के साथ केस डायरी की तलब

**जबलपुर,देशबन्धु।** बलात्कार पीडिता 14 साल बच्ची के साढ़े सात माह की गर्भपात होने के मामले को गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट जस्टिस दीपक खोत की अवकाशकालीन बेंच ने बच्ची के गर्भवती होने की सूचना देने में लापरवाही के मामले से राज्य सरकार को आवश्यक विवरण के साथ केस डायरी पेष करने के निर्देष दिये है। जिससे बच्ची के गर्भपात तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही पर निर्णय लिया जा सके।

बालाघाट जिला न्यायालय ने बलात्कर पीडित 14 वर्षीय बच्ची के गर्भपात की अनुमति के लिए हाईकोर्ट को पत्र लिखा था। हाईकोर्ट को पत्र 26 मई को प्राप्त हुआ था। पत्र के साथ सिविल सर्जन की रिपोर्ट में दुष्कर्म की रिपोर्ट थाने में कब दर्ज हुई,इसका कोई उल्लेख नहीं था। जिसे एकलपीठ ने गंभीरता से लेते हुए अपने आदेष में कहा है कि बलात्कार पीडिता के गर्भवती होने के संबंध में गर्भपात के लिए हाईकोर्ट ने 20 फरवरी 2025 को पारित आदेष में गाइडलाइन निर्धारित की है।

हाईकोर्ट ने अपने आदेष में कहा है कि बलात्कार के कारण पीडित के गर्भवती होने की सूचना थाना प्रभारी द्वारा आवष्यक रूप में संबंधित न्यायालय को प्रदान की जायेगी। नाबालिग रेप पीड़िता 24 हफ्ते (करीब 6 महीने) से ज्यादा गर्भवती हो, तो गर्भपात के लिए हाईकोर्ट से मार्गदर्शन लेना होगा। यह आदेश सभी जिम्मेदार विभागों को दिया गया था। बच्ची 7 महीने से अधिक अवधि से गर्भवती है। एकलपीठ ने राज्य सरकार को निर्देषित किया है कि सभी आवश्यक विवरण और केस डायरी के साथ रिपोर्ट पेष करें की किन परिस्थितियों में नाबालिग ल?की को सा? सात महीने का गर्भ समाप्त करने में देरी हुई। रिपोर्ट अगली सुनवाई या उससे पहले दाखिल की जाए। जिससे नाबालिग ल?की के गर्भ को समाप्त करने के लिए उचित निर्देश जारी किए जा सकें और लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।





## चेक बाउंस के मामले में छह माह की सजा

### न्यायालय ने लगाया 2 लाख 18 हजार रुपये का जुर्माना

**जबलपुर,देशबन्धु।** चेक बाउंस के मामले में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी वंदना सोनी ने रेलवे अस्पताल कर्मचारी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी को 6 माह के कारावास की सजा से दंडित करते हुए 2 लाख 18 हजार 355 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बजरंग कॉलोनी सिविल लाईन निवासी राजेश कुमार दुबे की तरफ से दायर परिवाद में कहा गया था कि वह वरिष्ठ अभियंता कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे में पदस्थ है। रेलवे अस्पताल में एचआर के पद पर कार्यरत राजीव एंथोनी राजन निवासी राजीव गांधी नगर कटंगा से अच्छा परिचय था। पारिवारिक आवश्यकता होने के कारण एंथोनी राजन ने परिवादी से एक लाख 42 हजार रुपये उधार लिए थे। परिवादी ने 42 हजार रुपये नगद तथा एक लाख का चेक दिया गया। इसके एवज में आरोपी ने परिवादी को पोस्ट डेटेड चेक दिया। चेक में उधार ली गयी राशि एक लाख 42 हजार अंकित थी। दोनों के बीच अनुबंध पत्र भी निष्पादित हुआ था। निर्धारित तिथि को परिवादी ने बैंक में चेक जमा किया था। बैंक खाते में अपर्याप्त राशि होने के कारण बाउंस हो गया। जिसके बाद आरोपी को लीगल नोटिस भेजा गया था। निर्धारित अवधि में आरोपी की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया। न्यायालय ने परिवाद की सुनवाई करते हुए आरोपी को उक्त सजा व जुर्माने से दंडित किया।

## मासूम बच्ची को जबरन ले गया पति

### पत्नी ने हाईकोर्ट में दायर की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका,नोटिस जारी

**जबलपुर,देशबन्धु।** महिला ने पति पर मासूम बच्ची जबरन ले जाने का आरोप लगाते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट जस्टिस अचल कुमार पालीवाल व जस्टिस दीपक खोत की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई 9 जून को निर्धारित की गयी है।

याचिकाकर्ता रीवा रोड सतना निवासी मेघा गांधी की तरफ से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया था कि पति राहुल से पारिवारिक विवाद होने के कारण वह अपनी साढ़े तीन वर्षीय बच्ची के साथ अलग रहती थी। वह अपनी बच्ची के साथ 20 मार्च को बाजार गयी हुई थी। कार में बच्ची बैठी हुई थी और वह कुछ सामान लेने दुकान चली गयी थी। इस दौरान पति राहुल बच्ची को लेकर चला गया।

बच्ची के लापता होने पर उसकी तलाश प्रारंभ की। तभी पति राहुल ने फोन कर बताया कि बच्ची उसके साथ है। जिसके बाद उसने कोतवाली थाना पहुंचकर पति द्वारा बच्ची को जबरन ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज करने के बावजूद भी पुलिस द्वारा बच्ची को तलाशने के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी। जिसके बाद उक्त बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गयी है। याचिका में राज्य शासन, गृह सचिव, एसपी सतना, थाना प्रभारी सतना कोतवाली सहित अन्य को पक्षकार बनाया गया था। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद सभी अनावेदको को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता आदित्य अधिकारी ने पैरवी की।

## झुग्गी झोपड़ी बस्ती में लगाया विधिक जागरुकता शिविर

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में झुग्गी झोपड़ी बस्ती नंबर एक गोहलपुर और रानी दुर्गावती हायर सेकेंडरी स्कूल, गंगानगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शक्ति रावत, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अन्याय को सहना भी अपने साथ एक अन्याय है। अगर हमारे साथ अन्याय होता है तो हमें कानून का उपयोग ढ़ाल के रूप में करना चाहिए न कि हथियार के रूप में किया जाना चाहिए। इसी क्रम में उनके द्वारा झुग्गी झोप?ी, बस्ती नंबर-एक गोहलपुर जबलपुर उपस्थित बच्चों और महिलाओं को बताया गया कि निश्शुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करना उनका अधिकार है। जिसके लिए तहसील न्यायालय में तहसील विधिक सेवा समिति एवं जिला न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निशुल्क सलाह और सहायता प्राप्त कर सकते है।

# पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े

## मझौली के नयागांव क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** मझौली थाना क्षेत्रांतर्गत नयागांव क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी, डंडों व रॉड से हमला कर दिया। जिससे दोनों पक्षों के लोगों को चोटे आ गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



पुलिस ने बताया कि नयागांव नि वनासी 38 वर्षीय सुनील मेहरा अपनी मॉं के साथ घर के समीप बने मंदिर के पास खड़ा था। उसी समय राजेश उसकी भतीजी मानसी के साथ गालीगलौज कर रहा था। जिसे सुनील व उसकी मॉं त्रिवेणी बाई ने मना किया तो राजेश ने गाली गलौज शुरु कर दी, इसी दौरान राजेश का भाई बबलू उर्फ राघवेन्द्र झारिया व राजेश की पत्नी जावित्री बाई भी पहुंच गई। तीनों ने लाठी, डंडों से मारपीट कर दी। वहीं राजेश मेहरा ने शिकायत दर्ज करायी कि पुराने विवाद को लेकर बब्लू उर्फ राघवेंद्र उर्फ शारदा झारिया, उसका भाई सुनील ने घर में घुसकर रॉड से मारपीट की। जिससे उसे व उसके छोटे भाई रामसुजान मेहरा और पत्नी जावित्री बाई को चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## सीट तोड़कर चोर ले उड़े एलसीडी

**जबलपुर,देशबन्धु।** छोटी ओमती के सिद्धार्थ नगर निवासी जय सोंधिया के घर की छत पर लगी सीमेंट की चादर तोड़कर अज्ञात चोर एलजी कंपनी की पचास हजार कीमती एलसीडी ले उड़े। जिस वक्त वारदात हुई, उस वक्त पीड़ित अपने परिजन जनों के साथ रिश्तेदारी में बरेला गया हुआ था। वहां से लौटकर आया तो उसे चोरी होने का पता चला। जिसके बाद मामले की शिकायत ओमती थाने में दर्ज करायी गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## सिहोरा जिला के लिए बस स्टैंड में जबरदस्त प्रदर्शन

**सिहोर, देशबन्धु।** सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने शुक्रवार को बस स्टैंड सिहोरा में जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारियों ने उमा भारती, स्मृति ईरानी, प्रह्लाद पटेल, शिवराज सिंह चौहान जैसे दिग्गज नेताओं पर झूठी घोषणा कर वोट लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन नेताओं ने सिहोरा वासियों के साथ विश्वासघात किया है। समिति ने दोहराया कि सिहोरा जिला बनने तक वे पीछे हटने वाले नहीं हैं।



**पोस्टर से भरा रहा पंडाल**–समिति द्वारा बस स्टेंड में बनाया गया धरना स्थल बड़े भाजपा के दिग्गज नेताओं के द्वारा की गई घोषणा के वक्तव्य,उसकी तिथि और फोटो से भरा हुआ था।नेताओं की घोषणा के बाद उनकी फोटो के नीचे क्रमशः पूंछा गया था कि स्मृति ईरानी कौन है, उमा भारती कौन है,प्रह्लाद पटेल कौन है,शिवराज सिंह कौन है? इन पोस्टरों ने सिहोरा वासियों का ध्यान जहां अपनी ओर खींचा वही सच्चाई का दर्पण भी बना रहा।

विधायक के नेतृत्व में मिले कलेक्टर से धरना प्रदर्शन के दौरान सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े ने समिति के सदस्यों से संपर्क किया और शाम को कलेक्टर के साथ मीटिंग का प्रस्ताव दिया।सिहोरा में नायब तहसीलदार को अपना ज्ञापन सौंपने के बाद समिति का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक के नेतृत्व में जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना से मिला।समिति ने कलेक्टर से सिहोरा जिला बनने के समस्त दावों को आंकड़ों सहित प्रस्तुत कर मांग की कि वे सरकार को सिहोरा जिला का प्रस्ताव प्रस्तुत करें।कलेक्टर ने विधायक की मध्यस्थता में हुई चर्चा में आश्वस्त किया कि ज्ञापन पत्र के प्रत्येक बिंदु का परीक्षण कर उपयुक्त कार्यवाही की जावेगी।

शुकवार को हुए प्रदर्शन में समिति के अनिल जैन, विकास दुबे, नीतेश खरया, कृष्ण कुमार कुररिया, संजय पाठक, मानस तिवारी, गुलाब मरकाम, रामजी शुक्ला, जितेंद्र श्रीवास, राकेश मणि त्रिपाठी, संतोष वर्मा, रामजी शुक्ला, सुशील जैन शुक्ला, नंदू परोहा, रमा चौरसिया, आलोक पांडे, अमित चौरसिया, रविदीप सिंह, शरद सेठ, नत्थू पटेल, निसार अहमद, अनिल खंपरिया सहित सैकड़ों सिहोरा वासी मौजूद रहे।

## पिकअप पलटी, 28 को आई चोटें





**कुंडम, देशबन्धु।** बेटी को लेने के लिए मनेरी पिकअप से जा रहे परिजन हादसे का शिकार हो गए। पिकअप अंडर से कस्तर के बीच तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें 30 लोग सवार थे। हादसे में दो लोग सुरक्षित बचे हैं, वहीं 28 लोगों को गंभीर चोटे आई हैं। किसी के पैर टूटे हैं किसी को सिर में चोटें हैं। घायलों को जैसे तैसे कुंडम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, तो वहां पर डॉक्टर नहीं मिले, ऐसा मरीज का कहना है।

अस्पताल में भाजपा के मंडल अध्यक्ष गणपत सिंह उईके, मंडल अध्यक्ष कुंडम राजेश साहू और मरीजों के द्वारा बताया गया कि वहां डॉक्टर नहीं थे और एक जो सिस्टर थी, वह अभद्र व्यवहार करती रही, वह एक नाराजगी व्यक्त करती रही मुश्किल से पट्टी की है और एक-एक इंजेक्शन लगाए हैं, इसके बाद वहां पर कुछ नहीं हो पाया। मरीज दर्ज से कराह रहे थे। इस तरह से यह घटना यहां पर हुई है। कुंडम स्वास्थ्य केंद्र में अवस्थाएं बताई जा रही हैं।

### सार-समाचार



## अंतर्राष्ट्रीय मेहरा समाज सम्मेलन के लिए मेहरा समाज बरगी बरेला की हुई बैठक

**बरेला, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय मेहरा समाज सम्मेलन 2025 के अंतर्गत सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के अंतर्गत कार्यक्रम समीति के पदाधिकारियों द्वारा मेहरा (झारिया) समाज संगठन बरगी बरेला के सभी पदाधिकारियों एवं स्वाजातीय बंधुओं की आवश्यक बैठक का आयोजन बरेला में किया गया। जिसमें सभी वरिष्ठ जनों एवं पदाधिकारियों का सम्मान किया जाकर कार्यक्रम की रुपरेखा, प्रचार प्रसार,परिवहन व्यवस्था एवं सहयोग हेतु विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित मेहरा जगदीश प्रसाद झारिया, भूपेंद्र मेहरा,अजय झारिया, राजेन्द्र मेहरा,महेश कुमार झारिया,आर.पी. झारिया, शंभू प्रसाद झारिया, सुरेश झारिया, विपिन झारिया, संतोष झारिया,रमेश झारिया, लखन झारिया,एड. रजनी झारिया,सुखदेव झारिया,महेश झारिया, बजारी झारिया,हरि मेहरा,अजय झारिया आदि भारी संख्या में स्वाजातीय बंधु उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पशु चिकित्सक की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित



**पनागर, देशबन्धु।** डॉ. सुरेंद्र सिंह बग्गा बरिष्ठ पशु चिकित्क प्रभारी पशु चिकित्सालय पनागर से 40 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत हुए ।इस अवसर पर आज पशु चिकित्सा विकासखंड पनागर के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं क्षेत्र के समस्त गौ सेवा से जुड़े गौ सेवकों ने विदाई समारोह का आयोजन किया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने डॉ साहब की सुखद भविष्य स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मनोज वैश्य परीयट कंदरा खेड़ा चिकित्सालय के प्रभारी डॉ संजय गुप्ता, डॉ अचयुत दीक्षित डॉ विष्णु गुप्ता डॉ आशीष लखेरा डॉ जी के पटेल गौ सेवा से जुड़े विमल जैन संदीप सोधिया बंटी पटेल नितिन गौतम अधिवक्ता शैलेश तिवारी सृजन नामदेव अवेंद्र उर्वती संजय साहू काशीराम लडिया कोमल कोरचे रोहित अवस्थी उमाकांत पांडे दरबारी लाल चौधरी के के गर्ग डॉ मयंक नामदेव मयंक दुबे श्रीमती माया बाई गोविंद दहिया रविंद्र वंशकार अंकित लोधी जितेंद्र कुशवाहा आदि उपस्थित रहे ।

## पावर मैनेजमेंट कंपनी चिकित्सालय में 9 को नि:शुल्क पैथॉलाजी जांच शिविर का आयोजन

**पाटन देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के रामपुर स्थित चिकित्सालय में 9 जून को प्रात: 9 से शाम 4 बजे तक निजी पैथॉलाजी लेब के सहयोग से नि:शुल्क पैथॉलाजी जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नि:शुल्क पैथॉलाजी जांच, कम्पलीट ब्लड काउंट, थायरॉयड प्रोफ़ाइल, एचबीए 1 सी, कम्पलीट लिपिड प्रोफ़ाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट किए जाएंगे। पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्मिक व उनके आश्रित उक्त सुविधा का लाभ बिना किसी भुगतान के ले सकेंगे। जांच के वक्त कार्मिक व उनके आश्रि?त को पावर मैनेजमेंट कंपनी की चिकित्सा पुस्तिका साथ लाना अनिवार्य होगा। ब्लड शुगर व लिपिड प्रोफाइल की जांच के लिए संबंधित व्यक्ति को खाली पेट आना आवश्यक होगा।

## कार चालक ने राहगीर को मारी टक्कर

**पाटन देशबन्धु।** जिले के पाटन थानांतर्गत खमदेही तिराहे के समीप कार चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए राहगीर को टक्कर मारने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। थाने से मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ 1183 के चालक ने नितिन चढ़ार को टक्कर मार दी जिससे उसके शरीर में गंभीर चोटे आई। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## 15 से 20 हजार रुपए टैक्स चुकाओ और 15 साल पुराने वाहन सड़क पर दौडाओ : कांग्रेस

**पाटन, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा ने कहा कि प्रदेश सरकार के परिवहन विभाग ने दो पहिया और चार पहिया वाहन स्वामी यदि आपके 15 साल पुराने वाहन हो गए हैं ऐसे वाहन सड़कों पर अब नहीं चला पाएंगे।

क्योंकि 15 साल पुराने वाहन चलना है तो हर 5 साल में सरकार को पंद्रह से बीस हजार रुपए दो और बेधड़क अपने वाहन को चलाओ। वही इस नियम से गाड़ी मालिकों को महंगाई के दौर में नई मुसीबत खड़ी कर दी है। यह नियम आम जनता के खिलाफ है क्योंकि यह नियम केवल व्यावसायिक वाहनों के लिए कुछ हद तक ठीक है। क्योंकि व्यावसायिक वाहन प्रतिदिन चलाए जाते हैं जबकि निजी वाहन आवश्यकता होने पर ही चलाए जाते हैं। सरकार को वाहन की समय सीमा तय करते समय किलोमीटर भी निर्धारित करना था। हम सभी जानते हैं की निजी वाहन व्यावसायिक वाहन की अपेक्षा 15 वर्षों में कुछ ज्यादा नहीं चल पाते है। अति आवश्यक होने पर ही सड़को पर निकाले जाते हैं।

आम लोग अपने परिवार की सुविधा के लिए वाहन खरीदते हैं ताकि बसों ट्रेनों की भीड़ से बचा जा सके। लोग उनके मेंटेनेंस पर अपने शरीर से ज्यादा ध्यान रखते हैं। अत:सरकार को इसकी समय सीमा निर्धारित करने के पहले निजी और व्यावसायिक वाहनों के उपयोग पर भी ध्यान देने की जरूरत है। 15 साल पुराने निजी वाहनों को व्यावसायिक वाहनों की तरह कंडम घोषित करना इस महंगाई के दौर में आम नागरिकों के साथ अन्याय है। बड़ी मुश्किल से एक-एक पैसा जोड़कर अपने परिवार के लिए गाड़ी की सुविधा कर पाते हैं लेकिन एनजीटी के अधिकारियों द्वारा कुछ घंटे की मीटिंग में मध्यम वर्ग की फैमिली को गाड़ी से वंचित करना न्याय संगत नहीं होगा।

मप्र कांग्रेस उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा को ऑनेटर अलीम मंसूरी, संजय शर्मा, मुन्ना ठाकुर, विजय अग्रवाल, पीपी पटेल, राजू तोमर, डॉ मोइन अंसारी, मामूर गुड्डू, अशोक चौधरी, रविंद्र कुशवाहा, लखन श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुशवाहा, लखन चौधरी आदि ने परिवहन विभाग के द्वारा निजी वाहनों को व्यावसायिक वाहनों से तुलना करना बेहूदा निर्णय है। इसे जनहित में मानवीय आधारों को ध्यान में रखकर तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। अन्यथा कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।



## विधायक ने किया पौधरोपण

**कुंडम, देशबन्धु।** सिहोरा विधानसभा के बघराजी मंडल अंतर्गत ग्राम पड़रिया स्थित अस्पताल परिसर में सिहोरा विधानसभा के विधायक संतोष वरकड़े ने एवं सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अभियान तहत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर पौधारोपण किया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बघराजी मंडल अध्यक्ष विनोद मार्को, कार्यक्रम संयोजक एवं मंडल महामंत्री संजय यादव, राम रजक, अक्षय सिंह, सुमित यादव, सुरेन्द्र झारिया, दुर्गेश विश्वकर्मा, बूथ अध्यक्ष दिलीप मरावी सहित अनेक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा ने किया 18 मंडलों में पौधरोपण

### भाजपा कार्यालय में लगाया सिंदूर का पौधा

**पाटन देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जाता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल सहित जिले के सभी 18 मंडलों में पौधारोपण किया गया। भाजपा संभागीय कार्यालय में पौधारोपण के पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस है पर्यावरण के संरक्षण हेतु हम सभी का दायित्व है कि पौधारोपण जरूर करे और भारतीय जनता पार्टी ने तय किया है कि पूरे देश में आज से 2 माह तक अर्थात 15 अगस्त तक वृहत पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा इस अभियान के अंतर्गत पौधे की देखभाल हेतु भी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

ताकि पौधे लगाने के साथ ही उनका पर्याप्त संरक्षण किया जा सके उन्हें वृक्ष के रूप में तैयार करने का काम किया जाए पौधा लगाकर कार्यकर्ता को उसका पालक नियुक्त किया जाएगा इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 2 माह में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम के पूर्व वृक्षारोपण किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाने के लिए प्रबुद्ध वर्ग, सेलिब्रिटी एवं सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को प्रोत्साहित किया जाएगा नागरिकों से आग्रह किया जाएगा की वृक्ष लगाकर अपनी सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं को पर्यावरण संरक्षण वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा,2 माह तक चलने वाले इस अभियान में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सहित सांसद,एवं विधायकगणों की भूमिका तय की जाएगी,वृक्षारोपण के स्थल पर स्वच्छता अभियान, उद्यानों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नदी,तालाबों के पास स्वच्छता रखना भी पर्यावरण की दृष्टि से आवश्यक है। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए संपूर्ण भारत में वृक्षारोपण अभियान से पर्यावरण समृद्ध होगा इस हेतु दो माह तक यह बृहत अभियान चलाया जाएगा।भाजपा संभागीय कार्यालय में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अनु,नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज,संदीप जैन,कार्यक्रम के प्रभारी महामंत्री पंकज दुबे,रजनीश यादव,राघवेंद्र लालू यादव, रंजीत पटेल,प्रणीत वर्मा,रूपा राव,डिंपी विश्वकर्मा,पार्षद जीतू कटारे,अंशुल यादव, रजनी साहू,मधुबाला राजपूत, सोनिया रंजीत सिंह,प्रमोद चौहटेल,अभिषेक तिवारी, नीटू,अशोक रोहितास,नरेश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## खेती के साथ लघु उद्योगों से जड़ें किसान

### तिवारी खेड़ा पनागर में कृषि संगोष्ठी का आयोजन

**पनागर, देशबन्धु।** खेती के साथ उसके उत्पादों का भंडारण व प्रसंस्करण कर मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) से ही ग्रामीणो की समृद्धि का रास्ता चौ?ा व लम्बा होगा। इसमे ग्रामीण महिलाओ का योगदान विशिष्ट है, घर घर में मशरूम,मधुमख्खी पालन, चक्की आटा, सूखी सब्जी, अचार, पापड़, बढी, आलू चिप्स, मुर्गी,बकरी पालन, उन्नत बीज, फलो के जूस,अचार,मोरब्बा, मिठाइया, गुड के व्यंजन, चॉकलेट आदि बनाने व पेकिंग कर बेचने जैसे छोटे छोटे उद्योग किये जा सकते है। ये विचार अटारी, आई सी ए आर की प्रधान वैज्ञानिक डॉ शालिनी चक्रबर्ति ने विगत दिनों विकसित कृषि




### मूल्य संवर्धन से ही ग्रामीणों की समृद्धि संभव

संकल्प अभियान के तहत पनागर तहसील की ग्राम पंचायत तिवारी खे?ा मे आयोजित कृषि संगोष्ठी में व्यक्त किये। उपसंचालक कृषि श्री एस के निगम ने किसानों को पराली न जलाने व गर्मी की मूंग मे जहर युक्त दवाइयो के प्रयोग से बचने तथा जेविक खेती को बढ़ाने की सलाह दी।

सहा. संचालक श्री रवि आम्रवंशी, कृषि वैज्ञानिक डॉ अक्षता सिंह तोमर, डॉ.गौरव कुमार वानी, एस डी ओ कृषि श्रीमती प्रतिभा गौर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री पंकज शर्मा, कृषि अभियांत्रिकी के श्री राजेंद्र सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती हरी बाई एवं गणेश प्रसाद मांझी, वेटनरी विभाग के सर्जन नामदेव तथा अरफाक खान ने शासकीय योजनाओ की विस्तार से जानकारियां दी।

भारत कृषक समाज के के. के. अग्रवाल ने किसानों को खेती की लागत कम करने के गुर सीखने कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिको से निरंतर सम्पर्क बनाये रखकर उनकी सलाह को अपनाने तथा शासकीय योजनाओ का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। सरपंच श्री मनी पटेल के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में भारत कृषक समाज के श्री जे आर गायकवाड़, सुभाष चंद्रा, रामकिसन पटेल, डॉ प्रकाश दुबे,ग्राम महिला समूह की अध्यक्ष श्रीमती वंदना पटेल, कृषक श्याम लाल, आकाश, जितेंद्र प्रहलाद पटेल आदि बड़ी संख्या मे कृषक एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे।

## मेडिकल की लिफ्ट बंद होने से रैम्प से पैदल जाने मजबूर गर्भवती महिलाएं

### मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

**पाटन देशबन्धु।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जिम्मेदारों की मनमानी और निकम्मी व्यवस्था से आम नागरिक व मरीज त्रस्त है। सरकार द्वारा करोड़ों रुपए दवा,उपकरण, मेंटेनेंस और साफ-सफाई पर खर्च कर रही हैं,परंतु मरीजों को इसका लाभ बहुत मुश्किल से मिल पाता है। पिछले तीन दिन से मेडिकल अस्पताल की तीनों लिफ्ट बंद पड़ी हैं और बुजुर्ग,बच्चों और मरीजों को रैम्प से पैदल चलकर वार्ड तक जाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा पीड़ादायी प्रसंग यह है कि यहां पर भर्ती होने के लिए आने वाली गर्भवती महिलाएं जिन्हें या तो व्हील चेयर या फिर स्ट्रेचर के माध्यम से सावधानी पूर्वक वार्ड तक ले जाना चाहिए,उन्हें भी ये सुविधा मुहैया नहीं हो पा रही है। बंद लिफ्ट देखकर हताश-निराश गर्भवती महिलाएं रैम्प से पैदल चलकर वार्ड तक जाने के लिए मजबूर हैं। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि, समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर, जनहित में मामले में संज्ञान लेकर मध?यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण की सुनवाई करते हुए,सदस्य राजीव कुमार टण्डन की एकलपीठ ने मानव अधिकारों के उल्लंघन का मामला मानकर,मेडिकल कॉलेज के डीन से मामले की जांच कर कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप?ताह में मांगा है।

## फसल के अच्छे उत्पादन के लिए मृदा परीक्षण और जैविक उर्वरकों के इस्तेमाल की किसानों दी सलाह

**पाटन, देशबन्धु।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के पाटन विकासखंड में आने वाली पौड़ी,हरदुआ,माला पंचायतों में कृषक संगोष्ठियों एवं जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन कार्यक्रमों में लगभग 450 किसानों ने सहभागिता की। इनमें महिला कृषक प्रमुख रूप से उपस्थित रही।विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित कृषक संगोष्ठी एवं जागरूकता के इन कार्यक्रमों में कृषकों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीक,उन्नत किस्म,खरीफ फसल में आने वाली समस्याओं का निदान,सॉइल हेल्थ कार्ड का महत्व, प्राकृतिक खेती,नरवाई प्रबंधन तथा कृषि से जु? विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रमों में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ एके सिंह ने सॉइल हेल्थ कार्ड के महत्व एवं प्रयोग पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कृषकों को मृदा नमूना एकत्रीकरण तकनीक के बारे में विस्तार से व्यवहारिक ज्ञान दिया। डॉ सिंह ने बताया कि लाभदायक खेती तभी संभव है जब मृदा परीक्षण आधारित खेती की जाये। आगे उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती, नरवाई प्रबंधन तथा खरीफ फसलों में कीट एवं बीमारी प्रबंधन के बारे में भी कृषकों महत्पूर्ण जानकारी दी।अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ इंदिरा त्रिपाठी ने नरवाई प्रबंधन की शासकीय योजनाओं से किसानों को अवगत कराया। उन्होंने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के महत्व,पशुधन का उपयोग कर मिट्टी का आर्गेनिक कार्बन बढाने तथा जैविक कीटनाशी बना कर उत्पादन लागत को कम करने के तरीकों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उद्यानिकी विस्तार अधिकारी नेहा श्रीवास्तव ने उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी किसानों को दी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आयोजित हुआ बावड़ी उत्सव

**सिहोरा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सिहोरा द्वारा वार्ड नं-06 चोपड़ा मोहल्ला में बाबड़ी उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद साहू ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओझा ,वरिष्ठ समाजसेवी जे पी विश्वकर्मा ,विकासखंड समन्वयक आशीष जैन,वार्ड पार्षद ज्योति चक्रवर्ती मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक आशीष जैन ने भूमिका वक्तव्य में जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए उसके अंतर्गत परिषद द्वारा किये गए कार्यो और गतिविधियों की जानकारी दी।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रमोद साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल है तो कल है। जल के बिना सब शून्य है। इसलिये हम सब को मिलकर जल को बचाने के प्रयास करना चाहिए साथ ही हमारे आसपास के जल स्त्रोतों को संरक्षित करना चाहिए। साथ ही उनके आसपास साफ सफाई रखनी चाहिए। अगले क्रम में सीएमओ शैलेन्द्र ओझा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने आसप?ास में स्थित प्राचीन एवं नवीन जल स्त्रोतों को संरक्षित कर साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाये रखना चाहिए ताकि उसमे वर्षा का जल संग्रहित हो सके जिससे भूमिगत जल स्तर बढ़ेगा और हमारे जल स्त्रोतों में हमेशा जल बना रहेगा।

कार्यक्रम में स्वसहायता समूह की महिलाओ द्वारा कलश पूजन,कलश यात्रा व कलशों में हिरन नदी का जल लाकर बाबड़ी में अभिषेक किया गया।कार्यक्रम का संचालन स्वसेवा संयोजन समिति नवांकुर संस्था से सुषमा कलचुरी ने किया। कार्यक्रम में परामर्शदाता सुरभि कोरी,रजनीश उपाध्याय,लक्ष्मीकांत परोहा, सचिन नामदेव नवांकुर संस्था से सुषमा कलचुरी, सौरभ पांडेय, एवं छात्राएं और वार्ड की गणमान्य नागरिक गण विशेष रूप से उपस्थित रहे। बाबडियो में साफ सफाई में विशेष सहयोग करने वाले मदन पंडा और उनकी टीम का नवांकुर संस्था से सौरभ पांडेय द्वारा पुष्पहार और गमझा पहनाकर स्वागत किया गया।

## ब्रांस्क क्षेत्र में रूसी मिसाइल इकाई पर हमला किया : यूक्रेन

**कीव, (आईएएनएस)।** यूक्रेनी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन की सेना ने गुरुवार को रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में रूसी मिसाइल बलों की एक इकाई पर हमला करते हुए इस्कंदर लांचर को निशाना बनाया। जनरल स्टाफ ने बताया, यह हमला उस समय किया गया जब रूस की 26वीं मिसाइल ब्रिगेड की एक इकाई ने क्लिंट्सी शहर से यूक्रेनी बस्ती, संभवतः कीव पर हमला करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, हमने अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। इसमें एक रूसी मिसाइल लांचर में विस्फोट हुआ। वहीं, दो अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। बुधवार को यूक्रेनी सेना ने क्रीमिया ब्रिज पर हमला करने का प्रयास किया था। लेकिन, वे कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाए। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मंगलवार को यूक्रेन में हमले के प्रयास के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब में कहा, वास्तव में एक विस्फोट हुआ था, लेकिन कोई क्षति नहीं हुई है, पुल काम कर रहा है।

# जिस पाक को आतंकी पनाहगाह कहते रहे ट्रंप, उसी पर अचानक मेहरबान

## ढाई महीने में क्यों लिया यू-टर्न ?

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए नया यात्रा प्रतिबंध लगाया है, जो 19 देशों पर लागू होते हैं। जिन देशों पर ये बैन लगाए गए हैं, उनमें मुख्य रूप से अफ्रीका और पश्चिम एशिया के देश शामिल हैं। इनमें 12 देश ऐसे हैं, जिसके नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इनमें अफगानिस्तान, म्यांमा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन शामिल हैं। इसके अलावा सात अन्य देशों से आने वाले नागरिकों पर भी आंशिक पाबंदियां लगाई गई हैं। इनमें बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला शामिल हैं।

इस अपडेटेड लिस्ट में देशों को शामिल करते हुए तर्क दिया गया है कि इनसे अमेरिका को सुरक्षा खतरा है लेकिन पाकिस्तान पर डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने पिछले ढाई महीने में यू-टर्न लेते हुए अलग रुख दिखाया है। मार्च तक पाकिस्तान को भी इस लिस्ट में शामिल किए जाने की चर्चा चल रही थी लेकिन अब जब लिस्ट सामने आई है तो उससे पाकिस्तान का नाम गायब है। दिलचस्प यह भी है कि पाकिस्तान के प्रति अमेरिकी रुख में यह नरमी तब आई है, जब भारत और पाकिस्तान के रिश्ते सबसे खराब और तनावपूर्ण दौर में हैं। बड़ी बात यह है कि अमेरिकी अधिकारियों द्वारा लंबे समय से पाकिस्तान पर आतंकवादी नेटवर्क को पनाह देने का आरोप लगाया जाता रहा है, बावजूद इसके यात्रा प्रतिबंध वाले देशों की लिस्ट से पाकिस्तान का नाम गायब है। पाकिस्तान को इस लिस्ट से बाहर रखने का यह हालिया फैसला डोनाल्ड ट्रम्प के पिछले राष्ट्रपति के कार्यकाल (2017 से 2021 तक) के दौरान उनके कार्यों और बयानों के बिल्कुल विपरीत है, जब उन्होंने इस्लामाबाद द्वारा आतंकवाद के कथित समर्थन पर काफी सख्त रुख अपनाया था।

**ट्रंप परिवार से क्या कनेक्शन?**– दरअसल, पाकिस्तान के प्रति ट्रंप की नरमी का यह रुख इसलिए सामने आया है क्योंकि पाकिस्तान और वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल (ड्ब्ल्यूस्न) के बीच क्रिप्टोकरेंसी को लेकर अप्रैल में एक समझौता हुआ है। ड्ब्ल्यूस्न संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित एक फिनटेक फर्म है और कथित तौर पर ड्ब्ल्यूस्न ट्रम्प परिवार के सदस्यों से जुड़ा हुआ है, जिसमें एरिक ट्रम्प, डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर और जेरेड कुशनर शामिल हैं। ये लोग सामूहिक रूप से डब्लयूएलएफ के स्वामित्व में बड़ी हिस्सेदारी रखते हैं। अप्रैल में हस्ताक्षरित इस समझौते में पाकिस्तान में ब्लॉकचेन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना और राष्ट्रीय संपत्तियों को टोकन करना शामिल है।



### पाक सेना प्रमुख, पीएम और मंत्रियों ने बिछाए थे पलक पवाड़े

*पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने खुद आगे बढ़कर डब्लयूएलएफ प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया था। बाद में इस प्रतिनिधिमंडल से खुद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप प्रधानमंत्री इशाक डार और रक्षा और सूचना मंत्रियों सहित शरीफ सरकार की बड़ी हस्तियों ने भी मुलाकात की थी। तभी से यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि इन हस्तियों की बैठकों में मौजूदगी से साफ है कि यह कोई साधारण वाणिज्यिक समझौता नहीं था। अब ट्रंप ने पाकिस्तान को उस लिस्ट से बाहर कर उस गठजोड़ का खुलासा खुद कर दिया है।*

### ट्रंप के रुख में अचानक बदलाव क्यों?

*रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च में ट्रंप प्रशासन के एक आंतरिक ज्ञापन ने पुष्टि की थी कि सुरक्षा खतरों के रूप में पाकिस्तान को भी यात्रा प्रतिबंध वाली संशोधित सूची में शामिल करने पर विचार किया गया था लेकिन अब जब अंतिम सूची जारी की गई, तो उससे पाकिस्तान का नाम हटा दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अचानक यह बदलाव तब किया गया है, जब पाकिस्तान और ट्रम्प परिवार से जुड़ी व्यापारिक संस्थाओं के बीच व्यावसायिक और राजनीतिक संबंध गहरे हो रहे हैं। ध्यान देने वाली बात है कि ये वही डोनाल्ड ट्रंप हैं, जिन्होंने 2018 में कहा था कि अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन को छिपाने में पाकिस्तान की मिलीभगत थी। उन्होंने तब कहा था, पाकिस्तान में सैन्य अकादमी के ठीक बगल में रहने के कारण, पाकिस्तान में हर कोई जानता था कि लादेन वहीं है।ट्रंप ने यह भी कहा था कि पाकिस्तान आतंकवादियों का पनाहगाह है और इस वजह से अमेरिका ने पाकिस्तान को दी जाने वाली सैन्य सहायता में 300 मिलियन डॉलर की कटौती की थी। इसके बाद अमेरिका ने 2019 में कई पाकिस्तानी अधिकारियों और सरकार के प्रतिनिधियों पर वीजा बैन भी लगाया था।*

## आज का इतिहास

1539–बक्सर के निकट चौसा की लड़ाई में अफ़गान शेरशाह सूरी ने मुग़ल बादशाह हुमायूँ को हराया।
1557–इंग्लैंड ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1631–मुग़ल बादशाह शाहजहाँ की बीबी मुमताज़ बेगम की बुरहानपुर में 39 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई।
1780–लंदन में एंटी कैथोलिक दंगों में लगभग सौ लोगों की मौत।
1893–महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में प्रथम बार सविनय अवज्ञा का प्रयोग किया।
1914–प्रसिद्ध फ़िल्म निर्देशक, पटकथा लेखक और उर्दू लेखक ख़्वाजा अहमद अब्बास का जन्म।
1954–अंग्रेज़ गणितज्ञ और कम्प्यूटर वैज्ञानिक एलेन ट्यूरिंग का निधन।
1974–भारत के टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति का जन्म।
1989–भारत के दूसरे उपग्रह भास्कर प्रथम का सोवियत रॉकेट से प्रक्षेपण किया गया।

## सुडोकू 6936

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | | 6 | | | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 9 |
| 1 | 2 | | | | | | | 6 |
| | | | 7 | 8 | | | | |
| 7 | 8 | | 5 | | 2 | | 6 | 3 |
| | | | | 4 | 3 | | | |
| 2 | | | | | | | 9 | 8 |
| 5 | 9 | | | | 7 | | | |
| | | | | 3 | | 6 | | 7 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## परमाणु बम की धमकी देने वाले पाकिस्तान में 45 फीसदी जनता गरीब, 16 पर्सेंट अति निर्धन वर्ल्ड बैंक

भारत के साथ अकसर परमाणु जंग की धमकी देने वाला पाकिस्तान गरीबी से लड़ाई में हारता दिख रहा है। पाकिस्तान की करीब आधी आबादी गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर कर रही है। वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के अनुसार पाकिस्तान की 45 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन गुजार रही है। वर्ल्ड बैंक के डेटा में यह जानकारी दी गई है। विश्व बैंक ने 2018-19 के सर्वे के अनुसार यह बात कही है। बैंक का कहना है कि गरीबी रेखा से जीवन स्तर ऊपर उठाने के मामले में पाकिस्तान की स्थिति लगातार खराब हो रही है। यही नहीं अति-निर्धनता में जीने वाले पाकिस्तानियों की संख्या बीते कुछ सालों में 4.9 फीसदी से बढ़कर 16.5 पर्सेंट हो गई है।

विश्व बैंक ने वैश्विक गरीबी इंडेक्स को अपडेट किया है और उसमें पाकिस्तान की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसकी वजह यह है कि बीते कुछ सालों में पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में कोई ग्रोथ नहीं है। विश्व बैंक का कहना है कि इंटरनेशनल पॉवर्टी लाइन 3 डॉलर मासिक की कमाई पर आधारित है। पाकिस्तान में ऐसे लोग 45 फीसदी हैं, जिनकी कमाई महीने में तीन डॉलर भी नहीं है। इसके अलावा पाकिस्तान अति निर्धन परिवारों की संख्या में इजाफे की एक और वजह है। वह है इंटरनेशनल पॉवर्टी इंडेक्स में बदलाव होना।

पहले इंटरनेशनल पॉवर्टी इंडेक्स का मानक 2.15 डॉलर था, जो अब बढ़कर 3 डॉलर हो गया है। इससे पहले कम आय वाले देशों यानी एलआईसी के लिए प्रति व्यक्ति आय की दर वर्ल्ड बैंक ने 2.15 डॉलर निर्धारित की थी। तब पाकिस्तान के 4.9 फीसदी लोग अति निर्धन माने गए थे। अब यह मानक बढ़कर 3 डॉलर प्रतिदिन हो गया है। इसके साथ ही आंकड़ा भी अब 16.5 पहुंच गया है।

## पहले परमाणु जंग की नींव तैयार कर रहा भारत, अमेरिका में बिगड़े बिलावल भुट्टो के बोल; अब क्यों रोया पाक?

भारत द्वारा सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के बाद से पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कई बार इस मुद्दे को उठाकर विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश कर रहा है। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के बोल एक बार फिर बिगड़े हैं। बिलावल भुट्टो ने कहा है कि भारत सिंधु जल समझौता रद्द कर पहले परमाणु युद्ध की नींव तैयार कर रहा है। इस दौरान पाकिस्तान अमेरिका और दूसरे देशों से इस मामले में हस्तक्षेप कर भारत को रोकने के लिए भी गिड़गिड़ाया है।

द डॉन की एक रिपोर्ट के मुताबिक वॉशिंगटन में मिडिल ईस्ट इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) प्रमुख बिलावल ने कहा, आने वाले सालों में जलवायु परिवर्तन को देखते हुए यह कहा जाता था कि अगला युद्ध पानी के लिए होगा। भारत पाकिस्तान का पानी रोकने की घोषणा कर पहले परमाणु जंग की नींव रख रहा है। बिलावल ने कहा कि पाकिस्तान ने पहले भी कहा है कि पानी रोकने की कार्रवाई को 'एक्ट ऑफ वॉर' माना जाएगा। बीते अप्रैल में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को सख्त चेतावनी देते हुए सिंधु जल समझौते को रद्द कर दिया था।

# चीन ने डलवाई मस्क-ट्रंप के बीच फूट? टैरिफ की मार झेल नहीं पा रहे टेस्ला के मालिक


**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला के मालिक एलन मस्क, दो ऐसी हस्तियां हैं जो अपनी बेबाक राय और बड़े फैसलों के लिए जानी जाती हैं। ट्रंप के चुनावी अभियान से लेकर पिछले कुछ दिनों तक मस्क उनके जिगरी यार थे। लेकिन अब दोनों के बीच तनाव खुलकर सामने आ गया है। खबरों के मुताबिक, मस्क-ट्रंप के बीच तनातनी का कारण एक विधेयक बताया जा रहा है, लेकिन असल कहानी कहीं गहरी और जटिल है। इसके पीछे छिपा है अमेरिका-चीन के बीच चल रहा ट्रेड वॉर, चिप बैन, और सबसे अहम, रेयर अर्थ मैटेरियल्स का संकट, जो मस्क की कंपनियों के लिए मुसीबत बन गया है। आइए, इस पूरी कहानी को विस्तार से समझते हैं।

**ट्रंप-मस्क तनातनी: क्या है असल वजह?**× ऊपर से देखने में ट्रंप और मस्क के बीच की तकरार का कारण एक विधेयक या नीतिगत मतभेद लगता है। लेकिन गहराई में जाएं तो असली जड़ है चीन की रणनीति और ट्रंप की आक्रामक व्यापार नीतियां। ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से ही चीन, कनाडा, और मैक्सिको जैसे देशों पर भारी टैरिफ लगाने की नीति अपनाई। खास तौर पर चीन पर 10% से लेकर 145% तक के टैरिफ लगाए गए, जिसके जवाब में चीन ने भी अमेरिकी सामानों पर जवाबी टैरिफ और प्रतिबंध लगाए।

इस ट्रेड वॉर का सबसे बड़ा हथियार बना है रेयर अर्थ मैटेरियल्स। ये ऐसे खनिज हैं, जिनका इस्तेमाल आधुनिक तकनीक- जैसे इलेक्ट्रिक वाहन, रॉकेट, रोबोट, और माइक्रोचिप्स में होता है। चीन इन मैटेरियल्स का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और आपूर्तिकर्ता है, और उसने हाल ही में इनके निर्यात पर सख्ती शुरू कर दी है। अब चीन केवल उन कंपनियों को ये मैटेरियल्स दे रहा है, जो यह साबित करें कि उनका अमेरिकी सेना से कोई संबंध नहीं है।

**क्यों चीन ने कर दी नाक में दम?**× चीन द्वारा रेयर अर्थ मिनरल्स और उनसे जुड़ी मैग्नेट्स के निर्यात पर नए लाइसेंसिंग नियम लागू किए दो महीने हो चुके हैं, लेकिन अब इसके गंभीर असर पश्चिमी देशों की औद्योगिक इकाइयों में महसूस किए जा रहे हैं। स्मार्टफोन से लेकर लड़ाकू विमानों तक में जरूरी इन सात तत्वों (डिस्प्रोसियम, गैडोलिनियम, लुटेशियम, समेरियम, स्कैन्डियम, टरबियम और इट्रियम) की आपूर्ति में आई रुकावटों से ऑटोमोबाइल सेक्टर में हलचल मच गई है। रेयर अर्थ तत्व वास्तव में दुर्लभ नहीं होते, लेकिन इनका खनन और प्रोसेसिंग अत्यंत जटिल होती है। दुनिया में कुल 17 रेयर अर्थ तत्व हैं, जिनमें 15 लैन्थेनाइड्स और दो अन्य- स्कैन्डियम और इट्रियम शामिल हैं। ये आधुनिक जीवन की धुरी बन चुके हैं- चाहे वो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स हों, विंड टर्बाइन हों या रक्षा प्रणाली। चीन इस क्षेत्र में केवल खनन ही नहीं, बल्कि 90% प्रोसेसिंग क्षमता भी रखता है। अमेरिका, म्यांमार जैसे देश भी खनन करते हैं, लेकिन अंतिम प्रोसेसिंग अधिकतर चीन में ही होती है। यही कारण है कि बीजिंग को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारी दबदबा हासिल है।

## वर्ग पहेली 6936



**बायें से दायें:-**
१. नथुना
३. संग्रह करना, एकत्र करना
५. मुक्ति, तारण
६. समय सूचक
७. वांछित वस्तु के अभाव में बेचैन होना
९. सिद्ध करना, पूजा, उपासना
१०.निष्कासित करना, बाहर करना
१२. नौकर
१३. सूचित, चेतावनी (उर्दू)
१४. कदापि (उर्दू)
१६. गीत, गाना (उर्दू)
१८. शुद्ध और दमकता सोना
२०. सशस्त्र
२१. अपमिश्रित
२३. मणिमंडित

**ऊपर से नीचे:-**
१. नाटककार
२. फूलों का बगीचा
३. व्यवहृत करना
४. अमीर, धनी
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)
१०. झरना
११. लच्छेदार बातें करने वाला (उर्दू)
१२. स्वास्थ्य (उर्दू)
१३. आनंद, खुशी
१४. सदैव साथ रहने वाला (उर्दू)
१५. श्रीकृष्ण
१७. कमल
१८. घड़े से उत्पन्न
२०. झुका हुआ
२२. कसक

# रूस-यूक्रेन युद्ध पर ट्रंप का बयान, बेहतर हो उन्हें कुछ समय तक लड़ने दिया जाए

**वॉशिंगटन, (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर एक विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि शायद यह बेहतर होगा कि दोनों देश कुछ समय तक लड़ते रहें। इसी बीच, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने अमेरिका से रूस पर दबाव बढ़ाने की अपील की है।

व्हाइट हाउस में मर्ज से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा, उनके बीच गहरी नफरत और बदले की भावना है, ऐसे में निकट भविष्य में युद्धविराम की उम्मीद करना मुश्किल है। वे लगातार लड़ रहे हैं। जैसे खेलों में रेफरी थोड़ी देर तक खिलाड़ियों को भिड़ने देते हैं, वैसे ही कभी-कभी उन्हें थोड़ी देर तक लड़ने देना ठीक होता है यह टिप्पणी ट्रंप के उस दावे के बाद एक बड़ा बदलाव है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे सत्ता में आए तो युद्ध जल्दी खत्म कर देंगे।

जर्मन चांसलर मर्ज ने ट्रंप से आग्रह किया कि अमेरिका को युद्ध खत्म कराने में निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए और रूस पर और दबाव बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, अमेरिका इस युद्ध को समाप्त करने की स्थिति में है। हम चाहते हैं कि अमेरिका रूस पर अधिक दबाव डाले। नए प्रतिबंधों पर पूछे गए सवाल पर ट्रंप ने संकेत दिया कि फिलहाल तुरंत कोई फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो हम दोनों देशों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। क्योंकि एक कहावत है – ताली दो हाथ से बजती है। इसके साथ ही, ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को चेतावनी देते हुए कहा, अगर मैं नहीं होता, तो रूस के साथ बहुत बुरा हो चुका होता, मेरा मतलब है बेहद बुरा। पुतिन आग से खेल रहे हैं। यह बात ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखी। उन्होंने पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की दोनों पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, मैं पुतिन की हरकतों से खुश नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि पुतिन को क्या हो गया है।

**अपील** *पहलगाम हमले के बाद पर्यटन से जुड़े हितधारकों की प्रशासन से अपील*

# लंबे समय से बंद पार्क और उद्यानों को फिर खोले सरकार

**जम्मू, (देशबन्धु)। इस साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 43 दिन बाद भी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे, कश्मीरी पर्यटकों की भीख मांग रहे हैं। हर दुआ में वे रब से चाहते हैं कि पर्यटकों की बरसात हो। साथ ही वे यह भी पुकार रहे हैं कि।**

पार्क और उद्यानों को फिर से खोल दिया जाए। हालत यह है कि पहलगाम नरसंहार के उपरांत दक्षिण कश्मीर का यह खूबसूरत शहर पहलगाम अभी भी इसके असर से जूझ रहा है। इस आतंकी हमले ने पर्यटन उद्योग से जुड़े सैकड़ों लोगों को बेरोजगार कर दिया है। पहलगाम के एक स्थानीय व्यक्ति का कहना था कि यहां एक भी व्यक्ति ने हफ्तों से एक पैसा नहीं कमाया है।

कुछ लोगों ने तो एक महीने से 10 रुपए भी नहीं कमाए हैं। घुड़सवारों, होटल व्यवसायियों, ड्राइवरों और दुकानदारों सहित हितधारकों ने प्रशासन से इलाके में पार्क और उद्यानों को फिर से खोलने का आग्रह किया है, क्योंकि लंबे समय से बंद रहने की वजह से सबसे ज़्यादा ग़रीब लोग प्रभावित हो रहे हैं। यह पूरी तरह से सच है कि पहलगाम शहर से लगभग 6 किलोमीटर दूर बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले के बाद एक समय में चहल-पहल से भरा यह पर्यटन स्थल खामोश हो गया है। हितधारकों का कहना था कि आतंकी हमले के कारण पर्यटकों ने अपनी यात्रा की योजनाएं रद्द कर दी हैं और इसके बाद बेताब घाटी, अरु घाटी और चंदनवारी जैसे प्रमुख पर्यटक आकर्षण बंद हो गए हैं। वे कहते थे कि अनिश्चितता और बढ़ी हुई सुरक्षा के कारण इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण पर्यटन अर्थव्यवस्था चरमरा गई है।



■ **आतंकी हमले ने सैकड़ों लोगों को किया बेरोजगार**

कई हितधारकों ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से हस्तक्षेप करने की अपील की। पहलगाम के एक स्थानीय दुकानदार का कहना था कि सब कुछ बंद है। पूरा पहलगाम बंद है।

हर जगह सन्नाटा है। हम उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से पर्यटन को पुनर्जीवित करने में मदद करने का आग्रह करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना था कि हमले के दिन से स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। एक होटल मालिक के बकौल, कुछ पर्यटक आते हैं शायद 200 से 400 प्रतिदिन लेकिन उन्हें उनके होटलों तक ही सीमित रखा जाता है और सुबह जल्दी वापस भेज दिया जाता है। उन्हें किसी भी जगह पर जाने की अनुमति नहीं है। टूरिज्म से जुड़े समुदाय ने घुड़सवारों और ड्राइवरों जैसे दैनिक वेतन भोगियों के लिए विशेष चिंता व्यक्त की, जो अब पूरी तरह से बेरोजगार हो गए हैं। एक घुड़सवार का कहना था कि ये लोग मुश्किल से अपना गुजारा कर पाते हैं।

## वर्ग पहेली-6935



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## न्यूजीलैंड ने रॉब वाल्टर को टीम का मुख्य कोच किया नियुक्त



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को रॉब वाल्टर को राष्ट्रीय पुरुष टीम के तीनों प्रारूपों के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया है। जून के मध्य से कार्यभार ग्रहण करने वाले वाल्टर को गैरी स्टीड के जाने के बाद यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जुलाई में उनके साथ टीम जिम्बाब्वे दौरे पर जायेगी। उनका अनुबंध 2028 के आखिर में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप तक चलेगा। वाल्टर इस वर्ष अप्रैल तक दक्षिण अफ्रीका की सफेद टीमों की देखरेख कर चुके हैं। उनके कार्यकाल में दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया, जहां वे बारबाडोस में भारत से हार के बाद उपविजेता रहे। उन्होंने लगातार आठ मैचों की जीत दर्ज की।

## जब भी सीनियर भारतीय हॉकी टीम में मौका मिलेगा, छाप छोड़ने को बेताब हूं : बांसुरी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 6 जून (देशबन्धु)। सूरत (गुजरात) से आने वाली रिजर्व गोलरक्षक बांसुरी सोलंकी को एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में भारत की रिजर्व गोलरक्षक है। बांसुरी गोलरक्षक होने के नाते जानती हैं कि अपने किले की चौकसी के लिए धैर्य बेहद जरूरी है और इसी को जेहन में रखते वह जब भी भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम में मौका मिलेगा तो अपनी छाप छोड़ने को बेताब हैं। 24 बरस की बांसुरी सोलंकी बीते दो बरस से सीनियर भारतीय महिला हॉकी शिविर में हैं। बांसुरी भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अपने मौके का इंतजार कर रही हैं बांसुरी कहती हैं, ' मैं हर अभ्यास सत्र को अपने डेब्यू की तरह दिखती है। मुझे आज या कल जब अपने करियर का आगाज का मौका भले न मिले लेकिन जब भी मुझे भारतीय सीनियर हॉकी टीम के खेलने का मौका मिलेगा तो मैं महज खेलने भर के लिए अपनी छाप छोड़ने को बेताब हूं।'

- 'भारत की सीनियर भारतीय हॉकी टीम के लिए खेलना आसान नहीं : सोलंकी
- मैं धनराज सर के कारण के कारण ही हॉकी खेल रही हूं



**मैं अपना इंजिनियर बनने का सपना अब पीछे छोड़ दिया और इसका मुझे कोई मलाल नहीं है। अब मेरा सपना भारत को हॉकी में स्वर्ण पदक जिताना है और यह मेरा इकलौता लक्ष्य है और इसे पूरा करने के लिए बराबर जुटी रहूंगी : बांसुरी सोलंकी**

बांसुरी अब तक खेलो इंडिया लीग की टीमें की कप्तानी कर चुकी हें और गुजरात , उत्तर प्रदेश, साई और यूनियन बैंक के लिए राष्ट्रीय स्तर के हॉकी टूर्नामेंट में खेल चुकी है। वह भारत की 2023 में हॉकी 5 एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली तथा 2024 में हॉकी 5 वर्ल्ड कप में रजत पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम की भी सदस्य रह चुकी हैं। बावजूद इसके वह भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए खेलने का इंतजार कर रही हैं। बांसुरी कहती हैं, 'भारत की सीनियर भारतीय हॉकी टीम के लिए खेलना आसान नहीं हैं। आप यात्रा करते हैं और ट्रेनिंग करते हैं और कई बार आप हॉकी पिच पर नहीं उतर पाते हं। पर मैंने यह सीखा गोलकीपिंग एक धैर्य की यात्रा है। हर गोलरक्षक को किसी मोड़ पर संघर्ष कर करना पड़ता है और यही मुझे संबल देता है।' अब दो बरस राष्ट्रीय हॉकी शिविर में बिता अपनी तकनीकी कौशल व हॉकी की बेहतर समझ के बाद बांसुरी कहती हैं, 'गोलरक्षण कोई गणित नहीं है न ही यह किसी फॉर्मूले के साथ चलता है और इसमें बेहद अनिश्चितता है कि किसी क्षण कुछ भी मुमकिन है। मैंने खुद को हर तरह की अनिश्चितता के तैयार करना अब सीख लिया है। मैं जब भी मुश्किल में होती हूं तो मैं भगवान कृष्ण को याद करती हूं। भगवान कृष्ण की सीख मुझे अपने पैर जमीन पर रखने और यह याद दिलाती है कि हर अच्छा या बुरा किसी बड़ी योजना का हिस्सा है। जैसा कि भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है 'कर्म करो, फल की चिंता मत करो। मैं अपना इंजिनियर बनने का सपना अब पीछे छोड़ दिया और इसका मुझे कोई मलाल नहीं है। अब मेरा सपना भारत को हॉकी में स्वर्ण पदक जिताना है और यह मेरा इकलौता लक्ष्य है।

## नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग में लेंगे भाग

**नई दिल्ली,** 6 जून (एजेंसियां)। मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चार्लीटी में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88.74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था। नीरज के 2024 संस्करण में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक की तैयारी के मद्देनजर वह इस स्पर्धा में भाग नहीं ले सके। मई में दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा ने 90.23 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोडा था। नीरज का सबसे हालिया प्रदर्शन 23 मई को पोलैंड के चोरजो में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में हुआ था। नीरज ने टोक्यो 2020 ओलंपिक चैंपियन में दूसरे स्थान पर रहने के लिए अपने अंतिम प्रयास में 84.14 मीटर भाला फेंक कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच आमंत्रण स्पर्धा जीतकर अपने 2025 एथलेटिक्स सत्र की शुरुआत की थी। उन्होंने 84.52 मीटर थ्रो किया था।

## बतौर कप्तान मैं अपने खिलाड़ियों को सुरक्षित और सहज महसूस कराने की कोशिश करूंगा : गिल

**नई दिल्ली,** 6 जून (देशबन्धु)। 25 बरस के भारत के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए मुंबई से इंग्लैंड दौरे के लिए रवाना होने से पहले बृहस्पतिवार को संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए बेहद शांत और विश्वास से भरे नजर आए। रोहित शर्मा की अगुआई में भारत के पहले अपने घर में मेहमान न्यूजीलैंड से और इसके बाद मेहमान ऑस्ट्रेलिया से उसके घर में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज गंवाने के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) से बाहर होने बाद शुभमन गिल ने इंग्लैंड में उसके खिलाफ अब तेंडुलकर -एंडरसन ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली पांच टेस्ट मैचों की बेहद मुश्किल सीरीज के लिए तब कप्तानी संभाली जब कप्तान रोहित के साथ विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे तीन दिग्गज टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। शुभमन गिल ने जब कप्तानी की उनकी सोच की बाबत मुंबई में पूछा गया तो उन्होंने कहा,' मैं कप्तानी की किसी खास शैली का अनुसरण नहीं करना चाहता। कप्तानी की बाबत मेरी सोच एकदम साफ है। आप जितना ज्यादा खेलेंगे उतने ज्यादा अनुभवी होते जाएंगे। मुझे लगता कप्तान के रूप में आपकी निजी शैली लोगों को ज्यादा दिखाई देती है। बतौर कप्तान मैं अपने खिलाड़ियों को सुरक्षित और सहज महसूस कराने की कोशिश करूंगा। बतौर कप्तान मुझे खिलाड़ियों से बात कर उनकी ताकत और कमजोरियों की बाबत उन्हें सहज और सुरक्षित महसूस करना पसंद है। बतौर कप्तान और लीडर आप जो भी मैच खेलते हैं उसमें बेशक अनुकरणीय खेल देखना चाहते हैं। यदि आपके खिलाड़ी बहुत सुरक्षित महसूस करेंगे तो वे अपनी पूरी शिद्दत से मैदान खेलेंगे। मैं कई बेहतरीन कप्तानों की कप्तानी में खेला हूं। भारत के कप्तान के रूप में रोहित भाई का अपने खिलाड़ियों के साथ संवाद एकदम साफ था और अपने खिलाड़ियों को यह साफ तौर पर बता देते थे कि वे उनसे क्या चाहते हैं।

**बतौर कप्तान आप जो मैच खेलते हैं उसमें अनुकरणीय खेल दिखाना चाहते हैं**



**मैं अपने खिलाड़ियों को सुरक्षित और सहज महसूस कराने की कोशिश करूंगा : शुभमन गिल**

### गिल के पास नई भारतीय टीम में सामूहिक संस्कृति बनाने का मौका है : चोपड़ा



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि शुभमन गिल के पास टेस्ट टीम के कप्तान के रूप में एक मजबूत सामूहिक संस्कृति विकसित करने का अवसर है, जो 20 जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड के पांच मैचों के टेस्ट दौरे के माध्यम से एक नए युग में कदम रखने के लिए तैयार है। गिल के नेतृत्व में, इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज 2025-27 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में भारत का पहला असाइनमेंट होगा। एक नेतृत्व समूह बनाएं- 4-5 खिलाड़ियों को एक साथ लाएं और एक कोर बनाएं। यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को शामिल करें।

## नॉर्वे शतरंज में चौथी जीत के बाद गुकेश गौरव के करीब

**नई दिल्ली,** 6 जून (एजेंसियां)। किशोर सनसनी डोमराजू गुकेश ने 2025 नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपनी चौथी क्लासिकल जीत हासिल करते हुए शतरंज के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना जारी रखा है। राउंड 9 के रोमांचक मुकाबले में, सबसे कम उम्र के शतरंज विश्व चैंपियन ने चीन के दुर्जेय वेई यी को हराया, 14.5 अंक हासिल किए और अपने और टूर्नामेंट लीडर मैग्नस कार्लसन के बीच अंतर को केवल आधे अंक तक सीमित कर दिया। गुकेश का प्रदर्शन सामरिक प्रतिभा और दबाव में शांत रहने का मिश्रण रहा है, जो वैश्विक मंच पर इतनी कम उम्र में शायद ही देखने को मिले। उनकी हालिया जीत ने उन्हें सर्जिकल सटीकता के साथ एक तेज मध्य खेल में नेविगेट करते हुए, एक जटिल एंडगेम में वेई यी को मात देते हुए उनकी गहरी स्थितिगत समझ को प्रदर्शित किया। हालांकि, जीत की राह आसान नहीं है। दुनिया के नंबर 1 और पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को एक तनावपूर्ण मुकाबले में हराकर सभी को अपनी स्थायी प्रतिभा की याद दिला दी, जिसमें कार्लसन ने रूक एंडगेम में जीत हासिल की। इस परिणाम के साथ, मैग्नस ने अंतिम दौर में 15 अंकों के साथ बढ़त बनाए रखी। अब जब केवल एक दौर बचा है, शतरंज की दुनिया में उत्सुकता का माहौल है। अंतिम दौर में गुकेश की जीत, साथ ही कार्लसन की जीत से कम कुछ भी, युवा भारतीय प्रतिभा को अपना पहला नॉर्वे शतरंज खिताब दिला सकता है - जो उनकी



■ **अब जब केवल एक दौर बचा है, शतरंज की दुनिया में उत्सुकता का माहौल है**

## सात्विक-चिराग की क्वार्टर फाइनल में हार के साथ इंडोनेशिया ओपन में भारत की चुनौती समाप्त

**जकार्ता,** 6 जून (एजेंसिसयां)। पूर्व चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुक्रवार को यहां पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के सातवें वरीय मान वेई चोंग और काई वुन टी से सीधे गेम में हारकर इंडोनेशिया ओपन से बाहर हो गए और इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गयी। पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सात्विक-चिराग को इस्तोरा सेनयान में विश्व नंबर 7 चोंग और टी के हाथों 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मलेशियाई जोड़ी की सात्विक-चिराग के खिलाफ पांच मुकाबलों में पहली जीत है। जकार्ता में सुपर 1000 टूर्नामेंट में दुनिया की 22वें नंबर की जोड़ी आखिरी भारतीय दावेदार थी, जब दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गई थी। गुरुवार को सात्विक-चिराग ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 2023 के चैंपियन सात्विक-चिराग ने 68 मिनट तक चले दूसरे दौर के मुकाबले में दुनिया की 16वें नंबर की डेनिश जोड़ी रासमस केजर और फ्रेडरिक सोगार्ड पर 16-21, 21-18, 22-20 से कड़ी टक्कर में जीत दर्ज की थी। गुरुवार को 78 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में थाईलैंड की दुनिया की 8वें नंबर की पोर्नपावी चोचुवोंग से 22-20, 10-21, 18-21 से हार के बाद सिंधु का अभियान समाप्त हो गया। 10-16 से पिछड़ने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए पहला गेम अपने नाम किया। लेकिन, चोचुवोंग ने दूसरे गेम में दबदबे के साथ वापसी की और निर्णायक गेम में सिंधु के 15-11



**यह मलेशियाई जोड़ी की सात्विक-चिराग के खिलाफ पांच मुकाबलों में पहली जीत है**

## सार संक्षेप

### फीफा विश्वकप क्वालीफायर में अर्जेंटीना ने चिली को हराया

**सैंटियागो।** जूलियन अल्वारेज के पहले हाफ में किये गये गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने फीफा विश्वकप क्वालीफायर में चिली पर 1-0 से जीत दर्ज की। सैंटियागो के एस्टाडियो नैशनल में गुरुवार को खेले गये मुकाबले में अल्वारेज ने 23वें मिनट में थियागो अल्माडा की थ्रू बॉल पर गोलकीपर ब्रायन कॉर्टेस के ऊपर से शॉट मारकर अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई। इसके बाद अर्जेंटीना ने अधिकतर समय तक गेंद को अपने कब्जे में रखा। दूसरे हाफ में चिली ने वापसी प्रयास किया और 60वें मिनट के बाद उसने कई बार गोल करने के प्रयास किये लेकिन अर्जेंटीना की मजबूत रक्षापंक्ति और गोलकीपर मार्टिनेज ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया। अन्य मैच में इक्वाडोर और ब्राजील ने ग्वायाकिल में 0-0 से ड्रा खेला और पैराग्वे ने असुनसियन में उरुग्वे को 2-0 से हराया।

### जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग में 71 खिलाड़ी प्रतिभाग लेंगे

**मुंबई।** जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग में 30 भारतीय खिलाड़ियों सहित दुनिया भर के 71 एथलीट हिस्सा लेंगे। जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग का पहला सत्र 15 जून को शुरू होगा। लीग का फाइनल मुकाबला 29 जून को मुंबई के शाहजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में खेला जायेगा। रग्बी प्रीमियर लीग ने न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, फिजी, अर्जेंटीना, ब्रिटेन, आयरलैंड, अमेरिका और स्पेन सहित पावरहाउस रग्बी 7एस देशों के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के अलावा कनाडा, हांगकांग और जर्मनी के 18 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में प्रतिभाग लेंगे। जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग के पहले सत्र में 71 खिलाड़ियों की नीलामी में से चुने गये 30 भारतीय खिलाड़ी शामिल होंगे। जीएमआर प्रीमियर लीग के उद्घटन संस्करण में छह संस्थापक फ्रेंचाइज के बीच खिताबी मुकाबला होगा।

## नेशंस लीग 2025 : फ्रांस को हराकर फाइनल में स्पेन



**अब ये टीम फाइनल में पुर्तगाल से भिड़ेगी**

**नई दिल्ली,** 6 जून (एजेंसियां)। लामिन यमल के दो गोल की मदद से स्पेन ने स्टटगार्ट में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ 5-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ स्पेन ने नेशंस लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। स्पेन लगातार तीसरी बार नेशंस लीग के फाइनल में पहुंचा है। टीम पिछले 12 नेशंस लीग मुकाबलों से (8 जीत, 4 ड्रॉ) में अजेय है। अब ये टीम फाइनल में पुर्तगाल से भिड़ेगी। स्पेन ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की। फ्रांस ने गेंद को अपने पास रखा और स्पेन की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश की। मुकाबले के 22वें मिनट स्टार खिलाड़ी लामिन यमल ने बॉक्स में ओयारजाबल को पास दिया। ओयारजाबल ने डिफेंडर्स को चकमा देते हुए गेंद निको विलियम्स को दी, जिन्होंने गेंद को नेट के ऊपर से मारते हुए मुकाबले का पहला गोल दागा।

## आईसीसी से स्वीकृत यूरोपीय टी-20 प्रीमियर लीग अगले साल के लिए स्थगित

**डबलिन,** 6 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन के सह-स्वामित्व वाली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) को 2026 तक स्थगित कर दिया गया है। आईसीसी द्वारा स्वीकृत नए वार्षिक टी20 फ्रेंचाइज टूर्नामेंट को शुरू में 15 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित किया जाना था।

पिछले साल 27 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा स्वीकृत, छह टीमों का यह टूर्नामेंट आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के क्रिकेट बोर्डों के बीच एक ऐतिहासिक सहयोग का प्रतिनिधित्व करता है, जो खेल को आगे बढ़ाने और विश्व मंच पर यूरोपीय क्रिकेट को ऊपर उठाने का एक संयुक्त प्रयास है। आयरलैंड क्रिकेट द्वारा साझा किए गए बयान के अनुसार, बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन के बाद यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल ) आधिकारिक तौर पर 2026 में लॉन्च होगी। यह निर्णय क्रिकेट, व्यवसाय और मीडिया के प्रमुख हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद लिया गया है। इसमें कहा गया है, टूर्नामेंट के लिए 2025 की शुरुआती अवधि ने एक ठोस आधार प्रदान किया, लेकिन फ्रेंचाइज के इच्छुक लोगों, प्रसारकों, प्रायोजकों और शासी निकायों के साथ बातचीत ने यह स्पष्ट कर दिया: 2026 ईटीपीएल को टूर्नामेंट के सफल होने का सबसे अच्छा मौका देता है। यह बताया गया कि ईटीपीएल फ्रेंचाइज के तीन संभावित मालिकों, जो द हंड्रेड में भी हिस्सेदारी हासिल कर रहे हैं, ने उन सौदों को प्राथमिकता दी है, जिसके कारण ईटीपीएल को स्थगित कर दिया गया। ईटीपीएल के अध्यक्ष वॉरेन ड्यूट्रोम ने कहा कि हम लंबी अवधि के लिए निर्माण कर रहे हैं।




## डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले ब्रॉड से सलाह लेंगे मार्को यानसन

**नई दिल्ली,** 6 जून (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर मार्को यानसन ने कहा कि वह 11 जून को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की शुरुआत से पहले इंग्लैंड के दिग्गज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड से सलाह लेने की योजना बना रहे हैं कि वह कुछ बल्लेबाजों को कैसे आउट करते थे। ब्रॉड सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के साथ सलाहकार के रूप में जुड़ेंगे, क्योंकि तेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली टीम मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए अपनी तैयारी को तेज कर रही है, जिसकी कप्तानी पैट कमिंस करेंगे। पूर्व तेज गेंदबाज ब्रॉड 604 विकेट के साथ सबसे सफल टेस्ट गेंदबाजों में पांचवें स्थान पर हैं। जाहिर है, उन्होंने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत खेला है। शायद मैं उनसे पूछूंगा कि उन्होंने उस समय क्या किया था या जब वह कुछ बल्लेबाजों को आउट करने के लिए खेल रहे थे, तो उन्होंने क्या किया था। और फिर, क्योंकि मेरा मतलब है, आप वे सभी सवाल

## पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**नई दिल्ली,** 6 जून (एजेंसियां)। भारतीय लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। करीब दो दशक लंबे करियर के बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस फैसले की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने अपने इस फैसले के बारे में ईएसपीएनक्रिकइंफो हिंदी से भी बात की। चावला ने इंस्टाग्राम पर लिखा, दो दशक से ज्यादा समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं। उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करने, 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप की विजेता टीम का हिस्सा बनने को अपने जीवन का सबसे आशीर्वाद बताया और लिखा कि ये यादें हमेशा उनके दिल में बसी रहेंगी। उन्होंने कहा कि आईपीएल उनके करियर का एक बेहद खास अध्याय रहा है। पीयूष ने कहा कि मैं उन सभी फ्रेंचाइजियों का दिल से धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया। पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस को मैं धन्यवाद देता हूं। इंडियन प्रीमियर लीग में खेला गया हर एक पल मैंने पूरी तरह जिया है। अपने कोचों और परिवार को याद करते हुए चावला ने लिखा, मैं अपने कोचों (श्री के.के. गौतम और स्वर्गीय श्री पंकज सरस्वत) के प्रति गहरा आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने मुझे संवारकर वो खिलाड़ी बनाया जो मैं बना। साथ ही उन्होंने अपने परिवार को अपनी ताकत का स्तंभ बताया और अपने दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका मुझ पर विश्वास ही वह रौशनी थी जिसने मुझे राह दिखाई। उनके बिना यह यात्रा संभव नहीं हो पाती। ईएसपीएनक्रिकइंफो से बातचीत में चावला ने अपने करियर को याद करते हुए कहा कि मैंने लगभग 20 साल क्रिकेट को दिए हैं। यह एक लंबा और यादगार सफर रहा है। ऊपर वाले की कृपा रही कि मैं इतने लंबे वक्त तक क्रिकेट खेल सका। यह सफर कभी बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, तो कभी बेहद सुकून देने वाला। लेकिन इसके हर पल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और बहुत कुछ दिया। ये वो यादें हैं जो ताउम्र मेरे साथ रहेंगी।

**इंडियन प्रीमियर लीग में खेला गया हर एक पल मैंने पूरी तरह जिया है: चावला**



**मैं उन सभी फ्रेंचाइजियों का दिल से धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया। : पीयूष चावला**

## वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के चुनाव 7 जून को होंगे

**नई दिल्ली,** 6 जून, (एजेंसियां)। वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (वीएफआई) दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद 7 जून, 2025 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में अपने लंबे समय से प्रतीक्षित चुनाव कराने जा रहा है।

अंतरिम शासन की अवधि के बाद लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित नेतृत्व को बहाल करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। वीएफआई से संबद्ध 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 66 प्रतिनिधि एक नई शासी संस्था का चुनाव करने के लिए मतदान करेंगे। कार्यकारी समिति की पांच सीटों सहित 12 प्रमुख पदों के लिए 29 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें शामिल हैं: अध्यक्ष (1), उपाध्यक्ष (2), महासचिव (1), कोषाध्यक्ष (1), संयुक्त सचिव (2), और कार्यकारी समिति के सदस्य (5)। अध्यक्ष पद की दौड़ में आनंद शंकर राजहंस (बिहार), प्रेम सिंह बाजोर (नागालैंड) और वीरेंद्र कंवर (हिमाचल प्रदेश) आमने-सामने होंगे।

महासचिव पद के लिए मोहम्मद अकरम खान (छत्तीसगढ़), नीलेश विष्णु जगत (महाराष्ट्र) और रामानंद चौधरी (राजस्थान) उम्मीदवार हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए हरि सिंह चौहान (मध्य प्रदेश) और प्रकाश बोरा (असम) चुनाव लड़ेंगे, जबकि दो संयुक्त सचिव पदों के लिए छह उम्मीदवार और पांच कार्यकारी समिति पदों के लिए ग्यारह उम्मीदवार मैदान में हैं।




**कार्यकारी समिति की पांच सीटों सहित 12 प्रमुख पदों के लिए 29 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं**

# अर्थ जगत

**टेस्ला को एलन मस्क कहेंगे टाटा !**

**नई दिल्ली।** ऑटोमोटिव कंपनी टेस्ला से एलन मस्क की छुट्टी होने वाली है। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की कुर्सी ही इस समय खतरे में पड़ गई है। टेस्ला नए सीईओ की खोज कर रही है जिसे देखते हुए ये चर्चा तेज है कि एलन मस्क के लिए समय खतरा भरा हो सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में चर्चा से परिचित लोगों के हवाले से कहा गया है कि टेस्ला बोर्ड ने कंपनी के लिए उपयुक्त उत्तराधिकारी की तलाश के लिए कई कार्यकारी खोज फर्मों से संपर्क किया है।



## भारत एफटीए को गति देने के लिए प्रतिबद्ध : गोयल

नई दिल्ली, 6 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को गति देने के लिए भारत की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। इटली की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान इटली-इंडिया बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 35 दिनों से भी कम समय में उन्होंने अपने मित्र, यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफकोविक के साथ तीन बैठकें की हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि यह भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को गति देने के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इस वर्ष के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को गति देने पर सहमति जताई है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि उन्हें इटली के उप प्रधानमंत्री तथा विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो तजानी के साथ इटली-इंडिया बिजनेस फोरम पर बात कर खुशी हुई।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारा ध्यान इटली-भारत संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029 को साकार करने पर है। आईएमईसी कॉरिडोर और भारत-ईयू एफटीए की परिवर्तनकारी क्षमता को रेखांकित किया। साथ ही, इटली के उद्यमों को भारत की ग्रोथ स्टोरी में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग के लिए इंडस्ट्री 4.0 के लिए एक साथ काम करने, स्टार्टअप के बीच एक ब्रिज को बढ़ावा देने, टेक्नोलॉजी में सहयोग का विस्तार करने और अंतरिक्ष, ऑटोमोबाइल सेक्टर में जॉइंट वर्किंग ग्रुप की स्थापना करने पर चर्चा की और सहमति व्यक्त की।



**हमारा ध्यान इटली-भारत संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029 को साकार करने पर है : पीयूष गोयल**

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि आर्थिक सहयोग पर संयुक्त आयोग में, भारत और इटली ने सहयोग को मजबूत करने के लिए कई सेक्टर की पहचान की है। इसमें कृषि पर एक समझौता ज्ञापन भी शामिल है। भारत में विदेशी निवेशकों का बढ़ रहा विश्वास पीयूष गोयल ने कहा है कि मौजूदा सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और निर्णयों से भारत के प्रति विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ा है और आज 112 देशों की कंपनियां सीधे शेयर पूंजी लगा कर देश में कारोबार कर रही हैं। श्री गोयल ने कहा कि सरकार ने अधिकांश क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग से 100 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई ) की अनुमति दे रखी है और अब 112 देश भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कर रहे है।

### भारत में रजिस्टर्ड स्टार्टअप की संख्या 1.76 लाख पहुंची

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में रजिस्टर्ड स्टार्टअप की संख्या 1.76 लाख तक पहुंच गई है, जिसमें 1 बिलियन डॉलर और उससे अधिक वैल्यूएशन वाले स्टार्टअप यानी यूनिकॉर्न की संख्या 118 दर्ज की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में वित्त मंत्री ने कहा कि भारत के युवा स्टार्टअप बना रहे हैं और नौकरियों के अवसर ला रहे हैं। उन्होंने पोस्ट किया कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 11 वर्षों में युवाओं के लिए किए गए कार्यों की एक झलक है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक अलग एक्स पोस्ट में कहा कि पिछले 11 वर्षों में 7 नए आईआईटी, 8 नए आईआईएम और 16 नए एम्स स्थापित किए गए।



## केंद्र की एमएसपी पर गेहूं खरीद तीन वर्ष के उच्चतम स्तर पर रही

**नई दिल्ली,** 6 जून (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने रबी मार्केटिंग सीजन 2025-26 में 29.92 मिलियन टन गेहूं की खरीद की है। इसमें पिछले साल की अपेक्षा 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है और बीते तीन वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीदने का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

यह खरीद देश भर के प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों की मंडियों में पहुंचे कुल 40.42 मिलियन टन गेहूं में से की गई है। शेष हिस्सा मिल मालिकों और व्यापारियों द्वारा ऐसी कीमत पर खरीदा गया है जो सरकार द्वारा दिए जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम नहीं हो सकती है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान की मंडियों में अभी भी थोड़ी मात्रा में गेहूं पहुंचने का अनुमान है। कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली और बाजार हस्तक्षेप योजनाओं के माध्यम से वितरण के लिए इस खरीद को पर्याप्त माना जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से बताया गया कि वर्तमान में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास 36.65 मिलियन टन गेहूं का स्टॉक है, जो 1 जुलाई के लिए 27.58 मिलियन टन की बफर आवश्यकता से अधिक है। देश के जिन चार राज्यों में गेहूं की सबसे ज्यादा खरीद हुई है, उनमें 11.93 मिलियन टन के साथ पंजाब पहले स्थान पर था। मध्य प्रदेश 7.77 मिलियन टन के साथ दूसरे, हरियाणा 7.14 मिलियन टन के साथ तीसरे और राजस्थान 2.02 मिलियन टन के साथ चौथे स्थान पर था। कृषि मंत्रालय ने फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) के दौरान गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 117.5 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.7 प्रतिशत अधिक है। गुरुवार को प्रमुख उत्पादक राज्यों की मंडी में औसत कीमतें पंजाब में 2,475 रुपए प्रति क्विंटल, मध्य प्रदेश में 2,521 रुपए प्रति क्विंटल, राजस्थान में 2,465 रुपए प्रति क्विंटल और हरियाणा में 2,425 रुपए प्रति क्विंटल थीं। वहीं, गेहूं का खुदरा मूल्य 28 रुपए प्रति किलोग्राम था।

भारत सरकार खाद्य पदार्थों की कीमतों पर कड़ी नजर रख रही है और उसने पूरे देश में थोक व्यापारियों और खुदरा विक्रेताओं के लिए गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू की है।



■ **11.93 मिलियन टन के साथ पंजाब पहले स्थान पर रहा**

## पीली धातु की कीमत में एक हजार रुपए से अधिक की गिरावट

**नई दिल्ली,** 6 जून (एजेंसियां)। सोना खरीदारों के लिए खुशखबरी है। पीली धातु की कीमत में शुक्रवार को 1,000 रुपए से अधिक की गिरावट देखने को मिली है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 1,018 रुपए कम होकर 97,145 रुपए हो गया है, जो कि पहले 98,163 रुपए था। 22 कैरेट सोने का दाम कम होकर 88,985 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 89,917 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 73,662 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 72,859 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। सोने के विपरीत चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। चांदी का दाम 610 रुपए बढ़कर 1,05,285 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1,04,675 रुपए प्रति किलो था। वायदा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 अगस्त 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.08 प्रतिशत बढ़कर 97,957 रुपए और चांदी के 4 जुलाई 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 1.03 प्रतिशत बढ़कर 1,05,522 रुपए हो गई है।



## पिछले 11 वर्षों में 10 हजार अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित किए गए : निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली,** 6 जून (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में दस हजार अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित किए गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) के तहत अटल टिंकरिंग लैब्स स्कूली बच्चों में इनोवेशन को बढ़ावा दे रहे हैं। वित्त मंत्री ने एक्स पर कहा कि 2016 से देश में 10,000 अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुधार एक मेकर माइंडसेट को बढ़ावा दे रहे हैं, जहां स्कूलों में इनोवेशन को बढ़ावा मिलता है। अटल टिंकरिंग लैब्स ने 12 लाख से अधिक इनोवेशन प्रोजेक्ट में योगदान दिया है। लैब्स ने 1.1 करोड़ से अधिक छात्रों को इनोवेशन और क्रिएटिव प्रॉब्लम-सॉल्विंग में सक्रिय रूप से शामिल किया है। योजना मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में सबसे अधिक 1,033 अटल लैब्स हैं, उसके बाद तमिलनाडु में 975 और उत्तर प्रदेश में 955 लैब्स हैं। केंद्रीय बजट 2025 में वित्त मंत्री ने अगले पांच वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करने की योजना की घोषणा की। यह पहल युवाओं में जिज्ञासा और इनोवेशन की भावना को विकसित करने और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 84. 49 |
| एक यूरो | 94. 93 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 112. 65 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 07 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-136 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


### सराफा बाजार


**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 96300 चांदी -97800

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 96300 चांदी -97800


### दाल- चावल भाव



**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338


**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एक्स्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## रेपो दर में कटौती से बाजार ने भरी उड़ान

**मुंबई,** 6 जून (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में अप्रत्याशित आधे प्रतिशत की कटौती करने से दर के प्रति संवेदनशील रियल्टी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और ऑटो समेत 19 समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.95 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ आठ कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,188.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25003.05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.91 प्रतिशत मजबूत होकर 46,096.51 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 53,440.26 अंक हो गया।

- ■ **सेंसेक्स 0.92 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,188.99 अंक पर**
- ■ **निफ्टी 1.02 प्रतिशत उछलकर 25003.05 अंक पर बंद**





इस दौरान बीएसई में कुल 4156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2278 में लिवाली जबकि 1744 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2993 कंपनियों के शेयरों में से 1673 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। इससे बीएसई के 19 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान रियल्टी 4.74, वित्तीय सेवाएं 1.79, ऑटो 1.50, बैंकिंग 1.25, कमोडिटीज 0.72, सीडी 1.38, ऊर्जा 0.55, एफएमसीजी 0.19, हेल्थकेयर 0.40, आईटी 0.41, दूरसंचार 0.14, यूटिलिटीज 1.04, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.30, धातु 1.56, तेल एवं गैस 0.76, पावर 0.78, टेक 0.30, सर्विसेज 0.42 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.52 प्रतिशत उछल गए। विश्व बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.24 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.48 प्रतिशत लुढ़क गया वहीं जापान का निक्केई 0.50 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.04 प्रतिशत की बढ़त रही।

## ट्रंप टैरिफ इस साल की दूसरी छमाही में मंदी का कारण बनेंगे : मस्क

**वॉशिंगटन,** 6 जून (एजेंसियां)। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शुक्रवार को कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के नए व्यापार टैरिफ इस साल की दूसरी छमाही तक मंदी को बढ़ावा दे सकते हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब दुनिया के सबसे अमीर आदमी और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच सार्वजनिक विवाद गहरा गया है। मस्क ने अपने एक्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया कि ट्रंप टैरिफ इस साल की दूसरी छमाही में मंदी का कारण बनेगा। अगर अमेरिका की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाती है, तो बाकी कुछ भी मायने नहीं रखता। ट्रंप और मस्क के बीच टकराव ने वित्तीय बाजारों में हलचल मचा दी है। गुरुवार (अमेरिकी समय) को टेस्ला के शेयर में 14 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, जिससे मार्केट वैल्यू में लगभग 150 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। ट्रंप ने यह भी कहा कि सरकार के लिए पैसे बचाने का सबसे आसान तरीका अरबपति और पूर्व सलाहकार मस्क को दिए जाने वाले कॉन्ट्रैक्ट्स और सब्सिडी को टर्मिनेट करना होगा। इसके जवाब में मस्क ने कहा कि मेरे सरकारी अनुबंधों को रद्द करने के बारे में राष्ट्रपति के बयान के मद्देनजर, स्पेसएक्स अपने ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को तुरंत बंद करना शुरू कर देगा।



**ट्रंप व मस्क के बीच टकराव ने वित्तीय बाजारों में मचा दी हलचल**

### लोहा भाव


**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070


भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 6 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा पांच रिंगिट बढ़कर 3909 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.50 सेंट की तेजी के साथ 47.15 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## रेपो दर में कटौती से आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बल : उद्योग

**नई दिल्ली,** 6 जून (एजेंसियां)। उद्योग जगत ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की अप्रत्याशित कटौती के फैसले को साहसिक कदम बताया और कहा कि इससे आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने आरबीआई के निर्णय का स्वागत किया और इसे साहसिक और सक्रिय कदम करार देते हुए कहा कि यह बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि आरबीआई आर्थिक वृद्धि को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार अनिश्चितताओं, वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और वित्तीय बाजार में अस्थिरता जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि यह समय पर लिया गया कदम घरेलू मांग को मजबूत करेगा, ऋण उठाव को प्रोत्साहित करेगा और समग्र आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करेगा। उन्होंने आरबीआई के 6.5 प्रतिशत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर के अनुमान और सौम्य मुद्रास्फीति दृष्टिकोण को भी भारतीय अर्थव्यवस्था की लचीलापन का प्रमाण बताया। फिक्की अध्यक्ष ने यह भी कहा कि आरबीआई ने मुद्रास्फीति पर नियंत्रण और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन साधने में सफल रही है, जो मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नीति निर्णय वित्तीय प्रणाली में सहजता बढ़ाएगा और सभी क्षेत्रों विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को राहत देगा।



■ **आरबीआई आर्थिक वृद्धि को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध**

### टॉप बैंकर्स ने की आरबीआई के उपायों की सराहना

**नई दिल्ली।** टॉप बैंकर्स ने शुक्रवार को रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत करने और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चार किस्तों में 100 आधार अंकों की कटौती के रिजर्व बैंक के फैसले की सराहना की। बैंकर्स का कहना है कि आरबीआई के नीतिगत कदम से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण विस्तार के लिए आवश्यक प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा महंगाई के अनुमान को रिवाइज कर 3.7 प्रतिशत कर दिया गया है, जो आरबीआई के चार प्रतिशत लक्ष्य के अनुरूप है। यह संशोधन केंद्रीय बैंक के मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के प्रति विश्वास को दिखाता है।


**देशबन्धु ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**प्लॉट उपलब्ध हैं**
न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6000, 12000, 18000+ वर्गफुट के प्लॉट @ रु. 350 प्रति वर्गफुट उपलब्ध हैं. संपर्क करें - अनिल यादव, ग्राम सकरी
संपर्क: 6264760614
देवेन्द्र : 9993737969

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।



प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## ऑटो की टक्कर से स्कूटी सवार तीन दोस्तों की मौत, चालक फरार

### सिवनी-कटंगी बालाघाट मार्ग पर खमरिया गांव के पास हादसा



**सिवनी, देशबन्धु।** अरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा सिवनी-कटंगी (बालाघाट) मार्ग पर स्थित खमरिया गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार स्कूटी और सब्जी से भरे एक ऑटो वाहन की आमने-सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

### सड़क पर बिखरे पड़े थे शव

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सब्जी से भरा ऑटो सिवनी से कटंगी की ओर जा रहा था।

स्कूटी पर सवार तीन युवक अरी से सिवनी की दिशा में तेज रफ्तार से जा रहे थे। खमरिया गांव के पास दोनों वाहनों में आमने-सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

### युवकों की मौत से गांव में पसरा मातम

हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान 35 वर्षीय अविनाश पुत्र सत्यनारायण भलावी निवासी नयेगांव, 26 वर्षीय अरविंद पुत्र सियानंद भालेकर और 23 वर्षीय रोहित पुत्र शिवचरण कुमरे दोनों निवासी रैयतवाड़ी गांव के रूप में हुई है। तीनों युवक मित्र थे। हादसे की खबर लगते ही गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। इस तरह के हादसों को लेकर चर्चाएं सुनी जा रही थी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### ऑटो चालक वाहन छोड़कर फरार


अरी थाना प्रभारी आशीष खोब्रागढ़े ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद ऑटो चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ऑटो और स्कूटी को जब्त कर लिया है। चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। मृतकों के शवों का पंचनामा कर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया।

प्राथमिक दृष्टि में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज कुंडम वासियों को देंगे दो सौगात

### सांदीपनि विद्यालय और आईटीआई भवन का करेंगे लोकार्पण

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शनिवार को कुंडम प्रवास के दौरान अनुसूचित बाहुल्य इस क्षेत्र को दो सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव यहाँ कुंडम के समीप ग्राम छपरा में आयोजित समारोह में 18 करोड 1 लाख रुपये से बने सांदीपनि विद्यालय भवन का तथा 12 करोड 63 लाख रुपये की लागत से निर्मित शासकीय आईटीआई भवन का लोकार्पण करेंगे।



कुंडम एवं इसके आसपास के क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और उच्चस्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सांदीपनि विद्यालय के लिये 12.62 एकड भूमि उपलब्ध कराई गई है। इसमें से 9 हजार 533 वर्गमीटर भूमि पर विद्यालय भवन का निर्माण किया गया है। अत्याधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से युक्त सांदीपनि विद्यालय के भूतल सहित तीन मंजिला भवन में 34 क्लास रूम बनाये गये हैं। यहाँ कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के 1 हजार 170 विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे। विद्यालय भवन में मिड डे मील हॉल और मल्टीपर्पज हॉल के साथ ही भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान की प्रयोगशालायें तथा कम्प्यूटर लैब भी बनाई गई है। बच्चों को खेल की सुविधाएं उपलब्ध कराने बॉलीबाल कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट और खो-खो का कोर्ट विद्यालय परिसर में बनाया है। इन्डोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण भी यहाँ किया गया है। फायर फाइटिंग सिस्टम से युक्त सांदीपनि विद्यालय कुंडम के भवन का निर्माण मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा किया गया है। कौशल विकास के लिये संगीत एवं गायन कक्ष के साथ सांदीपनि विद्यालय में 300 विद्यार्थियों की क्षमता का आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण भी किया गया है।

## जबलपुर, भोपाल, इंदौर में बारिश का अलर्ट, कहीं तेज हवा के साथ बूंदा-बांदी के आसार



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के प्रमुख महानगरों के अलावा कुछ दूसरे शहरों के लिये तेज हवाओं के साथ बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है। जिसमें प्रदेश औद्योगिक राजधानी भी शामिल हैं। इसके अलावा पूरे प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा, वहीं ग्वालियर, नर्मदापुरम सहित प्रदेश के 17 जिलों में 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने के आसार हैं, वहीं पूरे प्रदेश में कहीं बादल तो कहीं तेज आंधी व बारिश होगी। वहीं जबलपुर में शुक्रवार को सुबह से शाम तक जहां कई बार बदली और धूप देखने को मिली, गर्मी से भी लोग बैचेन रहे।

मौसम विशेषज्ञों की माने तो प्रदेश में अप्रैल के आखिरी सप्ताह से ही आंधी-बारिश का दौर शुरू हो गया था, जो अभी भी जारी है। प्रदेश के किसी न किसी जिले में बारिश हुई है, आंधी चली है, अगले 3 तीन तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जताई गई है। जिसका कारण है कि प्रदेश में आंधी व बारिश के सिस्टम सक्रिय है, जिसके चलते मौसम बदला हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों में अलर्ट जारी किया है। जिसके चलते ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, श्योपुर, शिवपुरी, अशोकनगर, आगर-मालवा, शाजापुर, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा में तेज आंधी चलने का अलर्ट है।

प्रदेश में प्री.मानसून सक्रिय-मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पूरे प्रदेश में अभी प्री-मानसून की एक्टिविटी जारी है। जिसके चलते प्रदेश में कहीं तेज धूप व आंधी चल रही है तो कहीं बारिश हो रही है। अगले तीन दिन तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा, प्रदेश में मानसून के 10 जून के बाद ही प्रविष्ठ होने की संभावना है। अभी मानसून महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ में ही एक स्थान पर ठहरा हुआ है।

### प्रमुख शहरों का तापमान

प्रदेश के कुछ जिलों में रिमझिम बारिश का दौर रहा, जिसके चलते भोपाल में दिन का तापमान 33.04 डिग्री, इंदौर 31.3 डिग्री, ग्वालियर में 34.1 डिग्री, उज्जैन में 31.5 डिग्री व जबलपुर में तापमान 36 डिग्री दर्ज किया गया. एक दिन पहले छतरपुर के नौगांव में सबसे ज्यादा तापमान 38.5 डिग्री रहा।

### इन जिलों में हो सकती है बारिश

इसी तरह इंदौर, उज्जैन, निवाड़ी, भोपाल, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, सीधी, सिंगरौली, पन्ना, दमोह, मंडला, बालाघाट, सिवनी, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, देवास, धार, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, गुना, राजगढ़, सतना, मैहर, मऊगंज, कटनी, जबलपुर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी व नीमच में बारिश होने की संभावना है।

## रैगिंग ने ले ली मेडिकल छात्र की जान!

### मृत छात्र की मां ने लगाए आरोप बाइक खरीदने की वजह से सीनियर्स कर रहे थे परेशान

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा छात्र की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या के मामले में मृत छात्र शिवांश की मां के बयान के बाद नए सिरे से जांच शुरु हो गई हैं। मृत छात्र की माँ ने आरोप लगाया हैं कि सीनियर्स की रैगिंग की वजह से शिवांश डिप्रैशन में था। बाइक खरीदने की वजह से मृतक छात्र को सीनियर्स परेशान कर ज्यादा रैगिंग कर रहे थे जिससे व्यथित होकर शिवांश ने आखिरकार मौत को गले लगा लिया। ज्ञात हो कि गत दिवस नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल कॉलेज में हॉस्टल की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने वाले मेडिकल छात्र शिवांश गुप्ता के परिजनों ने रैगिंग का आरोप लगाया है। शिवांश के चाचा दिनेश गुप्ता ने कहा कि शिवांश ने तीन दिन पहले ही मां को फोन कर सीनियर्स द्वारा रैगिंग करने की बात कही थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शिवांश का शव परिजन को सौंपा गया तो छात्रों की भीड़ जमा हो गई। परिजन ने जबलपुर पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए. उधर, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवीन सक्सेना ने जांच के लिए 5 सदस्यीय कमेटी बना दी है।



### मां से बताया था- रैगिंग हो रही है

18 साल 7 महीने के शिवांश गुप्ता ने पहले प्रयास में ही नीट परीक्षा पास की थी। शिवांश के चाचा दिनेश गुप्ता ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन और हॉस्टल वार्डन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- सुसाइड के तीन दिन पहले शिवांश ने अपनी मां को फोन पर बताया था कि सीनियर स्टूडेंट उसकी रैगिंग कर रहे हैं। यह रैगिंग इसलिए हो रही है क्योंकि उसने नई मोटरसाइकिल खरीदी थी। दिनेश का कहना है कि शिवांश के साथ रहने वाले तीन छात्रों को रैगिंग की पूरी जानकारी थी। पूरे मामले को दबा दिया गया है। हॉस्टल में रैगिंग अब भी जारी है।

### शिवांश की बड़ी बहनें भी डॉक्टर

रीवा जिले के रहने वाले शिवांश गुप्ता की दोनों बड़ी बहनें भी डॉक्टर हैं। वे गुडग़ांव में रहकर पढ़ाई कर रही है। पिता संतोष गुप्ता सीमेंट फैक्ट्री में काम करते हैं जबकि मां अर्चना गुप्ता गृहणि हैं। शिवांश के चाचा दिनेश ने कहा कि हॉस्टल में रहने वाले सभी छात्रों के मोबाइल सर्विलांस पर लिए जाएं तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

### डीन का दावा रैगिंग मुमकिन नही

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवीन सक्सेना का कहना है कि मामले में पांच सीनियर प्रोफेसर्स की कमेटी बनाई गई है, जो जल्द ही अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। सक्सेना ने बताया कि परिजन के आरोपों की जांच कराई जा रही है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि जिस हॉस्टल में शिवांश रह रहा था, वह प्रथम वर्ष के छात्रों का ही है, ऐसे में वहां सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग करना मुमकिन नहीं हैं।

### आईसीयू में तोड़ दिया था दम

शिवांश गुप्ता के हॉस्टल की चौथी मंजिल से कूदने के बाद छात्रों और कर्मचारियों ने फौरन कॉलेज प्रशासन और पुलिस को सूचना दी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल लाया गया। शिवांश के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें पाई गई थीं। गंभीर हालत में उसे इमरजेंसी यूनिट में भर्ती किया गया. यहां से आईसीयू में शिफ्ट किया गया लेकिन इलाज के दौरान गुरुवार दोपहर को उसकी मौत हो गई। शुरुआती जांच में शिवांश के कुछ दिन से डिप्रेशन में होने की बात भी सामने आई थी।

## उप्र से पकड़े गए साइबर ठगी के दो आरोपी



सतना, देशबन्धु। शहर कोतवाली पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में गुरुवार को दो ठगों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। कार्रवाही के बाद शुक्रवार को दोनों आरोपी अदालत में पेश कर दिए गए। आरोपी कियॉस्क सेंटर संचालकों को अपना निशाना बनाते थे।

केशव नगर के कियोस्क संचालक त्रिवेणी प्रसाद वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। 24 मई को दोपहर करीब 1 बजे एक व्यक्ति त्रिवेणी की दुकान पर आया और उसने खुद को पवन कुमार सिंह बताया। उसने पहले 1 हजार रुपए का लेनदेन किया। इस दौरान उसने संचालक का फोन पे पिन दर्ज करते देख लिया। कुछ देर बाद पवन वापस आया। उसने कहा कि पिछला ट्रांजेक्शन फेल हो गया है। फिर उसने त्रिवेणी प्रसाद का मोबाइल मांगा। संचालक उसे अपना फोन देकर अन्य ग्राहकों में व्यस्त हो गया। इस दौरान आरोपी ने फोन पे से 60 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए और फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने इस गिरोह की तलाश शुरू की।

### यह हैं आरोपी...

पुलिस ने इस अपराध में आरोपी पवन कुमार सिंह पिता हरिबक्श सिंह (34) निवासी बांसगांव थाना टिकैतनगर जिला बाराबंकी उप्र, अंकुर सिंह पिता रामआधार सिंह (25) निवासी ग्राम दुरौनी थाना परसपुर जिला गोंडा उप्र को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो एंड्रायड मोबाईल और 40 हजार रुपए नकद जब्त किए गए हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने सतना और रीवा के 8-10 कियॉस्क संचालकों से ठगी करना कबूल किया है।

### इस टीम ने पकड़ा

आरोपियों को पकडऩे में निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी, एसआई प्रीति कुशवाहा, सुभाषचन्द्र वर्मा, प्रधान आरक्षक विकास सिंह, नीरज सिंह, आरक्षक सुरेश मिश्रा, आकाश द्विवेदी, एसआई अजीत सिंह सायबर सेल प्रभारी सतना, प्रधान आरक्षक अशलेन्द्र सिंह, आरक्षक संदीप परिहार, सुशील द्विवेदी, की अहम भूमिका रही।

## उमरिया में बाघिन के हमले में महिला की मौत



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शुक्रवार सुबह बाघिन ने महिला पर हमला कर दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मामला मानपुर बफर क्षेत्र का है।

वन विभाग के मुताबिक, राखी गांव की रहने वाली गल्ली बाई यादव (40) शौच के लिए भीतरी नाला के पास गई थी। इसी दौरान झाड़ियों में छिपी बाघिन ने हमला किया।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक बीएस उप्पल ने कहा- राखी गांव कोर और बफर जोन की सीमा पर है। इलाके में बाघिन की मूवमेंट बनी रहती है। टाइगर रिजर्व के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। हाथियों के जरिए गश्त बढ़ा दी गई है। महिला के गाल और गले पर बाघिन के हमले के निशान मिले हैं। शिकार के इरादे से हमला नहीं किया परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश अहिरवार ने कहा- हमले वाली जगह बाघिन के पगमार्क मिले हैं। बाघिन महिला के ऊपर से छलांग लगाकर गुजरी है, जिससे उसकी मौत हुई है। उसके शरीर का हिस्सा डैमेज नहीं है यानी उसने शिकार के इरादे से हमला नहीं किया।

## 15 अगस्त को पुलिस कर्मियों को मिलेगी अस्पतालों के चक्कर काटने से आजादी

### मेडिको लीगल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट होंगी ऑनलाइन

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के साथ समूचे प्रदेश में 15 अगस्त से एमएलसी (मेडिको लीगल केस) पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मेडिको लीगल रिपोर्ट को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपलोड किया जाएगा। इससे अब पुलिस कर्मियों को अस्पतालों के और पीड़ित परिजनों को एमएलसी रिपोर्ट के लिए थाने के चक्कर काटने से न सिर्फ आजीदी मिलेगी बल्कि आनलाइन प्रक्रिया से जल्द से जल्द रिपोर्ट प्राप्त होगी। प्रदेश के गृह विभाग ने कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि अब मेडिको लीगल रिपोर्ट, पोस्टमार्टम और मेडिको लीगल केस रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर जमा करनी होगी। इसके लिए अधिकारियों को पहले ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। विभाग ने कहा है कि यह प्रणाली 15 अगस्त तक लागू होनी चाहिए। इसका उद्देश्य पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को सरल बनाना है।

**नई व्यवस्था से आएगी प्रक्रिया में तेजी-** इस नई व्यवस्था से अपराधों की विवेचना और अदालत में चालान पेश करने की प्रक्रिया में भी तेजी आएगी। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग दोनों ही अब एक ही प्लेटफॉर्म पर रिपोर्ट्स जमा कर सकेंगे, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। इसके साथ ही, डॉक्टरों को अब कोर्ट में गवाही देने के लिए मौजूद रहने की आवश्यकता नहीं होगी। वे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी गवाही दे सकते हैं। इससे आम लोगों को भी काफी राहत मिलेगी। इस सिस्टम के लागू होने से आम लोगों को पुलिस थानों के चक्कर लगाने से आजादी मिल जाएगी।

### 10 जिलों में प्रारंभ हो चुकी है सुविधा

इससे पहले ही 10 जिलों के अस्पतालों में यह सुविधा शुरू की जा चुकी है और जल्द ही सभी जिलों में इसे लागू किया जाएगा। यह सिस्टम पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के कामकाज में पारदर्शिता को भी बढ़ावा देगा। इससे न सिर्फ एमएलसी और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी बल्कि वीडियो कांफ्रेंसिंग से गवाही के चलते अब डॉक्टरों को कोर्ट में गवाही देने के लिए उपस्थित नहीं होना पड़ेगा, वे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही देंगे।


**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
| --- | --- |
| मुर्गा छोटा | - रु. 114 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 108 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 100 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 100 |

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
| --- | --- |
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 96 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 104 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 110 |

मोबाइल नं. 9300692405




**नेशनल हॉस्पिटल** (NH)

स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612

C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त

सुपर स्पेशिलिटी विभाग

● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग

28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान